**Plumb**-प्लम्- *n.* ball of lead or stone attached to plumbline. साहुल का भार या सीसा; -*v. t.* to set upright, to sound depth of sea. खड़ा जोड़ना (दीवार), समुद्र की गहराई नापना; Plumbline. साहुल-सूत्र।

**Plumbago**-प्लम्बे - गो - *n.* black lead used in pencils. पेंसिल के भीतर का काला सीसा।

**Plumber**-प्ल-मर्-*n.* one who fits and repairs pipes. (पानी का) नल बैठानेवाला या मरम्मत करनेवाला।

**Plume**-प्लूम् - *n.* feather, bunch of feathers attached to helmet, &c. पर, पर का गुच्छा; -*v. t.* to adorn with feathers, to pride oneself on. पर लगाना, (मामूली बात पर) गर्व करना; Courtplume (ostrich feather.) शुतुरमुर्ग का पर।

**Plumelike**-प्लूम्'-लाइक्-*adj.* like plume. पर की तरह का।

**Plummet**-प्लू - मेट् - *n.* metal weight suspended from plumb-line. साहुल का लंगर या भार।

**Plump** - प्लम्प् - *adj.* fleshy, rounded, full. स्थूल, पुष्ट, मोटा-ताजा, भरा हुआ (शरीर); -*v. t.* & *i.* to fall or cause to fall heavily. धड़ाके से गिरना या गिराना।

**Plumpness**-प्लम्प् - नेस् - *n.* fullness of body, fatness. स्थूलता, मोटापन, पुष्टता।

**Plumpy**-प्लम्पि-*adj.* fat. मोटा, पुष्ट।

**Plumy**-प्लूमि-*adj.* (*comp.* Plumier, *sup.* Plumiest) like plume, adorned or covered with plumes. पर के सदृश, परों से सजा या ढका हुआ।

**Plunder**-प्लन्'-डर्-*v. t.* to rob. लूटना; -*n.* plundering, what is plundered. लूट, लूट का माल।

**Plunderer**-प्लन्-डर्-अर्-*n.* robber. लुटेरा, डाकू।

**Plundering**-प्लन्'-डर्-इङ्ग्-*n.* robbery. लूट, लुटेरी।

**Plunge**-प्लन्ज्-*v. t.* & *i.* to sink, to



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

dive. डुबाना, डुबना, गोता लगाना; *n.* act of plunging. डुबकी, गोता।

**Plural**-प्लूरल्-*n. & adj.* consisting of or expressive of more than one, plural number. बहुसंख्यक, अनेक, बहुवचन।

**Plurality**-प्लू-रलिटि-*n.* large number, multitude. अधिक संख्या, अनेकत्व।

**Plus**-प्लस्-*prep.* more, in addition to. के अतिरिक्त; -*n.* sign of addition. धन-चिह्न (+)।

**Pluvial**-प्लू'-विअल्-*adj.* caused by rain. वर्षा से उत्पन्न।

**Ply**-प्लाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* Plied) to work at trade, to use vigorously, to importune, to row boat, to run between places. कोई काम या धंधा करना, मेहनत से चलाना (यंत्र, हथियार आदि), परितोष में लगा रहना, नौका चलाना, गाड़ी-मोटर का आना-जाना या चलना; -*n.* fold, tendency. तह, झुकाव या प्रवृत्ति।

**Ply-wood**-प्लाइ'-वुड्-*n.* board made by gluing several layers. पर्तदार लकड़ी।

**Pneumatic**-न्यु-मैट्'-इक्-*adj.* relating to air, filled with air, moved by air. वायु-संबंधी, वायुपूर्ण, वायुचालित; Pneumatic tyre (tyre filled with air.) वायु-पूर्ण टायर।

**Pneumonia**-न्यु-मोन्'-इ-आ-*n.* acute inflammation of lungs. फेफड़ों की सूजन, शीत, शीतज्वर।

**Poach**-पोच्-*v. t.* to cook eggs by breaking them in boiling water, to pursue game unlawfully, to trample, to trespass. खौलते जल में अण्डा फोड़कर उबालना, बिना आज्ञा शिकार करना, पैरों से कुचलना, बिना आज्ञा प्रवेश करना।

**Poacher**-पोच्-अर्'-*n.* trespasser. बिना आज्ञा प्रवेश करनेवाला।

**Pocket**-पॉक्'-इट्-*n.* small bag or pouch attached to dress. पाकिट, जेब, खलीता; -*v. t.* to put into pocket, to take wrongly for one's own use. जेब में रखना, बेईमानी से अपने काम में लाना; Empty pocket (penniless person.) निर्धन मनुष्य; To pocket an insult (to submit meekly to insult). चुपचाप अपमान सह लेना।

**Pocket-book**-पॉक्'-ऐट्-बुक्-*n.* small note-book. पुस्तिका।

**Pocketful**-पॉक्'-ऐट्-फुल्-*n.* as much as pocket can hold. जेब भर।

**Pocket-money**-पॉक्'-ऐट्-मनि-*n.* money for occasional needs. जेब-खर्च।

**Pocky**-पॉकि-*adj.* infected with small pox. शीतला रोग से ग्रस्त या विकृत।

**Pod**-पॉड्-*n.* seed-vessel. फली, छीमी।

**Podgy**-पॉजि-*adj.* short and fat. नाटा और मोटा।

**Poem**-पो'-ऐम्-*n.* composition in verse. पद्य, काव्य, कविता।

**Poesy**-पो'-ऐ-सो-*n.* art or composition of poems. काव्य-रचना, काव्य-कला।

**Poet**-पो'-ऐट्-*n.* (*fem.* Poetess) writer of poems. कवि; Ready poet (one who composes poems off-hand.) आशुकवि, जन्म-कवि।

**Poetaster**-पो-ऐटे स्ट-अर्-*n.* maker of poor verses. क्षुद्र कवि।

**Poetess**-पो'-ऐट्-ऐस्-*n. fem.* female poet. कवयित्री।

**Poetic, (-al)**-पो'-ऐट्'-इक्, (-अल) -*adjs.* pertaining to poet or poetry. कवि, कविता या काव्य संबंधी।

**Poetics**-पो'-ऐट्'-इक्स्-*n.* poetical criticism. काव्यालोचना, काव्य-कला।

**Poetry**-पो-ऐ-ट्रि-*n.* art of (composing)



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

poetry, poems. काव्य-कला, कविता, काव्य-गुण, पद्य।

**Poignancy**-पॉइन्-अन्स - इ - *n.* state of being bitter. तीखापन, कड़ुआपन।

**Poignant**-पॉइन्' - अन्ट् - *adj.* painful, bitter. कड़ुआ, तीखा, मर्मवेधी।

**Point**-पॉइन्ट् - *n.* dot, sharp end of (pencil, nib, etc.), projecting part of coast, juncture, moment, essential thing, particular, full-stop. बिन्दु, बिंदी, नोक, नुक्ता, अन्तरीप का शिरा, मुख्य विषय, अवसर, क्षण, काल, पूर्ण विराम-चिह्न; -*v. t.* to sharpen point, to direct attention to, to aim, to fill with cement. नोकदार बनाना, ध्यान आकृष्ट करना, लक्ष्य करना, (ईंटों के जोड़ में) सीमेन्ट भरना; **At all points** (in every part.) सब अंगों में; **Make a point of** (regard as essential.) परमावश्यक समझना; **On the point of** (ready to.) उद्यत; **On the point of death** (on verge of death.) मरणासन्न; **Point at issue** (subject of discussion.) विवाद-विषय; **Point of view** (way of looking at thing.) दृष्टिकोण; **To carry one's point** (to secure one's object.) अपना उद्देश्य सिद्ध करना; **To gain one's point** (to attain desired object.) अभीष्ट सिद्ध करना; **To make a point** (to establish.) (अपना तर्क) स्थापित करना।

**Point-blank**-पॉइन्ट्-ब्लैङ्क् - *adj.* & *adv.* aimed directly, blunt, directly, bluntly. सीधा और सही (निशाना), स्पष्ट या खरा (कथन), सीधे और सही लक्ष्य से, स्पष्ट रूप से।

**Pointed**-पॉ-इन्ट्-एड्-*adj.* of sharp point. नुकीला, नोकदार।

**Pointer**-पाइन्ट्-अर्-*n.* anything that points, rod for pointing. निर्देशक, सूचक।

**Pointless**-पॉइन्ट्-लेस् - *adj.* ineffective. निरर्थक, निरुद्देश्य, बेमतलब।

**Pointsman**-पॉइन्ट्स्'-मैन्-*n.* man working at railway points. पोएन्ट्समैन।

**Poise**-पॉइज़्-*v. t.* & *i.* to balance, to be balanced. संतुलित अवस्था में होना या रखना;-*n.* counterbalance. सन्तुलन।

**Poison**-पॉय - ज़न् - *n.* anything which when taken into body causes illness or death, evil influence. विष, गरल, हानिकारक प्रभाव; - *v. t.* to kill by poison, to corrupt. विष देकर मारना, दूषित करना।

**Poisoned**-पॉय-जन्-ड् - *adj.* mixed with poison. विष-मिश्रित।

**Poisonous**-पॉय-ज़न - अस् - *adj.* having poison. विषैला।

**Poke**-पोक्-*v. t.* to thrust or push (with stick, finger, etc.) भोंकना, खोदना;- *n.* sack, bag, thrust. बोरा, थैला, खोदने या भोंकने की क्रिया; **To poke about** (to be inquisitive.) पूछताछ करना; **To poke one's nose into another's affairs** (to interfere in another's business.) दूसरे के काम में हस्तक्षेप करना या दखल देना।

**Poker**-पोक्'-अर्-*n.* instrument for poking fire. आग खोदने का सींकचा या छड़।

**Poking**-पोक्'-इङ्ग्-*adj.* petty, shabby. तुच्छ, गंदा, मैला।

**Poky**-पोकि-*adj.* See **Poking.**

**Polar**-पो-ल-र्-*adj.* of or near the pole. ध्रुवीय, ध्रुव के समीप का।

**Pole**-पोल्-*n.* long rod, measure of length of 5½ yds.; two extreme points of the globe, two opposite points of magnet or battery. लम्बा डण्डा या खम्भा, बल्ला, 5½ गज की नाप; ध्रुव,



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुम्बक या पृथ्वी के दोनों छोर।

**Pole-axe**-पोल्'-ऑक्स्-*n.* battle-axe. कुठार, गँड़ासा।

**Polecat**-पोल्'-कैट्-*n.* animal like weasel. एक प्रकार का नेवला, गंध-मार्जार।

**Polemic**-पॉ-लेम्'-इक्-*adj. & n.* disputative, disputant. विवादास्पद, शास्त्रार्थ या विवाद करनेवाला।

**Polemics**-पॉ-लेम्-इक्स्-*n.pl.* (one versed in) religious disputes. धार्मिक विवादों का ज्ञान, विवाद-कला।

**Pole-star**-पोल्'-स्टार्-*n.* star Polaris. ध्रुवतारा।

**Police**-पॅ-लीस्-*n.* department or personnel for maintaining public peace, order and security. आरक्षी, पुलिस विभाग; **Police station** (police headquarter.) थाना, चौकी।

**Policeman**-पॅ-लीस्'-मॅन्-*n.* member of police. पुलिस, सिपाही।

**Policy**-पॅ-लिसि-*n.* principle or course of action, statecraft, administrative security, written contract of insurance. नीति, सरकारी नीति, कूट-नीति, चाल, शासन-नीति, जीवन-बीमा का संविदा; **Bad (crooked) policy** (stratagem.) कुनीति; **Prudential policy** (prudential motives.) समझदारी की नीति।

**Polish**-पॉल्'-इश्-*v. t. & i.* to make or become smooth and shining by rubbing, to refine. चमकना, (माँजकर) चमकाना, सभ्य या संस्कृत होना या बनाना;-*n.* glossy smoothness, elegance, politeness, substance used for making glossy. चमक, चिकनापन, सौजन्य, शिष्टता, रोगन, पालिश।

**Polished**-पॉल्'-इशड्-*adj.* refined, made glossy. शिष्ट, सुसंस्कृत, चिकना, चमकदार।

**Polite**-पॅ-लाइट्'-*adj.* well-bred, obliging. शिष्ट, विनीत; **Politely**-*adv.* (in polite manner.) शिष्टतापूर्वक।

**Politeness**-पॅ-लाइट्'-नॅस्-*n.* courtesy, refined manners. शिष्टता, विनय, शीलयुक्त चाल-चलन।

**Politic**-पॉल्'-इट्-इक्-*adj.* prudent, sagacious. नीतिकुशल, समझदार।

**Political**-पॅ-लिट्'-इक्-अल्-*adj.* relating to state, government or politics. राजनीतिक; **Political economy** (theory and science of production and distribution of wealth.) अर्थशास्त्र; **Political geography** (division of earth into nations or states.) राजनीतिक भूगोल; **Political science** (politics.) राजनीति-शास्त्र।

**Politically**-पॅ-लिट्'-इ-कलि-*adv.* in expedient manner. नीतिचतुरता से, राजनीतिक आधार या ढंग से।

**Politician**-पॉलिटिश्य-न्-*n.* one versed in politics. राजनीतिज्ञ।

**Politics**-पॉल्'-इट्-इक्स्-*n. pl.* (used as *sing.*) science of government. राजनीति-शास्त्र।

**Polity**-पॉल्-इटि-*n.* principle or form of government. नीति, शासन-व्यवस्था, राजतंत्र।

**Poll**-पोल्-*n.* head, register of voters, voting. मस्तक, निर्वाचकों की नामावली, मतदान; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Polled**) to clip, to vote. बाल काटना, मतदान करना; **Poll-tax** (tax levied on every person.) आम या सर्वसाधारण कर।

**Pollard**-पॉल्ड्-*n.* hornless ox, sheep, etc. बिना सींग का बैल, भुंडा।

**Pollen**-पॉ'-लॅन्-*n.* fertilizing dust of flowers. पुष्प-पराग।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Pollute**-पॅ-ल्यूट्'-*v. t.* to make unclean, to defile. दूषित या गंदा करना, भ्रष्ट करना।

**Polluter**-पॅ-ल्यूट्-*n.* corrupter. दूषित या भ्रष्ट करनेवाला, दूषक।

**Pollution**-पॅ - ल्यू - शन् -*n.* defilement. दूषण, कलंक, भ्रष्टता।

**Polo**-पो'-लॅ-*n.* game played on horse-back. गेंद का खेल जो घोड़े पर चढ़कर खेला जाता है, पोलो खेल।

**Poltroon**-पॉल् - ट्रून्'-*n.* base cowardly person. डरपोक नीच मनुष्य।

**Poly**-पॉ-लि-*pref.* in sense of "many." 'बहु' के अर्थ का उपसर्ग।

**Polygamic**-पॉल्-इगमीम्'-इक्-*adj.* pertaining to polygamy. बहु-विवाह सम्बन्धी।

**Polygamous**-पॉल् - इग्' - अीम् - अस्-*adj.* polygamic. बहु-विवाही।

**Polygamy**-पॉ-लिग् - अी - मि-*n.* marriage with more than one living wife or husband. बहुविवाह।

**Polyglot**-पॉल्' - इ - ग्लॉट् - *n.* one who knows several languages. बहु-भाषाविद्।

**Polygon**-पॉल्'-इ - गॅ - न्-*n.* plane rectilineal figure of more than four sides and angles. बहुभुज-क्षेत्र।

**Polygonal**-पॉल्'-इ - गॅन्-ल्-*adj.* pertaining to polygon. बहुभुजी।

**Polygram**-पॉल्'-इ-ग्राम्-*n.* figure made of several lines. बहुरेखीय आकृति।

**Polypus**-पॉल् - इ - पस्-*n.* tumour in nose. नाकड़ा।

**Polystome**-पॉल्'-इ-स्टोम्-*n.* animal with many mouths. अनेक मुखवाला जन्तु, बहु-मुँहा जंतु।

**Polytechnic**-पॉल्-इ-टॅक्' - निक-*adj.* relating to many trades. बहु-उद्योगी।

**Polytheism**-पॉल्-इ-थी'-इज्म्-*n.* belief in more than one god. बहुदेव-पूजा, उनमें विश्वास।

**Polytheist**-पॉल्-इ-थी' - इस्ट्-*n.* one who believes in several gods. बहुदेव-पूजक।

**Polytheistic**-पॉल् - इ - थी - इस्ट् - इक्-*adj.* pertaining to polytheism. बहुदेव-पूजा सम्बन्धी।

**Pomade**-पॉम्-ऐड्, **Pomatum** ( पॉम्-ऐ'-टम् )-*ns.* perfumed ointment. सुगन्धित लेप या रोगन।

**Pomegranate**-पाम्' - ग्रीनेट्-*n.* orange-like fruit containing many seeds, its tree. अनार का फल या वृक्ष।

**Pommel**-पॅ'- मॅल्-*n.* knob of sword-hilt, projecting part of saddle. तलवार की मूठ की घुण्डी, काठी या जिन का उभड़ा भाग।

**Pomp**-पॉम्प्-*n.* stately or grand display. आडम्बर, विभव, ठाट-बाट।

**Pompon**-पॅम्'-पॅन्'-*n.* tuft of ribbon on hat, shoe, &c. टोपी या जूते पर फीते का शोभाप्रद झब्बा या फुँदना।

**Pomposity**-पॉम्-पॉस्'-इ-टि-*n.* grand display of living. आडम्बर, ठाट-बाट।

**Pompous** - पॉम्प्' - अस् - *adj.* showing pomp. आडम्बरी, विभवयुक्त।

**Pond**-पॉन्ड्-*n.* small pool of water. छोटा तालाब, पोखरी।

**Pondage**-पॉन्ड्'-ऐज्-*n.* capacity of pond. तालाब का जल-परिमाण।

**Ponder**-पॉन्' - डर - *v. t.* to weigh in mind, to meditate. चिंतन करना, विचार करना।

**Ponderable**-पॉन्'-डर्-ऐ-बल्-*adj.* able to be meditated, weighty. विचारने योग्य, वजनी।

**Ponderous**-पॉन्' - डर्-अस् - *adj.* very heavy, weighty, massive, laboured. बहुत भारी, बहुत बड़ा, अरोचक (शैली)।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Pone**-पॉन्-*n.* bread of maize. मक्के की रोटी।

**Pongee**-पॅन्-जी - *n.* soft Chinese silk. चीनी रेशम।

**Poniard**-पॅन्यर्ड्-*n.* small dagger. खंजर, कटार।

**Pontage**-पॅन्ट्'-एज्-*n.* toll on bridge. पुल पर आने-जाने का कर, पुल या सेतु-कर।

**Pontiff**-पॅन्'-टिफ्-*n.* Pope, high priest. रोम का प्रधान पादरी, बड़ा पादरी।

**Pontoon**-पॅन्-टून्'-*n.* bridge of boats. नाव या पीपे का पुल।

**Pony**-पो'-नि -*n.* (*pl.* Ponies) small breed of horse. टट्टू।

**Pooh-pu** (पुह्)-*interj.* expressing impatience or contempt. तिरस्कार या अधैर्य सूचक अव्यय; **Pooh-pooh**-*v. t.* to express contempt. घृणा या तिरस्कार दिखलाना।

**Pool**-पूल्-*n.* small body of standing water, puddle. जलाशय, कुण्ड, पोखरी।

**Poop**-पूप्-*n.* stern of ship. जहाज का पिछला भाग।

**Poor** - पूअर् - *adj.* needy, humble, of inferior quality, unfortunate, unproductive. गरीब, दीन, तुच्छ, दरिद्र, रद्दी, अभागा, बिचारा, अनुपजाऊ।

**Poor-house**-पूअर्'-हाउज्-*n.* public workhouse for poor. दरिद्रालय, गरीबखाना।

**Poorly**-पूअर्-लि-*adj.* in weak health. दुर्बल, अस्वस्थ; -*adv.* needily, insufficiently, badly. दीनता से, कम परिमाण में, बुरी तरह।

**Poorness** - पूअर्'-नॅस-*n.* lack of good quality etc. अच्छे गुणों या धन का अभाव, गरीबी।

**Poor-spirited**-पूअर्'-स्पिर्-इट्' - ऍड - *adj.* cowardly. डरपोक।

**Pop**-पॉप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Popped) to make or cause to make mild explosive sound, to fire gun. बोतल खोलने का-सा शब्द करना या होना, बन्दूक छोड़ना; - *n.* mild explosive sound. बोतल के काग खोलने का-सा शब्द; -*adv.* with pop. ऐसा शब्द करते हुए; **Pop-gun** (child's toy-gun.) बच्चों की बन्दूक; **To pop the question** (to make proposal for marriage.) विवाह का प्रस्ताव करना।

**Pope**-पोप्-*n.* head of Roman Catholic Church. रोम का प्रधान धर्माधिकारी; **Pope's head** (long-handled broom.) लम्बे डण्टे की झाड़।

**Popery**-पोपरि-*n.* Roman Catholicism. पोप-प्रधान धर्म।

**Popinjay**-पॅपिन्जे-*n.* parrot, coxcomb. तोता, छैला, मजनू।

**Poplar**-पॉप्लर्-*n.* tall tapering tree. सनोबर के प्रकार का एक वृक्ष, चिनार।

**Poplin**-पॉप्-लिन्-*n.* woven silk-cotton fabric. एक प्रकार का रेशमी-सूती वस्त्र।

**Poppet**-पॉप्'-पेट्-*n.* small person. छोटा नाटा, मनुष्य।

**Popple**-पॉप्'-एल्-*v. t.* to toss to and fro, (of water) to flow bobbingly. इधर-उधर हिलाना, पानी का बहना।

**Poppy**-पॉपि - *n.* plant which yields opium. पोस्ता या अफीम का पौधा।

**Populace**-पॉप्' - यु - लेस् -*n.* mass of people. साधारण लोग, जनसमूह।

**Popular**-पॉप्-यु - लर् - *adj.* of people, public, liked by common people. लोगों या सर्वसाधारण का, सर्वप्रिय, लोकप्रिय, सर्वमान्य; **Popular language** (language of people.) लोगों की साधारण भाषा; **Popular scandal** (general bad rumour.) लोकापवाद।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


**Popularity**-पाप्'-यु-लॉर्-इटि-*n.* being popular. लोकप्रियता।

**Popularize**-पॉप्-यु-लराइज़्'-*v. t.* to make popular. लोकप्रिय बनाना, प्रचलित करना।

**Popularly**-पॉप्-यु-ललि - *adv.* in popular manner. लोकप्रियता से।

**Populate**-पॉप्'-यु-लेट्' - *v. t.* to supply with people, to settle or live. जनपूर्ण करना, बसाना।

**Populated**-पॉप्-यु-ले-टेड्-*adj.* inhabited by people. बसा हुआ, जनपूर्ण, आबाद।

**Population**-पॉप्-यु-ले' - शन्-*n.* people of village, town, etc., as whole of country. जनसंख्या, आबादी।

**Populous**-पॉप्'-यु-लस्-*adj.* abounding in people. जनपूर्ण, बसा हुआ, आबाद।

**Porcelain**-पोर्-स्-लेन् - *n.* glazed fine earthenware. चीनी मिट्टी के पात्र।

**Porch**-पोर्च्-*n.* covered entrance to house. ड्योढ़ी, ओसारा।

**Porcine**-पोर्-साइन्-*adj.* like pigs. सुअर के सदृश।

**Porcupine**-पोर्'-क्यु-पाइन् - *n.* cat-like quadruped whose body and tail are covered with long spines. साही।

**Pore**-पोर्-*n.* small hole in soil strata etc., minute opening in skin. छोटा छिद्र, रोमकूप।

**Pork**-पॉर्क् - *n.* flesh of swine. सुअर का मांस।

**Porker**-पार्क्'-अर्-*n.* young pig. सुअर का बच्चा।

**Porosity**-पॅरॅसिटि - *n.* state of being porous. छिद्रिलता।

**Porous**-पोर्'-अस - *adj.* full of pores. छिद्रपूर्ण, छिद्रिल।

**Porousness**-पोर्'-अस् - नेस् - *n.* porous state. छिद्रिलता।

**Porphyry**-पॉर्फ़िरि-*n.* very hard white rock containing crystals. एक प्रकार का बहुत बड़ा सफेद पत्थर, पोरफाइरी।

**Porpoise**-पोर्'-पस-*n.* pig-shaped snouted large sea animal. सूंस, शिशुक।

**Porridge**-पॅर' - रिज् - *n.* soft food of oatmeal. लपसी, हलुआ; **Keep your breath to cool your porridge** (Keep your advice to your own use.) अपनी सलाह अपने पास रखो।

**Porrigo**-पॅराइ'-गो-*n.*scaly eruption on scalp. चाँई ( रोग )।

**Porre(i)nger**-पॉ -रिन्'-जर्-*n.* small dish for soup. छोटी थाली, तश्तरी।

**Port**-पोर्ट्-*n.* bearing, demeanour. चाल, ढंग;-*v. t. & i.* to turn left. बाईं ओर घूमना या घुमाना।

**Port**-पोर्ट्-*n.* harbour. बन्दरगाह;-*v. t.* to turn ship towards harbour. जहाज को बन्दरगाह की ओर मोड़ना।

**Port**-पोर्ट्-*n.* opening in ship's side. जहाज के पार्श्व-भाग में बना छेद ( चढ़ने का रास्ता )।

**Port**-पोर्ट्-*n.* kind of Portuguese wine. एक प्रकार की पुर्त्तगाली मदिरा।

**Portability**-पोर्ट्-ए-बि-लि'-टि - *n.* quality of being portable. सुवहता।

**Portable**-पोर्टे'-ब्ल्-*adj.* convenient to be carried, movable ढोने में आसान या सहज, सुवह, सुवाह्य।

**Portage**-पोर्-टेज् -*n.* carrying, cost of carriage. ढुलाई, ढोने का भाड़ा।

**Portal**-पोर्ट्ल्-*n.* big gate. सिंहद्वार, फाटक।

**Portative**-पोर्टे-टिव्-*adj.* easily carried. सुवह, सुवाह्य।

**Portcrayon**-पोर्ट्-क्रेअन्-*n.* small metal tube to hold crayon. रँगने की खड़िया पकड़ने की छुच्छी।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Portcullis**-पॅर्टकॅलिस् - *n.* sliding door fitted over gateway of fortress. (ऊपर से सरककर बंद होनेवाला) सिंहद्वार, गढ़ का कपाट।

**Portend**-पॅर्-टॅन्ड्'-*v. t.* to betoken, to foreshadow. (अप) शकुन प्रकट करना, पहिले आभास देना।

**Portent**-पोर्-टॅन्ट्-*n.* presage, evil omen. शकुन, अपशकुन।

**Portentous**-पोर्-टॅन्'-शस्-*adj.* ominous. अशुभ, अपशकुनसूचक।

**Porter**-पोर्टर्-*n.* (*fem.* **Portress**) door-keeper. द्वारपाल, दरबान।

**Portfire**-पोर्ट-फ़ायर्-*n.* device for igniting explosives. (विस्फोटकों में आग लगाने का) पलीता।

**Portfolio**-पोर्ट्-फो'-लि-ओ-*n.* (*pl.*-s) leather case for keeping loose papers, drawings &c., office of minister of state. (खुले कागज-पत्र, नक्शे आदि रखने का) चमड़े का बैग या थैला, मन्त्रिपद, मंत्रि-विभाग।

**Porthole**-पोर्ट् - होल् - *n.* passage for steam. (इञ्जनों में) भाप निकलने का मार्ग।

**Portico**-पोर्टि-कॅ-*n.*(*pl.*-es) roof supported on pillars. मण्डप, बरसाती।

**Portion**-पोर्शन्-*n.* part, share, dowry, lot, destiny. अंश, भाग, हिस्सा, दहेज, भाग्य;-*v. t.* to divide into shares, to give dowry to. अंशों या हिस्सों में बाँटना, दहेज देना।

**Portliness**-पोर्ट्लि नॅस्-*n.* being portly. चाल या ढंग का आकर्षण।

**Portly**-पोर्ट्-लि-*adj.* dignified looking. सुन्दर स्वरूप या चाल या ढंग वाला।

**Portmanteau**-पोर्ट्-मॅन्ट्-ऊ-*n.*(*pls.* -s,-x) traveller's leather bag. (यात्रियों का) चमड़े का थैला।

**Portrait**-पोर्'-ट्रेट्-*n.* picture of person, photograph. चित्र, फोटो।

**Portraiture**-पोर्-ट्रॅचर्-*n.* art of painting portraits. रूप-चित्र (ण)-कला।

**Portray**-पोर-ट्रे'-*v. t.* to draw portrait of, to describe vividly. रूप-चित्र बनाना, वर्णन करना।

**Portrayal**-पोर्'-ट्रे - अल् -*n.* process of portraying. रूप-चित्रकारी, वर्णन।

**Portress**-पोर्'-ट्रॅस् - *n.* female porter. द्वारपालिका।

**Pose**-पोज़्-*v. t. & i.* to take upon attitude, to place in attitude, to behave in affected way, to put forward, to puzzle. किसी विशिष्ट शारीरिक मुद्रा में रहना या रखना, ढोंग बनाना, उपस्थित या पेश करना (दावा आदि), घबड़ाहट में डालना; -*n.* bodily attitude. शारीरिक मुद्रा।

**Poser**-पोज़्'-अर्-*n.* puzzling question. घबड़ानेवाला या विकट प्रश्न।

**Posing**-पोज़्'-इङ्ग्-*adj.* puzzling. घबड़ाहट में डालनेवाला।

**Position**-पॅ-ज़ि-श' - न्-*n.* proper place, situation, social rank, attitude, posture. उचित स्थल, स्थिति, सामाजिक पद या मर्यादा, शारीरिक मुद्रा, अंगस्थिति; **Out of position** (not in proper place) जो ठीक स्थान पर न हो।

**Positional**-पॅ-ज़ि'-शनल् - *adj.* befitting position. स्थान, स्थिति, पद आदि के उपयुक्त।

**Positive**-पॉज़्'-इट् - इव्-*adj.* actual, certain, sure, absolute, opposite to negative. वास्तविक, निश्चित, ध्रुव, पक्का, धनात्मक, सकारात्मक; **Positive laws** (enacted laws.) राज्य द्वारा बनाये गये विधान या कानून।

**Positively**-पॉज़्'-इट्-इव् - लि-*adv.* definitely. निश्चित रूप से, निस्संदेह।

**Positiveness**-पॉज़्-इट्-इव् - नॅस् - *n.* state of being positive. निश्चितता, वास्तविकता,



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निःसंदिग्धता।

**Positivity**-पॉज़्'-इ-टिव्-इ-टि - *n.* state of being positive. निश्चितता, वास्तविकता, निःसंदिग्धता।

**Posse**-पॉस्-सि-*n.* company of constables. सिपाहियों का जत्था।

**Possess**-पॅ-ज़ेस्-*v. t.* to have or own (some property), to maintain, to occupy, to be influenced (by evil spirit.) अधिकार या कब्जे में रखना, रखना, दखल करना, (भूत-प्रेत का किसी पर) चढ़ना।

**Possessed**-पॅज़्-ऍस्ड्' - *adj.* in possession, dominated by evil spirit. दखल या कब्जे में, किया हुआ, भूत या प्रेतग्रस्त।

**Possession**-पॅ - ज़ॅश्-अन् -*n.* state of possessing, something possessed. अधिकार, कब्जा, दखल, अधिकृत-संपत्ति।

**Possessive**-पॅज़्-एस्'-इव्-*adj.* relating to possession, ( Gram. ) a case. अधिकार या कब्जा सम्बन्धी, संबंध कारक (व्या०)।

**Possessor**-पॅज़्-ज़ेस्-अर् -*n.* one in possession. अधिकारी, कब्जादार।

**Possibility**-पॉस् - इ - बिलिटि-*n.* state of being possible सम्भावना।

**Possible**-पॉस्'-सि-बूल्'-*adj.* that may be done, likely to happen. होने योग्य, सम्भव।

**Possibly**-पॉस्-इ-ब्लि-*adv.* perhaps. कदाचित्, संभवतः।

**Post**-पोस्ट्-*pref.* in sense of "after" "बाद या उत्तर" का अर्थ-सूचक उपसर्ग।

**Post**-पोस्ट - *n.* long and stout pole of wood, metal, &c. used as support. खम्भा, थूनी;-*v. t.* to stick up on post, to stick posters. खम्भे पर लगाना या उड़ाना, विज्ञापन चिपकाना।

**Post**-पोस्ट्-*n.* fixed station or duty, appointment, batch of letters, etc., department of government for conveyance of letters, parcels &c. अवस्थान, पद, नौकरी, डाक, डाकविभाग; -*v. t.* to station (somewhere), to drop (letter) in post-box, to travel with speed. नियुक्त या तैनात करना, चिट्ठी छोड़ना, वेग से यात्रा करना; **Postpaid** (-पेड्') -*adj.* ( with postage already paid.) डाक महसूल दिया हुआ।

**Postage**-पोस्ट्'-ऍज्-*n.* charge for conveyance by post, postal stamps. डाक महसूल; **Postage stamp** ( postal stamps. ) डाक के टिकट।

**Postal**-पोस्ट्'-अल् - *adj.* connected with post. डाक-सम्बन्धी।

**Postcard**-पोस्ट्'-कार्ड् -*n.* stamped card to be sent by post. पोस्टकार्ड।

**Post-chaise**-पोस्ट्' - शेज़् - *n.* travelling horse carriage (of medieval times). यात्रा की घोड़ा-गाड़ी ( मध्ययुग )।

**Post-date**-पोस्ट्'-डेट्-*v. t.* to put date later than the time of signing. लिखने के बाद की तिथि या तारीख डालना।

**Poster**-पोस्ट्'-अर्-*n.* placard, one who posts bills. विज्ञापन, पोस्टर, विज्ञापन चिपकानेवाला।

**Posterior**-पॅस्टी'-रि-अर्-*adj.* later in time or order, hinder. पश्च, उत्तरकालीन, बाद का, पिछला।

**Posteriority**-पॅस्टीरिअरिटि - *n.* state of being posterior. उत्तरकालीनता, पश्चता।

**Posterity**-पॅस्टॅ-र्'-इटि - *n.* one's descendants. सन्तति, वंशज।

**Postern**-पोस्ट्-अर्न्-*n.* small backdoor of building. (मकान का) पीछे का छोटा दरवाजा।

**Post-free**-पोस्ट्'-फ्री-*adj.* without charge of postage. डाक महसूल से मुक्त।

**Post-haste** -पोस्ट्' - हेस्ट् - *adv.* with speed in travelling. (यात्रा में) वेग या



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गति से।

**Posthumous**-पॅस्ट्-युं-मस्-*adj.* born after father's death, published after author's death. पिता के मरण के उपरान्त उत्पन्न, लेखक के मरण के उपरान्त प्रकाशित, मरणोत्तर।

**Postil**-पॉस्'-टिल्-*n.* marginal note. पार्श्व-टिप्पणी।

**Postillion**-पॅस्टिल्ल्'-यन्-*n.* rider of coach-horse. यात्री घोड़ागाड़ी का कोचवान।

**Postman**-पोस्ट्'-मॅन्-*n.* one who delivers letters. डाकिया, पोस्टमैन।

**Postmark**-पोस्ट्'-मार्क्-*n.* official mark stamped on letters. डाकघर की मोहर।

**Post-master**-पोस्ट्-मास्ट्-अर्-*n.* official in charge of post-office. डाकपाल, पोस्ट-मास्टर।

**Post-meridiem**-पोस्ट्-मेरॅ्-इड्'-इ-अम्-*adj.* (*abbr.* P. M.) after noon. मध्याह्न के बाद का।

**Post-mortem**-पोस्ट्-मॉर्'-टम्-*adj.* after death. मृत्यु के बाद का, मरणोत्तर (शव-परीक्षण)।

**Post-office**-पोस्ट्-ऑफ्'-फ़िस्-*n.* building in which postal business is carried on. डाकघर, डाकखाना।

**Postpone**-पोस्ट्'-पोन्'-*v. t. & i.* to put off, to delay. विलम्ब करना, टालना, स्थगित करना।

**Postponement**-पोस्-पोन्'-मेन्ट्'-*n.* act of postponing. स्थगन, विलम्बन।

**Postprandial**-पोस्ट्-प्रीन्'-डि-अल्-*adj.* after dinner. भोजन के बाद का, भोजनोपरांत।

**Postscript**-पोस्ट्'-स्क्रिप्ट्-*n.* (*abbr.* P. S.) part added to letter or other writing after signature. अनुलेख, पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद लिखा हुआ अंश।

**Postulate**-पॉस्'-ट्युं-लेट्-*n.* something taken for granted, self-evident fact. स्वीकृत तथ्य (मत आदि), गृहीत, स्वयंसिद्ध;-*v. t. & i.* to assume as self-evident. स्वयंसिद्ध मान लेना।

**Postulation**-पॉस्-ट्युं-लें-शन्-*n.* axiomatic assumption. स्वयंसिद्ध कल्पना, अभिधारणा।

**Posture**-पॉस्चर्-*n.* mental attitude, pose, disposition of parts of body. मनःस्थिति, मुद्रा, आसन, अंग-विन्यास।

**Pot**-पॉट्-*n.* vessel used for keeping things in, earthen vessel for holding plants. बरतन, पात्र, भाण्ड, गमला;-*v. t.* to put in pot. बरतन या पात्र में रखना, गमले में पेड़ लगाना।

**Potboiler**-पॉट्-बॉय्-लर्-*n.* one who writes for living. जीविका के लिए ग्रन्थ लिखनेवाला।

**Potable**-पोटॅ्-बल्-*adj.* drinkable. पीने योग्य।

**Potash**-पॅटॉ-श्-*n.* common alkali. सज्जी, खार, पोटाश।

**Potassium**-पॅ-टास्-इ-अम्-*n.* alkali metal basic element of potash. पोटाश का आधारभूत तत्त्व, पोटाशियम।

**Potato**-पॅ-टेट्'-टॅ-*n.* (*pl.* Potatoes) plant whose tubers are used for food. आलू; The clean potato (the proper thing.) योग्य वस्तु, सही चीज़।

**Potency**-पो-टॅन्-सि-*n.* power, authority. शक्ति, सामर्थ्य।

**Potent**-पो-टॅन्ट्-*adj.* powerful. शक्तिशाली, बलवान्।

**Potentate**-पो-टॅन्-टेट्-*n.* chief ruler, sovereign. शासक, राजा।

**Potential**-पो-टॅन्'-शल्-*adj.* powerful, efficacious. शक्तिशाली, बलवान्, सक्रिय, क्रियाशील।

**Potentiality**-पो-टॅन्'-शलिटि-*n.* being potential, possibility. शक्ति, सामर्थ्य, भावी सम्भावना।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Potful**-पॉट्'-फुल्-*n.* as much as pot can hold. पात्र भर।

**Pother**-पॉद्'-अर्-*n.* bustle, confusion. उपद्रव, कोलाहल, शोर।

**Pot-house**-पॉट्'-हाउस्-*n.* alehouse. कलवरिया, मद्यगृह।

**Potion**-पो-शन्-*n.* draught of medicine. औषधि या दवा का घूँट।

**Potsherd**-पॉट्-शर्ड्-*n.* broken piece of earthen pot. मिट्टी के बरतन के फूटन।

**Pottage**-पॉट्'-एज्-*n.* thick soup. लपसी, गाढ़ा रसा।

**Potter**-पॉट्'-टर्-*n.*one who makes earthen vessels. कुम्हार; Potter's wheel (wheel on which earthen pots are made.) कुम्हार का चाक।

**Potter**-पॉट्'-टर्-*v. i.* to walk aimlessly, to be occupied in trifles. निरर्थक घूमना, ओछे या तुच्छ कामों में समय गँवाना।

**Pottery**-पॉट्'-टरि-*n.* earthenware, potter's trade. मिट्टी के पात्र, कुम्हार का धंधा।

**Pottinger**-पॉट्'-इन्-अर्-*n.* maker of pottage. रसा बनानेवाला।

**Pottle**-पॉट्'-टल्-*n.* half gallon pot, small basket. आधा गैलन का पात्र, छोटी डलिया।

**Pouch**-पाउच्-*n.* small bag, pocket, bag for cartridges. छोटी थैली, धानी, जेब, कारतूस का थैला;-*v. t.* to put into pouch. जेब या थैले या धानी में रखना।

**Pouched**-पाउच्'-ड्-*adj.* having pouch. थैलीदार, धानीयुक्त।

**Pouchy**-पाउचि-*adj.* having pouch. थैलीदार, धानी युक्त।

**Poult**-पोल्ट्'-*n.* young fowl. मुर्गी का बच्चा।

**Poultice**-पोल्ट्-इस्-*n.* warm, soft and moist preparation of meal applied to inflamed part. पुलटिस, प्रलेप:-*v. t.* to apply poultice to. पुलटिस लगाना या बाँधना।

**Poultry**-पोल्ट्'-ट्रि-*n.* domestic fowls, ducks etc. पालतू मुर्गी, बत्तक इत्यादि।

**Pounce**-पाउन्स्-*v. t.* to dart upon suddenly. झपटना, टूट पड़ना।

**Pound**-पाउन्ड्-*n.* measure of weight 16 oz. (12 oz.Troy) (*abbr.* lb-*libra.*), coin worth 20 shillings (written £). एक पौंड (=आधा सेर) तौल, पौंड नामक अंग्रेजी स्वर्ण-मुद्रा या अशरफी; Penny wise and pound foolish (negligent in regard to large sums but careful in saving small ones.) छोटे व्यय में मितव्ययिता और बड़ी रकम उड़ाना, मोहरें लुटी जायं कोयले पर छाप पड़े।

**Pound**-पाउन्ड्-*v. t.* to crush ,to break to pieces. कूटना, पीसना, टुकड़े करना।

**Pound**-पाउन्ड्-*n.* enclosure for stray cattle. भटके हुए पशुओं का बाड़ा, मवेशीखाना; -*v. t.* to confine in pound. मवेशीखाने में बन्द करना।

**Poundage**-पाउन्ड्'-एज्-*n.* tax or commission per pound. प्रति पौंड कर या दस्तूरी।

**Pour**-पोर्-*v. t. & i.* to rain in torrents, to cause to flow, to utter profusely, to discharge in showers, to issue in great numbers. मूसलाधार पानी बरसना, (पानी) उँड़ेलना, अधिक संख्या में निकलना या निकालना, शब्दों की बौछार करना; It never rains but it pours (Misfortunes always come together.) आपत्तियाँ एक साथ आती हैं; To pour cold water on (to discourage.) निरुत्साहित करना; To pour forth arrows (to shoot continuous showers of arrows.) तीरों की वर्षा करना; To pour oil upon troubled waters (to calm disturbance.) उपद्रव शान्त करना।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Pout**-पाउट् - *v. t. & i.* to push out lips. ओंठ (आगे की ओर) निकालना।

**Poverty**-पॉवर्टि-*n.* state of being poor, scantiness, want, necessity. दरिद्रता, कमी, अभाव, लाचारी; **Reduced to poverty** (turned poor.) दरिद्रताग्रस्त।

**Powder**-पाउ' - डर् - *n.* dust-like substance, gunpowder. बुकनी, चूरा, चूर्ण, बारूद;-*v. t.* to reduce to dust, to sprinkle powder. बुकनी करना, बुकनी छिड़कना; **To reduce to powder** (to crush into dust.) बुकनी या चूर्ण करना।

**Powder-magazine**-पाउ - डर् - मॅग् - ऑ-फ़ीन्-*n.* place where gunpowder is stored. बारूदखाना।

**Powdery**-पाउ' - डरि - *adj.* resembling powder. बुकनी के सदृश, बुकनीदार।

**Power**-पॉवर् - *n.* strength, energy, force, legal ability, authority, influence, government. शक्ति, ताकत, ऊर्जा, बल, अधिकार, प्रभाव, प्रभुत्व, सरकार, शासन; **According to one's power** (as far as one can do.) यथाशक्ति, यथाधिकार; **In one's power** (under one's control.) अपने अधीन; **To exercise power over** (to have sway.) शासन या हुकूमत करना।

**Powerful**-पॉवर् - फ़ुल्-*adj.* strong. प्रबल, शक्तिमान्।

**Power-house**-पॉवर् - हाउस् - *n.* central station where driving power of machines or electricity is generated. विद्युत्-गृह, बिजली-घर।

**Powerless**-पॉवर् - लेॅस् - *adj.* without power, weak. शक्तिहीन, निर्बल, अधिकारहीन।

**Practicability**-प्रॅक्' - टि - के - बिलिटि' - *n.* being practicable, probability. करणीयता, साध्यता, (किये जाने की) सम्भावना।

**Practicable**-प्रॅक्-टि-के-बूल्-*adj.* able to be performed, possible. करने योग्य, सम्भव।

**Practical**-प्रॅक्' - टिकल् - *adj.* relating to practice, workable. व्यावहारिक, अभ्यास सम्बन्धी, प्रायोगिक; **Practical knowledge** (worldly knowledge.) लौकिक या व्यावहारिक ज्ञान; **Practical scheme** (scheme able to be used in practice.) व्यावहारिक योजना।

**Practice**-प्रॅक्टिस् - *n.* habitual action, performance, doctor's or lawyer's professional work, custom. अभ्यास, आदत, कार्यान्वयन, डाक्टरी या वकालत, रिवाज, प्रथा।

**Practise**-प्रॅक्'-टिस् - *v. t. & i.* to put in practice, to do habitually or repeatedly, to follow (legal or medical) profession. अभ्यास करना, आदत डालना, अमल में लाना, डाक्टरी या वकालत करना।

**Practised**-प्रॅक्-टिस्ड-*adj.* skilled. अभ्यस्त, कुशल, दक्ष।

**Practitioner**-प्रॅक् - टिशनर् - *n.* professional doctor. पेशेवर डाक्टर।

**Pragmatic, ( -al )**-प्रॅग्-मॅट्'-इक्, (-अल्) -*adjs.* relating to affairs of state or history, interfering, too forward. राज-कार्य या इतिहास की दृष्टि से उपयोगितापूर्ण, इससे संबद्ध, व्यावहारिक, हस्तक्षेपी।

**Pragmatism**-प्रॅग्-मॅट्' - इज़्म् - *n.* being pragmatic. सामूहिक उपयोगिता, व्यावहारिकता, हस्तक्षेप।

**Prairie**-प्रेॅअरि -*n.* extensive treeless tract of grassland of N. America. (उत्तरी अमेरिका के) वृक्षहीन घास के विस्तृत मैदान।

**Praise**-प्रेॅज़् - *n.* approbation, commendation. प्रशंसा, स्तुति, तारीफ़; -*v. t.*



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

to applaud, to glorify (God.) प्रशंसा या तारीफ करना (ईश्वर का) यशगान या स्तुति करना।

**Praiseworthy-प्रेज़्'-वर्दि-*adj.*** deserving praise. प्रशंसनीय, सराहने योग्य।

**Pram-प्रैम्-*n.*** child's handcart. बच्चों को बैठाकर घुमाने की गाड़ी।

**Prance-प्रान्स - *v. t. & i.*** to bound on legs, to ride bounding horse. पैरों पर उछलना, (पिछले पैर) उछालनेवाले घोड़े पर चढ़ना; *-n.* bounding movement. उछल-कूद।

**Prank-प्रैङ्क-*v. t. & i.*** to adorn, to look showy, to behave naughtily. सजाना, तड़क-भड़क दिखाना, दुष्टता या शैतानी करना; *-n.* pranking, sportive trick. सजावट, तड़क-भड़क, दुष्टता; Mischievous prank (wickedness.) दुष्टता।

**Prankful-प्रैङ्क्'-फुल् - *adj.*** sportive. चपलतापूर्ण।

**Prate-प्रेट्-*v. i.*** to chatter, to talk idly. बड़बड़ाना, बकवाद करना।

**Prattle-प्रैट्'-टल्-*v. i.*** to talk childishly. बच्चों की तरह बड़बड़ाना; *-n.* idle talk. बकवाद।

**Prattler-प्रैट्'- टलर्-*n.*** one who prattles. बकवादी।

**Pravity-प्रैविटि-*n.*** corruption. नैतिक भ्रष्टता।

**Pray-प्रे-*v. t. & i.*** to sing hymns of God, to ask earnestly for, to entreat, to beg, if you please. (ईश्वर की) प्रार्थना करना, स्तुति करना, विनती करना, कृपाकर।

**Prayer - प्रे - अर् - *n.*** act of praying, devotional song of praying. प्रार्थना, स्तुति, भजन, विनती, अर्जी।

**Prayer-book-प्रे-अर्'-बुक्-*n.*** book containing prayers. भजन की पुस्तक।

**Prayerful-प्रे - अर् - फुल् - *adj.*** praying, devotional. प्रार्थना या विनयपूर्ण, आराधनापूर्ण।

**Prayerless-प्रेअर्'-लेस् - *adj.*** neglecting prayer. प्रार्थना या विनय-शून्य।

**Pre-प्रि - *pref.*** in sense of "before". "पूर्व" के अर्थ का उपसर्ग।

**Preach-प्रीच्-*v.i. & t.*** to deliver sermon publicly. धर्म का उपदेश करना; To preach down (to beat down by preaching.) उपदेश देकर नीचा दिखलाना।

**Preacher-प्रीच्' - अर् - *n.*** one who discourses on religious subjects. धर्मोपदेशक।

**Preaching-प्रीच्'-इङ्ग्-*n.*** act of delivering sermons. उपदेश, शिक्षा, धर्म-प्रचार।

**Preamble-प्री-अैम्'-बुल् - *n.*** preliminary statement, preface. आमुख, भूमिका, प्रस्तावना; *-v. t.* to write preface. प्रस्तावना या भूमिका लिखना।

**Preambulate-प्री-अैम्'ब्यु - लेट् - *v. i.*** to preamble. भूमिका या आमुख लिखना।

**Pre-arrange-प्री-अ-र्-रेन्ज्'-*v. t. & i.*** to arrange beforehand. पहिले से प्रबन्ध कर लेना।

**Prebend-प्रेब्'-एन्ड्'-*n.*** part of revenue of cathedral granted to clergyman. धर्मादाय से मिलनेवाली पादरी की वृत्ति।

**Prebendary-प्रे - बेन्डरि -*n.*** stipendiary clergyman. वृत्ति-भोगी पादरी।

**Precarious-प्रि-के'-रि-अस्-*adj.*** uncertain, insecure, perilous. अनिश्चित, अरक्षित, संकटपूर्ण।

**Precariously-प्रि-के' - रिअस्लि -*adv.*** in unsettled manner. अनिश्चितता या सन्दिग्धता से।

**Precative-प्रेक्'-ए-टिव् - *adj.*** expressing entreaty. प्रार्थनात्मक।

**Precaution-प्रि-कौ'-श-न्-*n.*** caution be-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

forthcoming evil. (रोग आदि से) बचाव, पूर्वोपाय।

**Precautionary**-प्रि-कॉ'-शनरि-*adj.* involving precaution. बचाव या पूर्वोपायपूर्ण।

**Precautious**-प्रि-कॉ-शस्-*adj.* suggesting caution beforehand. पहिले से सचेत या सावधान।

**Precede**-प्रि-सीड्'-*v. t. & i.* to go before in time or rank. क्रम में आगे होना।

**Precedence, (-cy)** प्रि-सीड्'-ऍन्स्, (-सि)-*ns.* act of going before. पूर्व-क्रम, प्रथमता।

**Precedent**-प्रे'-सीड्'-ऍन्ट्-*n.* previous High Court decision. (उच्च न्यायालय का) पूर्व-निर्णय।

**Precedented**-प्रे'-सिड्'-ऍन्ट्-ऍड्-*adj.* having precedent. पूर्व-निर्णीत।

**Precentor**-प्रि-सेंन्'-टर्-*n.* (*fem.* Precentrix) leader of church choir. भजन में मुख्य गायक पादरी।

**Precept**-प्री'-सेप्ट्-*n.* rule of action, instruction. नियम, उपदेश।

**Preceptor**-प्री-सेप्ट्'-अ-र्-(*fem.* Preceptress) -*n.* religious teacher. उपदेशक।

**Precinct**-प्री-सिङ्क्ट्-*n.* limit, boundary, enclosed space. सीमा, सिवान, बाड़ा।

**Precious**-प्रेश्-अस्-*adj.* costly, dear, of great value. मूल्यवान्, कीमती, महँगा, बहुमूल्य, बहुत प्रिय; Precious metals (gold and silver.) सोना-चाँदी; Precious stone (gem.) मणि, रत्न।

**Preciously**-प्रेश्-अस्'-लि-*adv.* in precious manner, highly. बहुमूल्यता से, अत्यधिक।

**Precipice**-प्रेस्'-इ-पिस्-*n.* very steep descent. खड़ा करार या कगार, खड़ी चट्टान।

**Precipitance, (-cy)**-प्रि-सिप्'-इट्-अन्स्, (-सि)-*ns.* great haste, hasty action. बड़ी शीघ्रता या उतावलापन।

**Precipitant**-प्रि-सिप्'-इट्-अन्ट्-*adj.* rushing headlong. आगे की ओर वेग से बढ़ता हुआ।

**Precipitate**-प्रि-सिप्-इट्-ऍट्-*v. t. & i.* to throw down, to urge, to hasten result of, to sink or cause to sink to bottom (in chemical solutions.) नीचे की ओर फेंकना, प्रेरित करना, (कोई परिणाम) शीघ्रता से उत्पन्न करना, (रासायनिक मिश्रण में) पेंदी में बैठना या बैठाना; -*adj.* overhasty. उतावली करनेवाला; -*n.* dissolved substance (in chemical solutions) which sinks to bottom. (मिश्रण में जमा) तलछट।

**Precipitately**-प्रि-सिप्'-इट्-ऍट्-लि-*adv.* in overhasty manner. बड़ी शीघ्रता या उतावली से।

**Precipitation**-प्रि-सिप्-इट्-ऍ-शन्-*n.* act of precipitating, great hurry. (उल्का आदि का) तेजी से अधःपतन, बड़ी शीघ्रता।

**Precis**-प्रे'-सि'-*n.* brief summary or abstract of writing. संक्षिप्त या सार लेख।

**Precise**-प्रि-साइस्'-*adj.* definite, accurate, exact. ठीक, सही, निश्चित, यथार्थ।

**Precisely**-प्रि-साइस्'-लि-*adv.* with perfect correctness. ठीक या सही ढंग से।

**Precisian**-प्रि-सिज़न्-*n.* one who is strictly precise and exact. शुद्धता का समर्थक या विचार करनेवाला।

**Precision**-प्रि-सिज़्'-न्-*n.* exactness, accuracy. यथार्थता, शुद्धता।

**Preclude**-प्रि-क्लूड्'-*v. t.* to shut out. to keep back. बन्द करना, रोकना।

**Preclusion**-प्रि-क्लू'-ज़न्-*n.* act of precluding. रुकावट या अवरोध।

**Preclusive**-प्रि-क्लू'-सिव्-*adj.* tending to prevent. प्रतिरोधक, रोकनेवाला।

**Precocious**-प्रि-को'शस-*adj.* ripe before



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

time, forward in manner. समय से पहिले पकनेवाला, अकालपक्व, धृष्ट।

**Precocity-प्रि-कॉस्'-इटि-*n.*** state of being precocious. अकालपक्वता, धृष्टता।

**Precognition-प्री-कॉग्'-निश'-न्-*n.*** antecedent knowledge, preliminary examination. पूर्वज्ञान, (मुकदमें में) प्राथमिक परीक्षा या जाँच।

**Preconceive-प्री-कन्-सीव्'-*v. t.*** to form opinion beforehand. पूर्वधारणा या राय बनाना।

**Preconize-प्री'-कान्-आइज़्-*v. t.*** to proclaim publicly, to call by name. सार्वजनिक घोषणा करना, नाम लेकर पुकारना।

**Precursor-प्रि-कर्'-सर्-*n.*** fore-runner. अग्रदूत, पूर्वसूचना।

**Precursory-प्रि-कर्'-सरि, Precursive-प्रि-कर्'-सिव्-*adjs.*** preliminary. प्रारंभिक।

**Predace(i)ous-प्रिडे'-शस्-*adjs.*** preying on other animals. दूसरे प्राणियों का शिकार करनेवाला (जंतु), हिंस्र।

**Predate-प्री-डेट्'-*v. t.*** to date beforehand. पहिले की तारीख डालना।

**Predatory-प्री-डे'-टरि-*adj.*** addicted to robbery. लूट-मार करनेवाला।

**Predecessor-प्रीडिसेस्'-र्-*n.*** one who precedes another in office. पूर्वाधिकारी।

**Predestinate-प्रि-डेस्'-टिन्-ऐट्-*v. t.*** to determine beforehand. पहिले से निश्चित करना।

**Predestination-प्रि-डेस्'-टिन्-ऐ'-शन्-*n.*** divine decree, fate. भाग्य, प्रारब्ध।

**Predetermine-प्रिडि-टर्'-इन्-*v. t.*** to determine beforehand. पहिले से निर्णय या निश्चित कर लेना।

**Predial-प्री'-डि-अल्-*adj.*** pertaining to land or farms. भूमि या खेती सम्बन्धी, भौमिक, कृषिक।

**Predicable-प्रेड्'-इकू-ऐ'-बल्-*adj.*** what may be predicated or affirmed. कथनीय, वाच्य, अभिधेय।

**Predicament-प्रि-डिकॉ'-मेन्ट्-*n.*** difficult or trying position. कठिन या संकटपूर्ण अवस्था या स्थिति।

**Predicate-प्रेड्'-इकू-ऐट्-*n.*** that which is affirmed or denied of subject. (व्याकरण में) विधेय।

**Predication-प्रेड्-इकू-ऐ'-शन्-*n.*** affirmation. विधेय, कथन।

**Predicatory-प्रेड्'-इकू-ऐटरि-*adj.*** marked by preaching. उपदेशयुक्त, शिक्षाप्रद।

**Predict-प्रि-डिक्ट्'-*v. t.*** to foretell. भविष्यवाणी करना।

**Prediction-प्रि-डिक्'-शन्-*n.*** foretelling. भविष्यवाणी।

**Predilection-प्री-डि-लेक्'-शन्-*n.*** mental preference. मानसिक पक्षपात, झुकाव।

**Predispose-प्री-डिस्-पोज़्-*v. t.*** to render liable or favourable beforehand. पहले से अनुकूल या उपयुक्त बनाना।

**Predominance-प्रि-डॉम्'-इन्-अन्स्-*n.*** being predominant. प्राधान्य, महत्व।

**Predominant-प्रि-डॉम्'-इन्-अन्ट्-*adj.*** superior in power, etc., excelling others. प्रधान, सर्वाधिक महत्वपूर्ण।

**Predominate-प्रि-डॉम्'-इन्-ऐट्'-*v. t.&i.*** to have great influence over, to prevail, to be specially noticeable. प्रधानता या प्रभाव रखना, विशिष्ट या महत्वपूर्ण होना।

**Pre-eminence-प्रि-ऐम्'-इन्-ऐन्स्-*n.*** being pre-eminent. श्रेष्ठता, उत्तमता।

**Pre-eminent-प्रि-ऐम्'-इन्-ऐन्ट्-*adj.*** surpassing all others. श्रेष्ठ, सर्वोत्तम।

**Pre-emption-प्रि-ऐम्प्'-शन्-*n.*** one's right of purchase in preference to others.



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्वक्रय, पूर्वशंका।

**Preen**-प्रीन्-*v. t.* to trim feathers with beak. चोंच से पर सँवारना।

**Pre-exist**-प्री-ऍग्ज़'-इस्ट-*v. t.* to exist beforehand. पहिले से अस्तित्व में होना।

**Pre-existence**-प्री-ऍग्ज़'-इस्ट-ऍन्स-*n.* existing beforehand. पूर्व-जीवन, पूर्व-जन्म।

**Preface**-प्री-फ़ें'-स्-*n.* introduction to a book. प्रस्तावना, भूमिका; -*v. i.* to append introductory remarks. प्रस्तावना या भूमिका लिखना, जोड़ना आदि।

**Prefatorial**-प्रेफ़टो'-रिअल्-*adj.* introductory. भूमिका-तुल्य, प्रारम्भिक।

**Prefect**-प्री'-फ़ेक्ट्-*n.* commander, senior pupil of school looking to discipline, order, etc. विद्यार्थी-प्रमुख।

**Prefer**-प्रि-फ़र्'-*v. t.* (*p. t.* **Preferred**) to like better, to choose, to submit for consideration. अधिक चाहना, चुनना, विचारार्थ उपस्थित करना।

**Preferable**-प्रिफ़रे'-अ़ब्ल्-*adj.* to be preferred. पसंद के योग्य।

**Preference**-प्रेफ़'-ऍर-ऍन्स-*n.* act of preferring, choice. पसंद, पक्षपात, वरीयता।

**Preferential**-प्रे-फ़ेर'-ऍन्-शल्-*adj.* indicating preference. पक्षपाती, पसंद या रुचि के अनुकूल।

**Preferment**-प्रि-फ़र्'-मेन्ट्-*n.* superior post or appointment. उच्च पद या नियुक्ति।

**Prefiguration**-प्रि-फ़िगा-रे'-शन्-*n.* prefiguring. पूर्वकल्पना।

**Prefigurative**-प्रि-फ़िग् अर-ऍ'-टिव्-*adj.* pictured or imagined beforehand. पूर्व-कल्पना या चित्रण युक्त, पूर्वकल्पित।

**Prefigure**-प्रि-फ़िग्'-अर-*v. t.* to represent or imagine beforehand. पहिले से कल्पना कर लेना।

**Prefine**-प्रि-फ़ाइन्-*v. t.* to limit beforehand. पहिले से सीमा स्थिर करना।

**Prefix**-प्री'-फ़िक्स्-*n.* particle or syllable placed before word. उपसर्ग; -*v. t.* (प्रे'-फ़िक्स्) to join prefix, to add preface. उपसर्ग लगाना, (पुस्तक में) भूमिका देना।

**Preform**-प्री-फ़ॉर्म्-*v. t.* to form beforehand. पहिले से बना लेना।

**Pregnancy**-प्रे'-ग्-नन्सि-*n.* state of being pregnant. गर्भावस्था।

**Pregnant**-प्रे'-ग्-नन्ट्-*adj.* with child, fruitful. गर्भवती, फलप्रद।

**Prehensile**-प्रिहे'न्-साइल्-*adj.* capable of holding पकड़नेवाला।

**Prehistoric**-प्री'-हिस्-टॉर्-इक्-*adj.* relating to period before historical record. पूर्व-ऐतिहासिक, प्राग्-ऐतिहासिक।

**Prejudge**-प्री-जज्-*v. t.* to form opinion before hearing fully. बिना पूरा सुने निर्णय कर लेना।

**Prejudgment**-प्री-जज्'-मेन्ट्-*n.* prejudging. पूर्वनिर्णय।

**Prejudicate**-प्रिज्'-यू-डिक्-ऐट्'-*v. t.* to judge without enquiry or examination. बिना जाँच-पड़ताल या परीक्षण के निर्णय करना।

**Prejudice**-प्रे'-जु-डिस्-*n.* opinion formed without reason, unreasonable, bias, damage. अंधविश्वास, भ्रांत धारणा, हानि।

**Prejudicial**-प्रे- जुडिशल्-*adj.* causing damage. हानिकारक, भ्रांत।

**Preknowledge**-प्री-नॉलेज्-*n.* prior knowledge. पूर्वज्ञान।

**Prelate**-प्रे'-लेट्-*n.* high dignitary in church. गिरजाघर का बड़ा धर्माधिकारी।

**Prelatess**-प्रे'-लेटेस्-*n. f.n.* female prelate. उच्च धर्माधिकारिणी।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Prelect**-प्रि'-लेक्ट्-*v.i.* to lecture publicly on subject. सार्वजनिक व्याख्यान देना।

**Preliminary**-प्रिलि-मि-नरि - *adj.* introductory. प्रारम्भिक;-*n.* (*pl.*-ries) introductory steps, arrangements, etc. प्रारंभिक प्रबंध आदि।

**Prelude** - प्रेल्' - यूड् - *n.* introductory event or performance. (सांगीतिक, नाटकीय आदि) प्रस्तावना;-*v. t.* to furnish with prelude. प्रस्तावना से युक्त करना।

**Prelusion**-प्रि-ल्यू' -ज़न्- *n.* preliminary song. प्रस्तावना-गीत।

**Premature**-प्रीम्'-ऑ-च्योर-*adj.* done or happening before right time. अपरिपक्व, अप्रौढ़।

**Prematurity**-प्रीम्'-ऑच्योरिटि - *n.* being premature. अपरिपक्वता, अप्रौढ़ता।

**Premeditate**-प्री-मेड्' - इट्-एट् - *v. t.* to think or design beforehand. पहले से सोच-विचार लेना या योजना आदि बना लेना।

**Premeditated**-प्री-मेड्-इट्-एड्' - टेड् - *adj.* thought or designed beforehand. पूर्वचिन्तित, पूर्वायोजित।

**Premeditation**-प्री-मेड्-इट्-एड्'-शन्-*n.* previous thought. पूर्वविचार या चिंतन।

**Premier**-प्रीम्'-इ-अर् - *adj.* chief, first, principal. प्रधान, मुख्य; - *n.* Prime Minister. प्रधान मंत्री।

**Premise, Premiss** -प्रेम्' - इस् - *ns.* (in logic) proposition which serves as basis of inference. (न्याय या तर्क में) तथ्य; (*pl.*) building and its land. (व० व०) घर, जमीन।

**Premise**-प्रि-माइज़्'-*v. t.* to make preliminary statement. प्रस्तावना के रूप में कहना या लिखना।

**Premium**-प्रीम्'-इ-अम्-*n.* reward, sum paid in addition to interest, bonus &c., periodical payment for insurance. पारितोषिक, अधिशुल्क, जीवन-बीमा की किस्त।

**Premonish**-प्रीमॉ न्'-इ-श्-*v. t.* to forewarn. पहले से सचेत करना।

**Premonition**-प्री -मॉन्' -इशन् - *n.* forewarning. पूर्व-चेतावनी।

**Premonitor**-प्री-मॉन्'-इटर् - *n.* one who warns beforehand. पहले से चेतावनी देनेवाला, पूर्व-सचेतक।

**Premorse**-प्रि-मोर्स्' - *adj.* with end cut off. किनारा कटा हुआ।

**Prenotion**-प्री-नो'-शन्-*n.* fore-idea. पूर्व-धारणा।

**Pre-obtain**-प्री-ऑब्' - टेन् - *v. t.* to obtain beforehand. पहिले से प्राप्त करना।

**Preoccupation**-प्री-ऑक्'-यु - पे - शन् - *n.* occupation beforehand. पूर्वाधिकार, पहले का कब्जा।

**Preoccupy**-प्री-ऑक-क्यु-पाइ - *v. t.* (*p. t.* Preoccupied) to occupy beforehand, to engage one's attention previously. पहिले से अधिकार करना, पहिले से मन या ध्यान में जम जाना।

**Preordain**-प्री-ऑर्-डेन् - *v. t.* to ordain beforehand. पहिले से निर्दिष्ट करना।

**Prepaid**-प्रीपेड् - *adj.* paid beforehand. पेशगी दिया हुआ, पूर्वदत्त।

**Preparation**-प्रेप-रे'-शन् - *n.* previous arrangement, readiness, prepared substance (of food or medicine.) पूर्वायोजना, तैयारी, निर्मित पदार्थ (खाद्य, औषध आदि)।

**Preparative**-प्रिप्रे-रे-टिव्, **Preparatory** (-टरि) -*adjs.* preparing, introductory. आयोजनात्मक, प्रारम्भिक।

**Prepare**-प्रि-प्रेअर्'-*v. t.* to make ready. to learn, to be willing to. तैयार या


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तैयारी करना, (पाठ) तैयार करना, इच्छुक होना।

**Prepay**-प्री-पे'-*v. t.* (*p. t.* Prepaid) to pay beforehand. (किराया आदि) पहले दे देना।

**Prepayment**-प्री-पे'-मेन्ट - *n.* payment beforehand. पूर्व-भुगतान।

**Prepense**-प्रि-पेन्स् - *adj.* premeditated, intentional. कुचक्रित, साजिशी, जान-बूझकर किया हुआ (अपराध)।

**Prepensely** - प्रिपेन्सलि - *adv.* preconceivedly. कुचक्र या साजिश से।

**Preponderance**-प्रि-पॉन्'-डर्-अन्स्-*n.* being preponderant. आधिक्य (भार, प्रभाव आदि का)।

**Preponderant**-प्रि-पॉन्'-डर्-अन्ट्-*adj.* outweighing, over influential. अधिक भारी, अधिक प्रभावशाली।

**Preponderate**-प्रि-पॉन्- डर्-एँट्' - *v. i.* to weigh more, to be of more importance. भार में अधिक होना, अधिक प्रभाव का होना।

**Preposition**-प्रि - पॅज़िश' - न् - *n.* word placed before noun or pronoun to denote its relation to some other word in sentence. संबंध-सूचक अव्यय।

**Prepositional**-प्रिपॅ-ज़ि'-शन् - अल् - *adj.* pertaining to preposition. सम्बन्ध-सूचक अव्यय सम्बन्धी।

**Prepositive**-प्रिपॉज़्'-इट्-इव् - *adj.* proper to be prefixed. उपसर्ग की तरह जोड़ने योग्य।

**Prepossess**-प्री-पॅ-जेस् -*v. t.* to preoccupy, to prejudice. पहिले से धारणा या विचार बना लेना, पक्षपात के विचार करना।

**Prepossessing**-प्री-पॅ-जेस्' - ऍ-इङ्ग् - *adj.* attractive. चित्ताकर्षक।

**Prepossession**-प्री-पॅ-जेश-न्-*n.* prejudice. पक्षपात, भ्रांत धारणा।

**Preposterous**-प्रि-पॉस्'-टर्-अस्-*adj.* very absurd. असंगत, अतार्किक।

**Preposterously**-प्रि-पॉस्-टर्-अस -लि -*adv.* in absurd manner. असंगत ढंग से।

**Prepotence**-प्री-पो'-टेन्स - *n.* great power. अधिक शक्ति।

**Prepotent**-प्री-पो'-टेन्ट् - *adj.* powerful. अति शक्तिशाली।

**Prerequisite**-प्री-रेक्'-विज़्-इट्-*adj.* required previous condition. पूर्व शर्त।

**Prerogative**- प्रि-रॅ - गे'-टिव् - *n.* special right or privilege. विशेषाधिकार।

**Presage**- प्रिसेज़् - *n.* sign of future, omen. पूर्व-सूचना, शकुन;-*v. t.* to forebode. भविष्य बतलाना, भविष्य की सूचना देना।

**Presager**-प्रिसेज़्'-अर्-*n.* foreteller. शकुन बतलानेवाला, सगुनिया।

**Presbyter**-प्रेज़्'-बि-टर्-*n.* senior priest in church. वरिष्ठ पादरी।

**Presbyterian**-प्रेज़्-बि-टी'- रि' - अन् - *adj.* relating to church government by elders. (गिरजाघर के) वरिष्ठ शासन-संबंधी।

**Science**-साइ'-अ - न्स्-*n.* systematized knowledge. विज्ञान-शास्त्र।

**Scientific** - साइन्टिफ़्'-इक - *adj.* pertaining to science. वैज्ञानिक।

**Scientist**-साइन्टिस्ट्-*n.* one versed in science. वैज्ञानिक, विज्ञानी।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Scimitar-सिमॅन्-इ-टर्-n.** short curved sword. छोटी टेढ़ी तलवार।

**Sciolist-साइ॰लिस्ट् - n.** pretender of knowledge, one who has smattering knowledge of something. अल्पज्ञ, ज्ञान या पांडित्य का पाखंडी।

**Scion-साइ-अन्-n.** twig of plant, descendant. साँकुर टहनी, सन्तान, वंशज।

**Scissors-सिज़र्ज़्-n. pl.** cutting instrument of two blades moving on pin. कैंची; **Lamp - scissors** (scissors for trimming wicks of lamps.) लम्प की बत्ती काटने की कैंची; **Nail-scissors** (scissors for clipping nails.) नख काटने की कैंची।

**Scoff-स्कॉफ्-n.** expression of taunt, object of mockery. खिल्ली, उपहास का पात्र; **-v. i.** to mock, to deride. विद्रुप या उपहास करना।

**Scold-स्कोल्ड्-v. t.** to chide, to rebuke. झिड़की देना, डाँटना; **-n.** scolding. झिड़की, डाँट, फटकार।

**Scolding-स्कोल्ड्'-इङ्ग्-n.** railing language. फटकार, डाँट, झिड़की।

**Sconce-स्कॉन्स्-n.** cover or shelter, bracket candlestick, small fort, head, skull, kind of cake of flour. आड़ या आश्रय, बड़ी मोमबत्ती, छोटा किला, खोपड़ी, मैदे का केक।

**Scoop-स्कूप्-n.** shovel, large lipped spoon. बेलचा, बड़ी कल्छुल; **-v. t.** to hollow out, to dig out. गड्ढा करना, खोदना।

**Scopa-स्कोप्' - ऑ-n.** brush - like hairs on leg of bees. मधुमक्खी के पैर पर के दंश (रोंए)।

**Scope-स्कोप्-n.** aim, range, opportunity, extent. उद्देश्य, हेतु, विस्तार, क्षेत्र, अवसर।

**Scorch-स्कॉर्च्-v. t. & i.** to burn, to be burnt on surface, to parch by heat, to be dried up. जलाना, झुलसाना, (लू से) सूख जाना, निर्जल या शुष्क होना।

**Scorcher-स्कॉर्च्'- अर्- n.** that which scorches. झुलसानेवाला।

**Score-स्कोर्-n.** notch, set of twenty, boldly drawn line, points made by player in certain games. दरार, (खेल में) गोल, दौड़ आदि का योग या संख्या, कोड़ी, लम्बी लकीर; **-v. t. & i.** to draw line, to have advantage over. लकीर खींचना, बढ़कर होना; **On that score** (about that subject.) उस विषय में; **Score-book** (book in which scores are registered.) (गोल, दौड़ आदि की) पुस्तिका या रजिस्टर; **Scores of people** (large number of men.) सैकड़ों या हजारों मनुष्य; **To pay one's score** (to settle reckoning.) लेन-देन चुकाना; **To score under** (to underline.) रेखांकित करना।

**Scoria-स्कोर्'-रि - आ-n.** (**pl. Scoriae**) fragments of lava. ज्वालामुखी से निकले हुए मलबे के छोटे टुकड़े।

**Scorn-स्कॉर्न्'-n.** extreme disdain. तिरस्कार, असम्मान; **-v. t.** to despise. तिरस्कार करना, उपेक्षा करना।

**Scornful-स्कॉर्न्-फुल्-adj.** full of scorn. तिरस्कार-युक्त, तिरस्कारपूर्ण।

**Scornfully-स्कॉर्न्'-फुल्-लि-adv.** disdainfully. तिरस्कार या उपेक्षा से।

**Scorpion-स्कॉर्प्'-पि -अन्- n.** lobster-like reptile with venomous sting in its tail. बिच्छू।

**Scot-स्कॉट्-n.** native of Scotland, rate or tax. स्कॉटलैन्ड देश का निवासी, कर।

**Scotch-स्कॉच्-adj. & n.** pertaining to



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Scotland**, native of Scotland, its language. स्कॉटलैन्ड देश का, इस देश का निवासी, इसकी भाषा।

**Scotch**-स्कॉच्-*v. t.* to wound or maim. घायल करना, लँगड़ा बनाना; -*n.* light cut. छोटा घाव।

**Scot-free**-स्कॉट्-फ्री-*adj.* unharmed, not having to pay anything. सकुशल, निर्विघ्न, बिना दंड आदि का (के)।

**Scotoma**-स्कॉटोमा-*n.* partial darkness of sight. (दृष्टि का) आंशिक धुँधलापन।

**Scoundrel**-स्काउन्-ड्रल्-*n.* rogue, rascal. पाजी, दुष्ट।

**Scoundrelism**-स्काउन्-ड्रल्'-इज़्म्-*n.* baseness, rascality. पाजीपन, दुष्टता।

**Scoundrelly** - स्काउन् - ड्रलि - *adv.* like rascal. पाजी या दुष्ट की तरह।

**Scour**-स्काउर्-*v. t.* to clean, to polish, to brighten. माँजना, रगड़कर स्वच्छ या साफ करना, चमकाना।

**Scourge**-स्कर्ज्-*n.* whip of leather, general affliction, calamity. कोड़ा, चाबुक, व्यापक व्याधि या आपत्ति; -*v. t.* to punish. दण्ड देना; **The white scourge** (consumption.) क्षयरोग।

**Scout**-स्काउट्-*n.* boy scout, soldier sent out to watch movement of enemy, kind of small fast-going aeroplane. बालचर, अग्रचर, गुप्तचर सैनिक, छोटा तीव्रगामी वायुयान; -*v. t.* & *i.* to act as spy or scout. बालचर की सेवाएँ करना, भेद लेना, जासूसी करना; **Boy Scout** (member of organisation intended to develop manliness and self-reliance.) बालचर।

**Scout**-स्काउट्-*v. t.* to reject with scorn, to ridicule. निरादरपूर्वक दुकरा देना, उपहास करना।

**Scow**-स्काउ-*n.* kind of flat-bottomed boat. एक प्रकार की चौड़ी पेंदी की नाव।

**Scowl**-स्काउल्-*v. i.* to frown, to look ill-tempered. भौंह चढ़ाना, क्रुद्ध दिखाई देना; -*n.* frown. भ्रू-भंग, क्रोधपूर्ण आकृति या दृष्टि।

**Scrabble**-स्क्रै'-बल्-*v. i.* to scrape, to grope in dark. खुरचना, अँधेरे में टटोलना।

**Scrag**-स्क्रैग्'-*n.* lean person. दुबला मनुष्य।

**Scraggy**-स्क्रैग्' - गि-*adj.* lean, bony. दुर्बल, अस्थि-पंजर।

**Scramble**-स्क्रैम्'-बल्-*v. t.* & *i.* to climb by crawling, to struggle with others. हाथ के बल चढ़ना, संघर्ष करना; -*n.* scrambling, struggle. (हाथ के बल) आरोहण, संघर्ष।

**Scran**-स्क्रैन्-*n.* eatables. भोजन का सामान।

**Scranch**-स्क्रैन्श्-*v. t.* to grind with teeth. दाँत से चबाना।

**Scrannel**-स्क्रैनॅल्-*adj.* weak or feeble (sound). मन्द (स्वर)।

**Scrap**-स्क्रैप्-*n.* small piece, fragment of something. खण्ड, टुकड़ा, फतरन, रद्दी माल; -*v. t.* (*p. t.* **Scrapped**) to clear out as useless. व्यर्थ समझकर टुकड़े आदि कूड़े में फेंकना।

**Scrape**-स्क्रेप्-*v. t.* to clean surface by rubbing. रगड़कर या खुरचकर चिकना या साफ करना; -*n.* anything scrapped off, scraping sound. खुरचन, रगड़; **To scrape one's boots** (to remove dirt from sole of shoes.) जूते के तल्ले की मिट्टी पोंछना; **To scrape one's plate** (to leave no food in dish.) सब खा या चाट जाना, थाली में कुछ न छोड़ना।

**Scratch**-स्क्रैच्-*v. t.* to wound or tear with nail, to withdraw from competition. खुरचना, खुजलाना, प्रतियोगिता से अलग होना; -*n.* slight wound. खरोंच।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Scrawl**-स्क्रॉल्-*v. i.* to write clumsily. घसीटकर लिखना; *-n.* bad writing. घसीट लिखावट.

**Scray**-स्क्रे-*n.* kind of sea-bird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया।

**Screak**-स्क्रीक्-*n. & v. i.* scream, to screech. चीख, चिल्लाहट, चीखना, चिल्लाना।

**Scream**-स्क्रीम्-*v. i.* to utter shrill cry, to laugh loudly. चीखना, ठहाका मारकर हँसना; *-n.* shrill cry. चीख, (जोर की) हँसी।

**Screaming**-स्क्रीम्' - इङ्ग्-*n.* shrill cry, loud laugh. चीखना, ठहाके की हँसी।

**Scree**-स्क्री-*n.* mountain slope covered with small stones. छोटे-छोटे पत्थरों से ढकी हुई पहाड़ की ढाल।

**Screech**-स्क्रीच्-*v. i.* to scream. चीख मारना।

**Screechy**-स्क्रीचि-*adj.* shrill. कर्कश।

**Screen**-स्क्रीन्-*n.* that which shelters or hides, partial partition in room, curtain, large sieve. बचाव, आड़, ओट, पर्दा, चिक, बड़ी चलनी या चलना; *- v. t.* to shelter from danger, to hide with screen. शरण या आड़ करना, पर्दा डालना।

**Screw**-स्क्रू-*n.* nail or cylinder with spiral thread all round it for fastening wood or metal, miser. पेंच, कंजूस मनुष्य; *-v. t. & i.* to twist round, to press hard, to fasten with screw. (पेंचकश से) ऐंठना या घुमाना, दबाव डालना, (रुक्) कसना; To have a screw loose (one's brain being out of order.) मस्तिष्क का ठीक काम नहीं करना; To put the screw on (to put pressure.) बल प्रयोग करना, दबाव डालना।

**Screw-bolt**-स्क्रू - बोल्ट-*n.* bolt with screw. पेंचदार डिबरी।

**Screw-driver**-स्क्रू' - ड्राइव्र्-*n.* tool for tightening or loosening screw. पेंचकश।

**Screw-propeller**-स्क्रू' - प्रॅ - पॅलर - लर्-*n.* revolving shaft of airship. वायुयान का घूमी पंखा।

**Scribble**-स्क्रिब्'-ब्ल्-*v. t. & i.* to write hurriedly or carelessly. अस्पष्ट या तेज लिखना या घसीटना।

**Scribbler**-स्क्रिब्'-ब्लर्-*n.* one who write hurriedly. घसीट लिखनेवाला (व्यक्ति)।

**Scribe**-स्क्राइब्- *n.* petty writer or author. तुच्छ लेखक।

**Scrim**-स्क्रिम्-*n.* lining cloth. अस्तर का कपड़ा।

**Scrimmage**-स्क्रि - मॅ-ज्-*n.* skirmish, confused struggle. हाथापाई, झगड़ा।

**Scrip**-स्क्रिप्-*n.* small bag, certificate of money for bank. थैली, झोली, (बंक से मिलनेवाला) रुपए का अस्थायी प्रमाणक या बीजक, पावनी-पत्र।

**Script**-स्क्रिप्ट्-*n.* (type like) hand-writing, etc. टाइप के लिखावटी अक्षर, लिखावट, लिपि।

**Scriptural**-स्क्रिप्चरल्-*adj.* pertaining to scriptures. धर्म-ग्रंथ या शास्त्र सम्बन्धी।

**Scripture**-स्क्रिप्'-चर्-*n.* sacred writing (Ramayan, Bible, etc.) धर्म-ग्रंथ (रामायण, बाइबिल आदि)।

**Scrofula**-स्क्रॉफ्'-यु-ला-*n.* disease affecting neck glands. कंठमाला रोग।

**Scrofulous**-स्क्रॉफ्'-यु-लस्-*adj.* pertaining to scrofula. कंठमाला रोग-सम्बन्धी।

**Scroll**-स्क्रोल्-*n.* roll of paper, list, ribbon in spiral form, ornamental tracery. लपेटे हुए कागज का खर्रा, सूचीपत्र, लपेटा हुआ फीता, नकाशी; *-v. t.* to ornament with scroll, to curl up. नकाशी करना, झालर से सजाना, (कागज) लपेटना।

**Scroop**-स्क्रूप्-*n.* grating noise. घरघराहट।

**Scrounge**-स्क्राउन्ज्-*v. t. & i.* to appro-


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

priate things of others. दूसरे की वस्तु हड़पना, अवैध रूप से लेना।

**Scrub**-स्क्रब्-*v. t.* (*p. t.* **Scrubbed**) to cleanse by rubbing. माँजना, रगड़कर साफ करना।

**Scrubby**-स्क्रूब्'-बि-*adj.* stunted. नाटा या छोटा।

**Scruple**-स्क्रू'-पल्-*n.* moral hesitation, weight of 20 grains. नैतिक हिचक, संकोच, २० ग्रेन (प्रायः १ माशे) की तौल; -*v. t.* to hesitate morally. नैतिक दृष्टि से हिचकना, संकोच करना।

**Scrupulous**-स्क्रू'-प्यु-लस्-*adj.* morally cautious. विचारशील।

**Scrutineer**-स्क्रू'-टिन्-इअर्-*n.* one who examines vote papers. मतपत्रों की जाँच करनेवाला।

**Scrutiniz(s)e**-स्क्रू'-टिन्-आइज़्'-*v. t.* to examine in detail. छानबीन करना, जाँचना।

**Scrutiny**-स्क्रू'-टिनि-*n.* close examination. सूक्ष्म परीक्षण, छानबीन।

**Scud**-स्कड्-*v. i.* to move speedily. वेग से दौड़ना या चलना; -*n.* scudding, vapoury clouds. दौड़ या चाल, वाष्पीय मेघ।

**Scuddle**-स्कड्'-डल्-*v. i.* to run with haste. वेग से दौड़ना या भागना।

**Scuffle**-स्कफ्'-फल्-*n.* confused fight. झगड़ा, हाथापाई; -*v. i.* to take part in scuffle. झगड़ना, खींचातानी या हाथापाई करना।

**Scug**-स्कग्-*n.* unmannerly spiritless person. उत्साहहीन अशिष्ट व्यक्ति।

**Scull**-स्कल्-*v. t.* to move boat with short oar. (छोटे डाँड़े से) नाव चलाना; -*n.* short oar. छोटा डाँड़ा।

**Scullery**-स्कल्'-लरि-*n.* room for washing cooking utensils. बरतन माँजने की कोठरी।

**Scullion**-स्कल्'-यन्-*n.* one who washes kitchen utensils. बर्तन माँजनेवाला।

**Sculptor**-स्कल्प्'-टर्-*n.* one who carves on wood or stone. मूर्तिकार, मूर्ति-शिल्पी, शिल्पकार।

**Sculptural**-स्कल्प्'-चरल्-*adj.* pertaining to sculpture. मूर्ति या प्रस्तर-कला सम्बन्धी।

**Sculpture**-स्कल्प्'-चर्-*n.* art of carving images, carved image. मूर्ति-कला, मूर्ति-शिल्प, मूर्ति; -*v. t.* to carve images. मूर्ति बनाना।

**Scum**-स्कम्-*n.* dirty matter coming to surface of boiling or fermented liquor or molten metal, refuse, dregs. फेन, झाग, (शीरे का) मल; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Scummed**) to remove scum from. (शीरे आदि से) मैल या झाग हटाना।

**Scurf**-स्कर्फ्-*n.* thin dry scales formed on skin, dandruff. चाईं, रूसी, पपड़ी।

**Scurfiness**-स्कर्फ्'-इ-नेस्-*n.* scaliness of scalp. चाईं, रूसी।

**Scurfy**-स्कर्फ़ि-*adj.* covered with scurf. रूसी या चाईं से विकृत।

**Scurrile**-स्कर्-रिल्-*adj.* vulgar, indecent. उजड्ड, अशिष्ट।

**Scurrility**-स्कर्-रिल्-इट्-इ-*n.* indecency, vulgar abuse. अशिष्टता, गाली-गलौज, उजड्डता।

**Scurrilous**-स्कर्'-रिल्-अस्-*adj.* vulgar, indecent. अशिष्ट, अपभाषी, अश्लील, उजड्ड।

**Scurvily**-स्कर्विलि-*adv.* with meanness. नीचता से।

**Scurviness**-स्कर्वि-नेस्-*n.* meanness. नीचता।

**Scurvy**-स्कर्वि-*adj.* mean, contemptible. नीच, तिरस्कृत; -*n.* disease of malnutrition. स्नायविक क्षय रोग का एक प्रकार।

**Scutage**-स्क्यु'-टेज्-*n.* tax paid in lieu



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


of personal services. असेवा-कर (जो सामंत सेवा से निवृत्ति के लिए राजा को देता था)।

**Scutcheon**-स्कचन्-*n.* metal frame for keyhole. ताले का छेद।

**Scuttle**-स्कट्'-टल्-*n.* vessel for holding coals, shallow basket. कोयला रखने का पौधा, छिछली डलिया; -*v. t.* to hurry. शीघ्रता या जल्दीबाजी करना।

**Scutum**-स्क्यू'-टम्-*n.* shield-like plate on crocodile's body, knee-pan. मगर आदि के शरीर पर की पट्टी, घुटने की चक्की।

**Scyphus**-साइफस्-*n.* large handled cup. मूठदार बड़ा प्याला।

**Scythe**-साइद्-*n.* implement with curved blade for mowing and reaping. हँसुआ।

**Sea**-सी-*n.* ocean, large lake or wave. समुद्र, बड़ी झील,बड़ी समुद्री लहर; **Seaboard** (sea-coast.) समुद्र-तट; **Sea-coal** (coal.) जहाज से लाया हुआ पत्थर का कोयला; **Sea-cow** (walrus.) समुद्री घोड़ा; **Sea-farer** (sailor, one who travels by sea.) मल्लाह, समुद्री-यात्री; **Seaman** (sailor.) नाविक; **Seamanship** (art of navigation.) नौ-चालन; **Searover** (pirate.) समुद्री डाकू; **Seascape** (picture of sea.) समुद्री दृश्य; **Seaworthy** (fit for voyage.) समुद्र-यात्रा के योग्य; **A rough sea** (turbulent sea.) विक्षिप्त सागर या लहर; **Mistress of the seas** (chief naval power.) प्रधान समुद्री शक्ति; **Seas of blood** (great slaughter.) असीम रक्त-पात; **To go to sea** (to become sailor.) नाविक बनना; **To put to sea** (to leave land or port.) (जहाज का) भू-भाग या बंदरगाह छोड़ना।

**Seal**-सील्-*n.* marine mammal. एक प्रकार की स्तनपायी समुद्री मछली, सील मछली।

**Seal**-सील्-*n.* engraved piece of metal for stamping, its device on sealing-wax; mark made by this, impression attached to document; significant mark. मुद्रा, मुहर, मुद्रांकन, मुहर की छाप, विशिष्ट मानक सूचक छाप; -*v.i.* to stamp with seal, to keep shut, to confirm. मुहर लगाना, मुँहबन्द करना, बंद रखना, (प्रेम आदि की सत्यता की) पुष्टि करना।

**Sealed**-सील्द्-*adj.* certified by seal. मुद्रांकित, मुहरबंद, मुँहबंद।

**Sealing-wax**-सील्' - वैक्स्'-*n.* resinous composition for receiving impressions. मुहर की लाह।

**Seam**-सीम्-*n.* joining line of two pieces of cloth, scar of wound. (सिलाई में) जोड़, सियन, फाँक, घाव का दाग; -*v. t.* to sew, to scar. सीना, सीकर जोड़ना, (घाव का) दाग पड़ना।

**Seamster**-सीम्'-स्टर्-*n.* (*fem.* Seamstress) one who sews. दर्जी।

**Seamy**-सीमि-*adj.* having seams. (सिलाई में) जोड़दार।

**Sear**-सिअर्-*v.t.* to dry up, to scorch, to harden. सूखना,सुखाना, झुलसाना, कड़ा करना; -*adj.* withered. मुरझाया या झुलसा हुआ।

**Search**-सर्च्-*v. t. & i.* to seek out, to investigate, to put to test. खोजना, ढूँढना, जाँच करना, तलाशी लेना, परीक्षण करना; -*n.* seeking, examination, pursuit. जाँच, खोज, तलाशी, परीक्षण; **To search into** (to examine.) परीक्षा या जाँच करना; **To search out** (to investigate.) जाँच-पड़ताल करना।

**Searching**-सर्च्'- इङ्ग् - *adj.* severely testing or enquiring. सूक्ष्म एवं कठोर अनुसंधान करनेवाला, परीक्षा या जाँच संबंधी।

**Searchlight**-सर्च्'- लाइट्-*n.* apparatus


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

for projecting strong light over long distance. अन्वेषक प्रकाश, खोज-बत्ती।

**Season**-सीज़'-ज़न्-*n.* climatic divisions of year, proper period or time, suitable opportunity. ऋतु, मौसम, उचित समय या काल, उचित अवसर; -*v. t.* to give relish to, to accustom, to dry and harden. स्वादिष्ट बनाना, अभ्यस्त बन(ा)ना, (लकड़ी) सिझाना या पकाना, सुखाकर पुष्ट करना; **Auspicious season** (good opportunity.) अच्छा अवसर; **In and out of season** (at all times.) सब समय; **Out of season** (in bad time.) असमय, बेमौके; **Season ticket** (ticket at reduced rates during holidays, etc.) मौसमी या अवधिक टिकट।

**Seasonable**-सीज़'-नेॅ-बूल्-*adj.* happening or done at right time. सामयिक, समयोचित, उचित अवसर का।

**Seasonably**-सीज़'-नेॅ - ब्लि-*adv.* timely. उचित समय या अवसर पर।

**Seasonal**-सीज़'-नल्-*adj.* of season. ऋतु का, ऋतु-संबंधी, मौसमी।

**Seasoning**-सीज़न् - इङ्ग्-*n.* that which gives relish to food. (स्वादिष्ट करने का) मसाला।

**Seat**-सीट्-*n.* thing to sit on, right to sit, central site or situation, country mansion. आसन, बैठने या सदस्य चुने जाने का अधिकार, केन्द्रस्थल, सुंदर देहाती आवास; -*v. t.&i.* (to cause) to sit, to fix. बैठना, बैठाना, (यंत्र आदि) बैठाना या स्थापित करना।

**Seated**-सीट्' - एॅड्-*adj.* placed on seat. आसन पर बैठा हुआ, आसीन।

**Sebiferous**-सिबिफ़रस् - *adj.* fat producing. चर्बी पैदा करनेवाला (स्नायु-संस्थान)।

**Secant**-सी-केॅन्ट्-*n.* radius of circle produced to meet tangent. छेदन-रेखा, छेदिका।

**Secateurs**-सेॅकटोर - *n.* pruning shears. कतरनी, छाँटने की कैंची।

**Secede**-सि-सीड्-*v. i.* to withdraw from membership, etc. सदस्यता आदि से अलग होना।

**Secern**-सिसर्न्' - *v. t.* to secrete, to separate. रसना, अलगाना।

**Secession**-सिसेॅशन्-*n.* act of withdrawing. पार्थक्य या विलगाव।

**Seclude**-सि-क्लूड्'-*v. t.* to keep away from society. समाज से दूर रखना, एकांत में छिपाना।

**Secluded**-सि-क्लूड्' - एॅड्-*adj.* separated from society. एकांतिक।

**Seclusion**-सि-क्लू' - ज़न्-*n.* retirement, solitude. एकांतता, निर्जनता।

**Seclusionist**-सि-क्लू'-ज़न - इस्ट्-*n.* one who passes lonely life. अकेला रहनेवाला, एकांतवासी।

**Second**-सेॅकॅ - अन्ड्-*adj.* next after first, additional. दूसरा, द्वितीय; -*n.* one who comes second in order, 60th part of minute or degree. द्वितीय व्यक्ति क्रम से, मिनट का साठवाँ भाग, अंश का ६० वाँ भाग; -*v. t.* to support, to back up. अनुमोदन या समर्थन करना, सहारा देना; **Second floor** (floor above ground floor.) घर की दूसरी मंजिल, दूसरा खण्ड; **Second-hand** (used, not new.) उपयोग या व्यवहार किया हुआ, पुराना; **Second-rate** (inferior to best.) मध्यम या द्वितीय श्रेणी का; **Second to none** (surpassed by none.) अद्वितीय, बेजोड़।

**Secondarily**-सेॅकॅन्डरिलि-*adv.* in second place. दूसरे, द्वितीयतः।

**Secondary**-सेॅकॅन्डरि-*adj.* next in importance, inferior in rank, supple-


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

mentary. द्वितीय वर्ग का, गौण, माध्यमिक, अप्रधान, अनुपूरक; **Secondary education** (between primary and university education.) माध्यमिक शिक्षा।

**Seconder**-सेकॅन्-डर्-*n.* one who supports resolution. (प्रस्ताव का) समर्थक।

**Secrecy**-सी' - क्रे - सि-*n.* concealment, privacy, mystery. गुप्तता, गोपनीयता, एकान्तता, रहस्य।

**Secret**-सी'-क्रेट्-*adj.* hidden, conccaled, private, retired. गुप्त, गोपनीय, एकांत; -*n.* that which is hidden, mystery. गुप्त बात, भेद, रहस्य; **In secret** (in private.) गुप्त या एकांत में; **Open secret** (secret exposed to those who try to know it.) खुला रहस्य या भेद; **Secret counsel** (secret advice.) गुप्त मन्त्रणा; **Secret information** (private information.) गुप्त सूचना।

**Secretarial**-सें-क्रि-टे-रि-अल्-*adj.* pertaining to secretary. सचिव-सम्बन्धी, साचिविक।

**Secretariate**-सें क्रि-टे-रि-अट्-*n.* office of secretary. सचिवालय।

**Secretary**-सें - क्रि - टे - रि-*n.* one who writes letters, reports, &c. for his employer or society, minister's helping official. सचिव; **Secretary of State.** राज्य-सचिव या मंत्री; **Under Secretary**(one who assists secretary.) उपसचिव।

**Secretaryship**-सें-क्रि-टरि-शिप्-*n.* post of secretary. सचिव-पद।

**Secrete**-सि-क्रीट्' - *v. t.* to hide, to separate from blood, etc. छिपाना, रक्त आदि से (कोई द्रव या तत्व) अलगाना, स्रावण होना या करना।

**Secretion**-सि'-क्री-शन्-*n.* act of secreting, that which is secreted. निस्सरण, उत्सर्ग, स्राव (ण), मल, छिपाव।

**Secretive**-सि-क्री' - टिव्- *adj.* keeping secret. छिपानेवाला, गोपनशील, गोपयिता।

**Sect**-सेक्ट्-*n.* religious party or faction. धार्मिक सम्प्रदाय या पंथ।

**Sectarian**-सेक्टे-रि'-अन्-*adj.* relating to sect. साम्प्रदायिक, किसी पंथ का।

**Sectarianism**-सेक्टे-रि'-अनिज्म्-*n.* sectarian spirit or tendency. साम्प्रदायिक संकीर्णता।

**Sectarianize**-सेक्टे-रि' - अनाइज़् -*v. t.* to affect with sectarjanism. किसी पंथ का कट्टर अनुयायी, समर्थक आदि बनाना।

**Sectile**-सेक्'-टाइल् -*adj.* capable of being cut. काटने योग्य, छेद्य।

**Section**-सेक्'-शन्-*n.* cutting, class of people, division, part of structure, minor subdivision of book, number defining each law or act or statute. काट, कटाव, खण्ड, वर्ग, कटा भाग, उपभाग, अनुभाग, (विधान की) धारा; **Section mark** (sign used for reference.) धारा का चिह्न §।

**Sectional**-सेक्'-शनल्-*adj.* pertaining to section. खंड या वर्ग या अनुभाग सम्बन्धी।

**Sector**-सेक्टर्-*n.* plane figure bounded by two radii of circle, kind of mathematical instrument, part or region. वृत्त-खण्ड, रेखागणित का एक यन्त्र, क्षेत्र।

**Secular**-सेक्युलर्-*adj.* worldly, unconnected with religion, happening in course of age. सांसारिक, धर्म-निरपेक्ष, लौकिक, चिरंतन, चिरकालिक, युगीन या युगीय; -*n.* lay clergyman. गृहस्थ पादरी।

**Secularist**-सेक्युलर्-इस्ट् - *n.* one who disbelieves in traditional theology. अधर्मवादी, धर्म-निरपेक्षवादी।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Secularity**-सेक्युलरिटि-*n.* worldliness, secular outlook. लौकिकता, धर्म-निरपेक्षता।

**Securable**-सिक्यो-रेंबल्-*adj.* (able to be) secured. दृढ़, प्रतिभूत या विश्वस्त करने योग्य।

**Secure**-सिक्योर्'-*adj.* safe, free from care or anxiety or attack, firmly fastened, reliable. निश्चित, सुरक्षित, निर्भय, दृढ़, विश्वस्त; -*v. t.* to make secure or safe, to obtain, to make certain, to fasten. सुरक्षित या प्रतिभूत करना, प्राप्त करना, निश्चित या विश्वस्त करना, कसकर बाँधना।

**Security**-सि-क्यू'-रि-टि (*pl.* Securities) -*n.* being secure, guarantee, surety for another. सुरक्षा, बचाव, प्रतिभू, जमानत, ऋण-पत्र।

**Sedan**-सि-डैन्-*n.* covered chair carried on poles by two men. डोली, डाँड़ी।

**Sedate**-सिडेंट्-*adj.* tranquil, calm, sober. गम्भीर, शान्त।

**Sedative**-सिड्'-ऐं-टिव्-*adj.* & *n.* soothing (medicine.) शान्तिकर, शामक औषधि।

**Sedentary**-सेंडेन्टरि-*adj.* accustomed to much sitting. बैठे-बैठे समय बितानेवाला या काम करनेवाला, स्थविर।

**Sedge**-सेंज्-*n.* kind of marshy grass. दलदली घास।

**Sediment**-सेंड्'-इ-मेंन्ट्-*n.* matter which settles at bottom of liquid. तलछट, मल।

**Sedimentary**-सेंड्-इ-मेंन्टरि-*adj.* pertaining to sediment. तलछट-सम्बन्धी, तलछटी।

**Sedition**-सि-डिश्'-अन्-*n.* disloyal conduct or plotting against state. राजद्रोह।

**Seditious**-सि-डिश्'-अस्-*adj.* pertaining to sedition. राजद्रोही, राजद्रोह उत्पन्न करनेवाला।

**Seduce**-सि-ड्यूस्'-*v. t.* to lead astray, to lead into crime or love. (गलत मार्ग पर) बहकाना, (अपराध में) प्रलोभित करना, मोहना।

**Seduction**-सि-डक्'-शन्-*n.* act of seducing, attraction. प्रलोभन, बहकाना, मोहनी।

**Seductive**-सि-डक्ट्'-इव्-*adj.* seducing, leading astray, attractive. बहकानेवाला, प्रलोभक, मोहक।

**Sedulous**-सेंड्'-यु-लस्-*adj.* industrious, diligent, persevering. परिश्रमी, उद्योगी।

**Sedulously**-सेंड्'-यु-लस्-लि-*adv.* laboriously. परिश्रमपूर्वक।

**See**-सी-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Saw, *p. p.* Seen) to discern objects with eyes, to perceive, to understand, to manage, to examine, to visit. देखना, दिखाई पड़ना, विचारना, समझना, प्रबन्ध करना, परीक्षा करना, भेंट या दर्शन करना; I see. (I think or understand.) मैं समझता हूँ, मेरा ख्याल है; To see after (to take care of.) सँभालना, हिफाजत करना; To see good (to consider right.) (कोई बात या युक्ति) सही या ठीक समझना; To see into (to examine.) जाँच करना; To see life (to have experience.) अनुभव होना या प्राप्त करना; To see off (to conduct one in farewell.) (किसी के विदा देते समय) साथ जाना; To see one's way (to manage.) प्रबन्ध करना या निबाहना; To see the back (to be quit off.) छुटकारा पाना (मेहमानों से); To see the light (to be born.) जन्म होना या लेना; To see to (to take care.) ध्यान रखना; To see with one's eyes (to be eye-witness to.) प्रत्यक्ष देखना।

**Seed**-सीड्-*n.* element of reproduction, origin, offspring, descendants, prime cause. बीज, मूल, वंश, सन्तान, आदिकारण।

**Seedling**-सीड्-लिङ्ग्-*n.* very young plant raised from seed. छोटा बीजू,



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोती।

**Seed-pearl-सीड्'** - **पर्ल्**-*n.* small pearl. बहुत छोटा मोती।

**Seedsman-सीड्स्'-मॅन्**-*n.* one who sells seeds. बीज बेचनेवाला, बीज-विक्रेता।

**Seedy-सीड्'-इ**-*adj.* full of seeds. बीजपूर्ण।

**Seek-सीक्** -*v. t. & i.* ( *p. t. & p. p.* **Sought-सॉट्** ) to look for, to endeavour. खोजना, जाँचना, (पाने का) प्रयत्न करना; **To seek out** (to find out.) ढूँढ़ निकालना; **To seek through** (to find out.) खोज निकालना, पता लगाना।

**Seeker-सीक्'** - **अर्**-*n.* one who seeks. खोजनेवाला, अन्वेषक।

**Seem-सीम्**-*v. i.* to appear, to look. जान पड़ना, साकार दिखाई पड़ना, मालूम होना।

**Seeming-सीम्'-इङ्ग्**-*adj. & n.* apparent, appearance. दिखौवा या प्रकट, दिखावा।

**Seemingly-सीम्'** - **इङ्ग्लि** - *adv.* apparently. प्रगट या दिखौवा रूप में।

**Seemliness-सीम्'-लि - नॅस्**-*n.* decency, propriety. औचित्य, सौंदर्य।

**Seemly-सीम्'-लि**-*adj.* decent, proper. सुन्दर (फबनेवाला), उचित।

**Seen-सीन्**-*v., p. p.* of See.

**Seer-सिअर्**-*n.* (*fem.* Seeress) one who sees into future, prophet. भविष्यदर्शी, सिद्ध संत या महात्मा।

**See-saw-सी'-सॉ**-*n.* boys' game. (बच्चों का) टेंकुल का खेल।

**Seethe-सीद्**-*v. t. & i.* ( *p. t.* Seethed) to steep, to boil. उबालना, उबलना।

**Segment-सेग्'-मॅन्ट्**-*n.* part, division, part cut off from figure. भाग, खण्ड।

**Segmental-सेग्-मेन्'-टल्, Segmentary-सेग्-मेन्'टरि**-*adjs.* खण्ड सम्बन्धी, खण्डिक।

**Segregate-से'-ग्रि - गेट्** - *v. t. & i.* to isolate, to separate from others. पृथक् करना, अलगाना।

**Segregation-से-ग्रि-गे'** - **शन्**-*n.* separation. पृथकत्व, पृथक्करण, अलगाव।

**Seigneur, Seignior-सेनोर्, सेनि-अर्**-*ns.* lord, title of noble. सामंत, उसकी पदवी।

**Seine-सेन्**-*n.* kind of fishing net. मछली पकड़ने का जाल विशेष।

**Seismic-साइज़्'-मिक्**-*adj.* of earthquakes. भूकम्प-सम्बन्धी।

**Seismometer-साइज़्मॅ** - **मिटर्**-*n.* instrument for measuring intensity of earthquake. भूकम्प-मापक यंत्र।

**Seizable-सीज़े** - **बल्**-*adj.* liable to be seized. जब्त करने, पकड़ने या कुर्की के योग्य।

**Seize-सीज़्'**-*v. t.* to take possession of, to catch, to be attacked, to apprehend. जब्त या कब्जा या क़ुर्क करना, पकड़ना, धरना, (रोग का) आक्रमण होना या करना, गिरफ्तार करना।

**Seizure-सीज़र्** - *n.* seizing, sudden attack. आक्रमण, धावा, गिरफ्तारी, जब्ती कुर्की, पकड़।

**Seldom-सेल्'-डम्**-*adv.* rarely, not often. कदाचित्, शायद।

**Select-सि-लेक्ट्**-*v. t.* to choose, to pick out. वरण करना, चुनना; -*adj.* chosen. चुनिंदा, चुना हुआ, सर्वोत्कृष्ट।

**Selection-सि-लेक्'-शन्**-*n.* act of selecting. चुनाव, वरण, चयन।

**Selective-सि-लेक्'-टिव्**-*adj.* capable of selection. चुनने योग्य, चयनशील, वरणात्मक।

**Self-सेल्फ्**-*n.* ( *pl.* Selves ) person's identity, private interest. स्व या स्वत्व, आत्म, स्वार्थ; **Self-acting** (automatic.) स्वचालित; **Self-assumed** (assumed without authority.) स्व-गृहीत; **Self-collected** (calm, composed.) शान्त, धीर; **Self-evident** (needing on



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

proof.) स्वतः सिद्ध; **Self-interest** (one's own interest.) निजी स्वार्थ; **Self-made** (risen to eminence by one's own exertions.) स्वावलंबन से प्राप्त, स्वावलंबी; **Self-will** (obstinacy.) हठ, जिद्।

**Selfish**-सेल्फ्-इश्-*adj.* concerning personal gain. स्वार्थपर, स्वार्थी।

**Sell**-सेल्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Sold**) to dispose of in exchange for money, to betray. बिक्री करना, बेचना, विश्वासघात करना, (मान, धर्म आदि) बेचना; **To sell off** (to dispose of remainder at cheap rate.) बचा-बचाया माल सस्ते दाम पर बेचना।

**Seller**-सेल्'-लर्-*n.* one who sells. बेचनेवाला, विक्रेता।

**Selvage**-सेल्-वेज्-*n.* woven edge of cloth. किनारा, गोट।

**Selves**-सेल्'-व्ज्-*n. pl.* of **Self.**

**Semaphore**-सेम्' - अ-फ़ोर्-*n.* signalling post with arms. संकेत का बाहुयुक्त स्तंभ, बाहु-संकेत।

**Semasiology**-सिमेसिॲलॅजि-*n.* science of meanings of words. शब्द-विज्ञान, शब्दार्थ-शास्त्र।

**Sematic**-सि-मॅट्-इक्-*adj.* (animals) of colour which gives protection from enemy. शत्रु से बचाव करनेवाले रंगवाला (पशु)।

**Semblance**-सेम्' - ब्लेन्स् - *n.* likeness, appearance. रूप, सादृश्य, आभास, झलक।

**Semen**-सी'-मेन्-*n.* generative fluid of male animals. शुक्र, वीर्य।

**Seminal**-सेम्'-इ-नल्-*adj.* pertaining to semen. शुक्र-सम्बन्धी, वीर्य।

**Semi**-सेमि-*pref.* (*as hemi, demi.*) in sense of "half". "अर्ध" के अर्थ का उपसर्ग।

**Seminary**-सेमिनरि-*n.* place of education. पाठशाला, विद्यालय।

**Seminate**-सेमि'-न्-एट्-*v. t. & i.* to propagate, to sow. वंश बढ़ाना, बीज बोना।

**Semiology**-सेमि-ॲ-लॅ'-जि-*n.* branch of medical science dealing with symptoms of diseases. रोग-निदान या रोग-लक्षण शास्त्र।

**Sempiternal**-सेम्-पि - टर्नल् -*adj.* everlasting, eternal. चिरंतन, नित्य।

**Sempiternity**-सेम्'-पि-टर्निटि-*n.* eternity. नित्यता, चिरंतनता।

**Sempster**-सेम्'-स्टर् -*n.* (*fem.* **Sempstress**) one who sews. सीनेवाला, दर्जी।

**Senate**-सेनेट्-*n.* state council, governing body of university. राज्य-सभा, (विश्वविद्यालय की) प्रबन्धकारिणी सभा।

**Senatorial**-सेन-टोर्' - इ - अल् - *adj.* pertaining to senate. राज्य-सभा संबंधी, प्रबन्धकारिणी सभा-संबंधी।

**Send**-सेन्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Sent.**) to cause to go, to dispatch, to cause to become. भेजना, प्रस्थान कराना, (ईश्वर का) किया हुआ होना; **Send-off** (starting on journey, departing.) विदाई; **To send away** (to dispatch.) रवाना करना, भेजना; **To send bullet** (to shoot.) गोली चलाना; **To send for** (to tell someone to come.) बुला भेजना; **To send forth** (to dispatch.) भेजना।

**Sender**-सेन्डर - *n.* one who sends. भेजनेवाला, प्रेषी, प्रेषक।

**Seneschal**-सेनि - शल्-*n.* steward. कार-परदाज या प्रबंधक (अंग्रेज सामंतों का)।

**Senile**-सी-नाइल्-*adj.* pertaining to old age. वृद्धावस्था या जरा-सम्बन्धी।

**Senility**-सीनिलि'- टि - *n.* old age. जरा, बुढ़ापा, वृद्धावस्था की कमजोरी।

**Senior**-सीनिअर-*adj.* older, of higher



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


rank. वयोवृद्ध, वरिष्ठ, प्रवर

**Seniority**-सीनिअरिटि-*n.* priority in age or office ज्येष्ठता, वरिष्ठता, प्रवरता।

**Senna**-सेन्'-ना-*n.* dried leaves of plant used as purgative. सनाय की पत्ती।

**Sennet**-सेन्' - नेट्-*n.* signal call on trumpet. तुरही-नाद द्वारा बुलाने का संकेत।

**Sennight**-सेन्'-नाइट्-*n.* seven nights, week. सप्ताह, सात रात।

**Sennit**-सेन्' - निट्-*n.* flat braided or round cord. चिपटा या गोल रस्सा।

**Sensation**-सेन्-से-शन्-*n.* perception of external objects by senses, power of feeling, excitement. इंद्रिय-संवेदन, संवेदना, उत्तेजना या सनसनी। **Sensational**-सेन्-से'-शनल्-*adj.* pertaining to sensation. इंद्रिय-संवेदन सम्बन्धी, सनसनीदार।

**Sense**-सेन्स्-*n.* bodily faculty by which sensation is roused, consciousness, practical prudence, meaning. इंद्रिय, संवेद, इन्द्रिय-ज्ञान, चेतना, बोध, विचार-बुद्धि, अर्थ या तात्पर्य; **A man of sense** (sagacious person.) समझदार पुरुष, **Common sense** (practical intelligence.) सामान्य बुद्धि, साधारण ज्ञान; **Literal sense** (meaning.) शब्दार्थ, शाब्दिक अर्थ; **Out of one's senses** (mad, senseless.) बुद्धिभ्रष्ट, पागल; **Pleasures of senses** (pleasures depending on sensation.) विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; **Sense of action** (organ or limb of body that functions.) कर्मेन्द्रिय; **Sense of obligation** (appreciation of obligation.) कृतज्ञ-भाव; **Sense of perception** (faculty of perceiving through senses.) ज्ञानेन्द्रिय; **Sense of pleasure** (consciousness of pleasure.) सुख का अनुभव।

**Senseless**-सेन्स्'-सेस्-*adj.* unreasonable, foolish. ज्ञानहीन, निर्बुद्धि।

**Sensibility**-सेन्स्-इ-बिल्'-इ-टि-*n.* state or quality of being sensible. संवेदन-शक्ति, इन्द्रियग्राह्यता, विचार-बुद्धि, समझदारी।

**Sensible**-सेन्'-सि - ब्ल्-*adj.* able to be perceived, appreciable, having sound sense, intelligent. संवेद्य, इन्द्रिय-ग्राह्य, बोधगम्य, विचारवान्, बुद्धिमान्, समझदार।

**Sensibly**-सेन्स्'-इ-ब्लि-*adv.* in sensible manner. समझदारी विचार आदि से।

**Sensitive**-सेन्' - सि - टिव्-*adj.* easily moved, feeling keenly. मार्मिक, संवेदी, संवेदनशील, सुग्राही; **Sensitive market** (market which is liable to quick changes of price.) नाजुक या सुलभ्य बाजार; **Sensitive paper** (paper which receives impressions from light.) सुग्राही कागज।

**Sensual**-सेन्'-शु - अल्-*adj.* of senses, not spiritual, worldly. वासनामय, विषयी, विषयासक्त, भोगासक्त, कामुक।

**Sensualist**-सेन्'-शु - अलि - स्ट्-*n.* voluptuous person. विषयी या कामुक मनुष्य।

**Sensuality**-सेन्' - शु-अलिटि-*n.* gratification of appetites. इन्द्रियासक्ति, विषय-भोग।

**Sensuous**-सेन्'-शु - अस्-*adj.* derived from senses. ऐन्द्रिय, इन्द्रिय जनित, इन्द्रियासक्त, विषयी।

**Sent**-सेन्ट्-*v., p. t. & p. p.* of **Send.**

**Sentence**-सेन्'-टेन्स्-*n.* complete unit of thought put into words, or punishment by verdict of judge, maxim. वाक्य, दण्ड की आज्ञा, सूक्ति, सूत्र; -(सेन्'-टेन्स्') -*v. t.* to pass penal judgment on. दण्ड या सजा देना।

**Sententious**-सेन्' - टेन्' - शस्-*adj.* full of


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

maxims. सूक्तियों या सूत्रों से परिपूर्ण।

**Sentience-सेन्श्य - न्स-*n.*** consciousness. चेतना, संवेदन।

**Sentient-सेन्श्य - न्ट-*adj.*** feeling, perceiving, sensitive. चेतन, संवेदनशील।

**Sentiment-सेन्'-टि-मेन्ट-*n.*** sum of one's feelings, emotions, opinions, etc. संवेद, भाव, मनोभाव, भावुकता, विचार।

**Sentimental-सेन्'-टि-मेन्टल-*adj.*** swayed by sentiment, emotional. संवेदशील, भावुक।

**Sentinel-सेन्'-टि - नेल-*n.*** soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार; **-*v. t.*** to guard. पहरा देना।

**Sentry-सेन्-ट्रि-*n.*** (*pl.* Sentries) soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार।

**Sepal-सेप्'-अल-*n.*** leaf of calyx. वाह्यदल।

**Separable-सेपर्-ऍ-अल-*adj.*** that can be separated. अलगाने योग्य, विच्छेद्य, वियोज्य।

**Separate-सेप-रेट-*v. t. & i.*** to divide, to go or set apart, to withdraw. विभाजन करना, अलगाना, पृथक् होना या करना; **-*adj.*** divided, distinct, solitary. अलग, पृथक।

**Separation-सेप-रे' - शन-*n.*** disunion, disjoining. वियोग, विरह, अलगाव, पार्थक्य, पृथक्करण।

**Separatum-सेप-रे-टम-*n.*** (*pl.* Separata) seperate reprint, etc. (लेख आदि का) पृथक मुद्रण।

**Sepia-सी'-पि-आ-*n.*** kind of fish, brown pigment used (in painting.) एक प्रकार की मछली, (चित्रकारी का) बदामी रङ्ग।

**Sepoy-सी'-पॉय-*n.*** native Indian soldier. सिपाही।

**Sepsis-सेप्'-सिस-*n.*** putrefaction, blood-poisoning. (घाव की) सड़न, पूति-दोष, रक्त-विपाक्ति।

**Sept, Septum, Septi-सेप्ट, सेप्'-टम, सेप्-टि-*prefs.*** in sense of 'seven'. "सप्त" के अर्थ के उपसर्ग।

**September-सेप्-टेम्'-बर्-*n.*** ninth month of English year. अंग्रेजी वर्ष का सितंबर महीना।

**Septennial-सेप्-टेन्'-नि-अल-*adj.*** occurring every seventh year. प्रति सातवें वर्ष होनेवाला, सप्त-वार्षिक।

**Septic-सेप्-टिक्-*adj. & n.*** involving poisoning of blood or wound. पूतिदूषित (घाव), विषाक्त (खून या घाव)।

**Sepulchral-सेपल'- क्र-ल-*adj.*** pertaining to tomb, funereal. कब्र या समाधि सम्बन्धी, अंत्येष्टि-क्रिया संबन्धी।

**Sepulchre-सेप्'-अल कर्-*n.*** tomb, grave. समाधि, कब्र।

**Sequacious-सि-क्वे'-शस - *adj.*** inclined to follow, servile. अनुसरण करनेवाला, अनुयायी, चापलूस।

**Sequel-सी-क्वेल-*n.*** consequence, after-effect. नतीजा, परिणाम।

**Sequence-सी'-क्वेन्स-*n.*** series of things, succession. क्रम, अनुक्रम, सिलसिला।

**Sequential-सि-क्वेन्शल-*adj.*** pertaining to sequence. क्रमिक, अनुक्रमिक, सिलसिलेवार।

**Sequester-सि-क्वेस - टर्-*v. t. & i.*** to isolate. पृथक् होना या करना, अलग होना या रखना, अलगाना।

**Sequestrate-*v. t./i.*** See Sequester.

**Sequestrum-सि - क्वेस - ट्रम-*n.*** (*pl.* Sequestra) piece of dead bone separated from living bone but remaining at its place. जीवित हड्डी से अलग करके छोड़ दी गई भग्न या निर्जीव हड्डी का टुकड़ा, मृतास्थि-भंग।

**Seraph-सरफ्-*n.*** (*pl.* Seraphs, Sera-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Seraphic, (-al)** - सेरैफ़िक्, (-अल्)-*adjs.* angelic. गंधर्व-सम्बन्धी, गांधर्व ।

**Serenade-सि-रि'-नेड़-*n.* evening song of lover. ( प्रेमी का ) सांध्य गीत ।

**Serene-सि-रीन्'-*adj.* clear, calm, tranquil. स्वच्छ, निर्मल, शान्त, प्रशांत ।

**Serenity-सि-रि-निटि-*n.* clearness, calmness. स्वच्छता, शान्ति, प्रशांतता ।

**Serf-सर्फ़्-*n.* slave, field-labourer. दास, कृषि-मजदूर ।

**Serfdom-सर्फ़्-डम्-*n.* slavery. दासवृत्ति, दासता ।

**Serge-सर्ज्-*n.* kind of woollen fabric. सर्ज नाम का ऊनी वस्त्र ।

**Sergeant-सर्जन्ट्-*n.* non-commissioned officer in army, officer of police. सेना या पुलिस का सरजेंट; **Lance-sergeant** (sub-rank military officer.) अवर सैनिक अधिकारी विशेष; **Sergeant-major** (senior sergeant.) बड़ा सरजेंट ।

**Serial-सीरिअल्-*adj.* consisting of series. क्रमिक;-*n.* serial publication. ( कहानी आदि का ) क्रमिक या धारावाही प्रकाशन ।

**Sericulture-सेरि-कल्-चर्-*n.* breeding of silk-worms. रेशमी कीड़ों का पालन ।

**Series-सीरीज़्-*n.* ( *sing. & pl.* ) succession of things connected together, set of books. क्रम, सिलसिला, ग्रंथमाला ।

**Serinette-सीर्'-इन्-ऐट्-*n.* instrument for training song birds. कोयल आदि पक्षियों को गाना सिखाने का यन्त्र ।

**Serious-सीरि-अस्-*adj.* grave, solemn, sincere, earnest. गम्भीर, उत्साहपूर्ण, सच्ची लगनवाला ।

**Sermon-सर्मन्-*n.* religious discourse. धर्मोपदेश, कथा, प्रवचन ।

**Sermonize-सर्मनाइज़्-*v. t. & i.* to discourse on religious subject. धार्मिक व्याख्यान देना, प्रवचन सुनाना ।

**Serous-सीर'** - रस् - *adj.* like serum, of consistency of whey, watery. रसीय, तरल, जलीय, द्रवीय ।

**Serpent-सर्'-पेन्ट्** - *n.* snake. सर्प, साँप; **Pharaoh's serpent** (kind of chemical toy which when ignited assumes serpentine coil.) एक प्रकार की आतिशबाजी जो जलाने पर सर्प की कुंडली के आकार की बन जाती है, साँप-खिलौना ।

**Serpentine-सर्'-पेन्ट्** - आइन्-*adj.* like snake. सर्प के आकार का, सर्पिल ।

**Serrate-सर्-रेट्-*v. t.* to make edge like saw. दाँतेदार बनाना;-*adj.* notched like saw. दाँतेदार ।

**Serried-सेर्'** - रिड्-*adj.* without gaps, crowded together. घना सटा हुआ, सघन ।

**Serum-सेरम्-*n.* whey, liquid separating from clog of blood. रस, रक्तोद ।

**Servant-सर्-वन्ट्-*n.* one who is employed to carry out orders of someone, employee. सेवक, दास, नौकर, कर्मचारी ।

**Serve-सर्व्-*v. t. & i.* to work for, to wait upon, to be employed, to behave, to perform, to function, to satisfy requirement, to set meal on table. सेवा करना, नौकरी करना, व्यवहार करना, काम चलना, मतलब हल होना, भोजन परोसना; **It will serve** (It will suffice.) यह पर्याप्त होगा; **To serve out** ( to distribute.) बाँटना; **To serve sentence** ( to undergo imprisonment for full period. ) पूरी अवधि तक दंड या सजा भोगना; **To serve the devil** (to turn sinner.) पाप करना; **To serve the purpose of** (to suffice for, be used



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

as.) काम चल जाना, आवश्यकता पूरी होना, बदले में काम देना।

**Service-सर्व्'-इस-*n.*** act of serving, employment, usefulness, kindness, religious ceremony in church on Sunday. सेवा, नौकरी, उपयोगिता, (रविवार को गिरजाघर में) आराधना; **At one's service** (ready to obey one's orders.) (किसी की) सेवा में तैयार; **To take service with** (to be employed in service.) नौकरी करना, सेवा में लगना।

**Serviceable-सर्व्'-इस्-ऍबूल्-*adj.*** useful. उपयोगी, काम का।

**Serviceably-सर्व्' - इर्सेब्लि-*adv.*** in serviceable manner. उपयोगितापूर्वक।

**Serviette-सर्व्"-इ-ऍट् - *n.*** table-napkin. अँगोछा, तौलिया।

**Servile-सर्'-वाइल्-*adj.*** slavish, meanly, submissive. दासवत्, पुछल्ला।

**Servility-सर्' - वि -लिटि-*n.*** slavishness, meanness. दासता, हीनता, नीचता।

**Servitor-सर्'-वि - टर्-*n.*** servant, attendant. सेवक, चाकर।

**Servitude-सर्'-वि-टूयूड्-*n.*** slavery, bondage. परवशता, दासत्व।

**Sesame-सेंसमि-*n.*** tropical plant with oily seeds. तिल।

**Seseli-सेंसे'-ऍ-लि-*n.*** perennial white-flowered plant. सफेद फूलवाला एक पौधा।

**Session-सेंशन्-*n.*** sitting of court or assembly for transaction of business, time during which such business is done, school year. (न्यायालय, सदन या सभा की) बैठक, अधिवेशन, सत्र।

**Sesspool-सेंस्-पूल्-*n.*** See **Cesspool.**

**Sestet-सेंस्'-टेट्-*n.*** last six lines of sonnet. भावकाव्य या गीत की अंतिम छः पंक्तियाँ।

**Set-सेट्-*v. t. & i.* (*p. t.* & *p. p.* Set)** to put, to appoint, to lay, to adjust, to plant, to fix, to spread, to establish, to sink below horizon. रखना, (टूटी हड्डी) बैठाना, (नगीना) जड़ना, ठीक करना, जोड़ना या लगाना, गाड़ना या जमाना, स्थापित करना, क्षितिज में डूबना; *-adj.* fixed, appointed. स्थिर, नियुक्त; *-n.* tendency, collection of things, persons associated. प्रेरणा, झुकाव, प्रवाह, समूह, मण्डली; **Setback** (check.) अवरोध, रुकावट, रोक; **Set-off** (counter-claim, deduction.) प्रतिदावा, मुजरा, छूट; **Set speech** (speech prepared beforehand.) (पहिले से) प्रस्तुत व्याख्यान; **To set a trap** (to spread net or trap.) जाल बिछाना; **To set about** (to begin.) आरम्भ करना; **To set apart** (to separate from rest.) अलगाना; **To set at defiance** (to defy.) (आपत्ति, शत्रु आदि की) परवाह न करना; **To set at liberty** (to release from bondage.) स्वतन्त्र करना; **To set at naught** (to undervalue.) तिरस्कार करना; **To set by** (to lay by or save.) (रुपए) बचा रखना; **To set fire to** (to kindle fire.) आग लगाना; **To set forward** (to assist progress of.) प्रगति में सहायता देना; **To set free** (to release.) मुक्त करना; **To set in** (to begin.) आरम्भ होना या करना; **To set one's hand** (to sign.) हस्ताक्षर करना; **To set out** (to start on journey.) यात्रा पर चल पड़ना; **To set table** (to lay tables for dinner.) भोजन के लिए मेज लगाना; **To set the watch** (to put hands to right time.) घड़ी की सूइयाँ मिलाना।

**Settee-सेंटी-*n.*** long seat with back. लंबा बेंच।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


**Settle**-सेंट्'-ल्-*v. t. & i.* to establish, to quiet, to decide, to come to agreement, to appoint. आबाद होना या बसना, स्थापित करना, शांत होना या करना, निर्णय या निपटारा होना या करना, नीचे जमना, बंदोबस्त या निर्धारित करना।

**Settlement**-सेंट्'-टल-मेन्ट्-*n.* act of settling, adjustment, bestowal by legal rights. निर्णय, निपटारा, बंदोबस्त, समझौता, व्यवस्था, बस्ती या उपनिवेश, चुकौती, देवाकी।

**Settler**-सेंट्'-लर्-*n.* colonist. उपनिवेशी।

**Seven**-सेव्-न्-*n. & adj.* one more than six. सप्त, सात।

**Seventeen**-सेव्-न्-टीन्-*n. & adj.* सत्रह; **Seventeenth** (-टीन्थ्) - *adj.* सत्रहवाँ।

**Seventy**-सेव् - न् - टि - *adj. & n.* सत्तर; **Seventieth** (-टि-यथ्) - *adj.* सत्तरवाँ।

**Sever**-सेव्'-अर्-*v. t. & i.* to separate, to be separated. अलग करना, अलग होना।

**Severance**-सेव्'-अर् - अन्स्-*n.* separation. अलगाव, विच्छेद।

**Several**-सेव्'-अरल्-*adj.* distinct, many, separate, individual. कई, विभिन्न, अनेक, अलग, पृथक्।

**Severally**-सेव्'-अरलि - *adv.* separately. अलग-अलग, पृथक्-पृथक्।

**Severe**-सि-व्रीअर्'-*adj.* strict, serious, harsh, very painful. कड़ा, कठोर, सख्त, अत्यन्त कष्टदायक।

**Severity**-सिव्रैरिटि-*n.* strictness, hardness. कठोरता, कड़ाई।

**Severy**-से-वरि-*n.* partition in vaulted ceiling. भीतरी छत का मेहराब।

**Sew**-सो-*v. t.* (*p. t.* Sewed, *p. p.* Sewn.) to fasten with stitches. सीना, टाँका लगाना।

**Sew**-स्यू-*v. t. & i.* to drain off, to ooze out. पानी बहाना या बहना, पानी का धीरे-धीरे निकलना।

**Sewage**-स्यू'-एज्-*n.* city refuse carried away through drains, system of drains. शहरी जल, कीच या मल, परनालियाँ।

**Sewer**-स्यू-अर्-*n.* underground drain. नाली, मोरी।

**Sewerage**-स्यू-अर्-एज्-*n.* drain. परनाला।

**Sewing**-स्यू'-इङ्ग् - *n.* stitching, tailoring. सीने का कार्य, सिलाई।

**Sewn**-स्यून्-*p. p.* of Sew.

**Sex**-सेक्स्-*n.* characteristics which distinguish male from female. योनि या लिंग, यौनता; **The fair sex** (women.) स्त्री जाति; **The male sex** (men.) पुरुष जाति।

**Sexagenarian** - सेक्सजिनें रि - अन् - *n.* person sixty years of age. साठ वर्ष की आयु का मनुष्य, साठा।

**Sextant**-सेक्स्'-टन्ट्-*n.* sixth part of circle, instrument for measuring angular differences. वृत्त का छठा भाग, षष्टक, कोण का अंश आदि नापने का उपकरण।

**Sexto**-सेक्स्-टो-*n.* book formed by folding paper into six folds. कागज की छः परतें मोड़कर बनी हुई पुस्तक।

**Sexton**-सेक्स्'-टन्-*n.* officer in charge of church property. गिरजाघर की संपत्ति का प्रबंधक।

**Sexual** - सेक्स्' - यु-अल्-*adj.* of sexes or genitals. स्त्री या पुरुष सम्बन्धी, लैङ्गिक, यौन, कामवासना या मैथुन संबन्धी, कामुक।

**Sexualist**-सेक्स्'-यु-अल्-इस्ट्-*n.* one who knows sexual mysteries. यौन रहस्यों का ज्ञाता, कामशास्त्री।

**Shabbily**-शैबिलि-*adv.* in shabby manner. मैले-कुचैले ढंग से, गरीब की तरह।

**Shabby**-शैबि-*adj.* threadbare, mean,



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

poor-looking, dirty. जीर्ण, फटा-पुराना, दरिद्र, मैला-कुचैला।

**Shackle** - शैक्' - कल् - *n.* fetters, hindrance. बेड़ी, शृङ्खला, बंधन, बाधा; -*v. t.* to fetter, to hinder. बेड़ी डालना, बाधा डालना।

**Shade**-शेड्-*n.* place sheltered from sun, screen, variation of colour, darker part of drawing, spirit, slight difference. छाया, छायादार स्थान, पर्दा, (चित्र कला में) रंग का उतार-चढ़ाव, चित्र में गाढ़े रंग का भाग, प्रेत, थोड़ा अन्तर; -*v. t.* to screen, to shelter. छाया करना, ढाँकना; **To throw into the shade** (to outshine.) (किसी की तुलना में) अधिक उत्कर्ष पर पहुँचना।

**Shadiness**-श-डि-नेंस्-*n.* state of being shady. धुँधलापन, छाया।

**Shadow**-शैड्'-ओ-*n.* shade, shade cast by object, unreal appearance, protection, constant follower, phantom. छाया, परछाईं, प्रतिबिंब, असार वस्तु, आभा, शरण, अनुचर, प्रेत; -*v. t.* to shade, to overspread with shadow. छाया करना, ढकना, ढाँकना, शरण देना या बचाना।

**Shadowy**-शैड्'-ओ-इ-*adj.* overspread with shadow, gloomy, dark, unreal. छायादार, अवास्तविक, असार।

**Shady**-शेडि-*adj.* giving shade. छायादार।

**Shaft**-शौफ्ट्-*n.* handle of tool, slender pole, dart, arrow, long axle of machine. (भाले आदि का) दंड या डंडा, मुठिया, क्षेप्यास्त्र, तीर, (यन्त्र का) लम्बा धुरा।

**Shag**-शैग्-*n.* rough growth of hair. रूखे बाल।

**Shaggy**-शैगि-*adj.* rough, coarse. रूखा, खुरदरा।

**Shake**-शेक्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Shook**, *p. p.* **Shaken**) to move with hands, to tremble, to vibrate, to totter, to disturb. हिल(ा) ना, (हाथ) मिलाना, काँपना, काँपाना, थर्राना, लड़खड़ाना, डावाँडोल करना, नींव हिलाना, व्याकुल करना; -*n.* trembling motion, clasp of hands. कंपन, काँपाव, थर्राहट, हाथ मिलाना; **To shake down** (to cause fruit to fall by shaking.) हिलाकर (पेड़ से) फल गिराना; **To shake in one's shoes** (to tremble with fear.) भय से काँपना; **To shake off** (to get rid of.) छुटकारा पाना; **To shake off the dust from one's feet** (to sever all connections with.) सब सम्बन्ध तोड़ देना।

**Shakiness**-शे कि-नेंस्-*n.* state of being shaky. कंपन, अस्थिरता, अदृढ़ता।

**Shaking**-शेक्-इङ्ग्-*n.* & *adj.* agitation, trembling. व्याकुलता, थर्राता या काँपता हुआ।

**Shaky**-शे कि-*adj.* unsteady, tottering. अस्थिर, अदृढ़, डावाँडोल, प्रकंपित।

**Shale**-शेल्-*n.* kind of stone which readily splits into layers. परतदार पत्थर।

**Shall**-शैल्-*v. anx.* (*p. t.* **Should**) औचित्य-सूचक-या गा, गी आदि का सूचक सहायक क्रिया।

**Shalloon**-शैल्-लून्'-*n.* light woollen cloth used for linings. अस्तर का हल्का ऊनी वस्त्र।

**Shallop**-शैलप्-*n.* kind of small light boat. हल्की छोटी नाव।

**Shallot**-श-लॉट्-*n.* plant like onion. प्याज के सदृश एक पौधा।

**Shallow**-शैल्'-लो-*adj.* (*comp.* **Shallower**, *sup.* **Shallowest**.) not deep, trivial, superficial. उथला, छिछला, तुच्छ, ओछा।

**Shallowness**-शैल्'-लो-नेंस्-*n.* state of being shallow. छिछलापन, ओछापन।

**Shalt**-शैल्ट्-*second pers. sing* of **Shall**.



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sham**-शॅम्-*n.* pretence, counterfeit, imposture. बहाना, पाखंड, धोखा; -*v. i.* (*p. t.* **Shammed**) to make pretence. बहाना करना।

**Shamble**-शॅम्'-बल्-*v. t.* to walk or run in awkward manner. भद्दी तरह चलना या दौड़ना।

**Shambles**-शॅम्'-ब्ल्ज़्-*n.* butcher's slaughter-house, meat market. कसाई, कसाई बाजार।

**Shame**-शेम्-*n.* feeling of humiliation, dishonour. लज्जा, निंदा, कलंक; -*v. t.* to make ashamed, to bring shame on. लज्जित करना, कलंकित करना।

**Shameful** - शेम्' - फ़ुल् - *adj.* causing shame, disgraceful. लज्जाजनक।

**Shameless**-शेम्' - लेस्-*adj.* wanting in shame or modesty. निर्लज्ज, बेहया।

**Shampoo**-शॅम्पू-*n.* & *v. t.* to wash or rub head with soap, lather, etc. साबुन रगड़कर सिर के बाल धोना, तेल मालिश (करना)।

**Shampooer**-शॅम्-पू'-अर्-*n.* one who massages limbs or head. मर्दन या मालिश करनेवाला।

**Shank**-शॅङ्क्'-*n.* part of leg from knee to ankle. पैर की नली, पिण्डली।

**Shanked**-शॅङ्क्'-ड्-*adj.* having shank. पिण्डलीयुक्त।

**Shanny**-शॅनि-*n.* kind of European sea fish. यूरोप देश की एक प्रकार की समुद्री मछली।

**Shanty**-शॅन्टि-*n.* (*pl.* **Shanties**) hut. झोंपड़ी।

**Shapable**- शे-पे - ब्ल्-*adj.* able to be moulded. (साँचे में) ढालने योग्य।

**Shape**-शेप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Shaped**, *p. p.* **Shaped** *or* **Shapen.**) to give form to, to construct, to mould, to adapt, to image. आकार धारण करना, किसी आकृति का होना या बनाना, (साँचे में) ढालना, रचना, मूर्ति बनाना; -*n.* form, appearance, expression, mould. आकृति, आकार, रूप, बनावट, साँचा।

**Shapeless**-शेप्' - लेस्-*adj.* devoid of regular form, of ugly form. निराकृति, भद्दा।

**Shapely**-शेप'-लि-*adj.* of good appearance, etc. सुरूप, सुन्दर, सुडौल।

**Shaper**-शेप्' - अर्-*n.* turning machine. खरादने की कल या मशीन, खराद-यंत्र।

**Shard**-शार्ड्-*n.* piece of stone, &c., put over hole in flower-pot. फूलदान के ऊपर रखने का शिला-खंड।

**Share**-शेअर्-*n.* portion, allotment, iron blade of plough. अंश, भाग, हिस्सा, हल का फार; -*v. t.* to divide property, to get or have portion of, to endure jointly. (संपत्ति का) भाग लगाना, अंश लेना, भाग बँटाना; **Share-holder** ((owner of share.) अंशधारी।

**Sharer**-शेअर्'-अर्-*n.* one who shares with another. अंशभागी, हिस्सेदार।

**Shark**-शार्क्-*n.* fierce seafish, cheat. एक भयंकर समुद्री मछली, ठग।

**Sharp**-शार्प्-*adj.* having keen edge or point, quick to understand, careful, witty, harsh, severe, artful, shrill, painful. पैना या तीक्ष्ण, नोकीला, नोकदार, तीव्र, सावधान, कष्टदायक (पीड़ा), कर्कश, छली, उग्र;-*n.* cheat. ठग; -*adv.* at right or present time. ठीक समय पर, अभी-अभी; **Sharp-cut** (clearly defined.) स्पष्ट-निरूपित या निर्दिष्ट; **Sharp-set** (hungry) भूखा; **Sharp-shooter** (rifleman who shoots with exactness.) सही निशानेबाज या गोलंदाज।

**Sharpen**-शार्प्'-न्-*v. t.* & *i.* to make


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

or become sharp. तेज करना या होना, सान धराना, तीव्र-बुद्धि बनाना।

**Sharpener**-शार्प्'-नर्-*n.* one who sharpens. सान धरनेवाला, तेज करनेवाला।

**Sharper**-शार्प्'-अर्-*n.* cheat. ठग।

**Sharply**-शार्प्'लि-*adv.* in sharp manner, punctually. रूखेपन या कठोरता से, सावधानी से, उग्रता से, ठीक समय पर।

**Shatter**-शैट्'-टर्-*v. t. & i.* to break into pieces, to split, to derange. टुकड़े-टुकड़े होना या करना, (आशा, स्वास्थ्य आदि) भंग या चकनाचूर होना या करना।

**Shave**-शेव्-*v. t. & i.* (*p. t.* Shaved, *p. p.* Shaved or Shaven.) to remove hair on head or chin with razor, to split into thin slice. बाल मूँड़ना, दाढ़ी बनाना, छीलना (लकड़ी आदि)।

**Shaveling**-शेव्'लिङ्ग-*n.* shaven person, monk. सिर मुड़ा व्यक्ति, संन्यासी।

**Shaver**-शेव्'र्-*n.* barber, youngster, sharp or extortionate dealer. नापित, बाल मूँड़नेवाला, छोकड़ा, किशोर, महँगा बेचनेवाला व्यापारी।

**Shaving**-शेव्'-इङ्ग्-*n.* removing hair on head, etc., splitting. हजामत, छिलाई।

**Shawl**-शॉल्-*n.* woollen cloth for shoulders. शाल, दुशाला।

**She**-शी-*pron.* (*obj.* Her, *poss.* Hers; Her, *pl.* They) used for female. वह या उसने (स्त्री), यह (स्त्री)।

**Sheaf**-शीफ्-*n.* (*pl.* Sheaves) bundle of sticks, corn-stalks, etc. गट्ठा, पुलिन्दा, अनाज का बोझ या पूला।

**Shealing**-शील्-इङ्ग्-*n.* small hut or cottage. झोपड़ी, कुटी।

**Shear**-शिअर्-*v. t.* (*p. t.* Sheared, Shore, *p. p.* Sheared, Shorn.) to clip wool, etc. ऊन काटना या कतरना।

**Shearer**-शिअर्'-अर्-*n.* one who shears. ऊन काटनेवाला या कतरनेवाला।

**Shearling**-शिअर्'-लिङ्ग्-*n.* sheep once shorn. एक बार मुँड़ी हुई भेड़।

**Shears**-शिअर्ज्'-*n. pl.* large scissors. बड़ी कैंची।

**Sheat-fish**-शीट्'-फिश्-*n.* kind of large fresh-water fish. मीठे जल की एक बड़ी मछली।

**Sheath**-शीथ्-*n.* cover for sword, knife, &c., thin covering. असिकोष, म्यान, आवरण, महीन खोली।

**Sheathe**-शीद्-*v. t.* to put into sheath, etc. म्यान आदि में रखना।

**Shebeen**-शि-बीन्'-*n.* house in which unlicensed liquors are made and sold. अवैध शराब की भट्ठी।

**Shed**-शेड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Shed.) to let fall. (पत्तियों का) झरना, पत्तियाँ गिराना; *n.* outhouse. गोसवारा, ओसारा।

**Sheen**-शीन्-*n.* brightness, splendour. प्रभा, तेज, चमक।

**Sheeny**-शीनि'-*adj.* bright. चमकदार।

**Sheep**-शीप्-*n.* (*pl.* Sheep.) (*male* Ram, *female* Ewe, *young one* Lamb.) woolly ruminant. भेड़; Sheep without a shepherd (helpless crowd.) असहाय परिवार, जनसमूह आदि; To cast sheep's eyes (to glance amorously.) प्रेम-दृष्टि डालना; To follow like sheep (to follow imitatively.) अंधानुसरण करना।

**Sheep-cote**-शीप्-कोट्-*n.* enclosure for sheep. भेड़ों का बाड़ा।

**Sheep-faced**-शीप्-फ़ेस्ड्-*adj.* bashful. लज्जालु।

**Sheep-fold**-शीप्-फोल्ड्-*n.* enclosure for



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sheep. भेड़ों की बाड़ी।

**Sheepish-शीप्'-इश्-*adj.* timid, bashful.** डरपोक, लज्जालु।

**Sheer-शिअर्-*adj.* downright, absolute, very steep.** निपट, निरा, खड़े बल का, लंबवत् ऊँचा; *-v. i.* to move away, to slip. अलग होना, खिसकना।

**Sheet-शीट्-*n.* broad piece, extended surface, sail.** चादर, चद्दर, विस्तार, पाल।

**Sheeting-शीट्'-इङ्-*n.* cloth for sheets.** चादर का कपड़ा; **Sheeting-glass** (thin glass-plate.) काँच की पतली चद्दर।

**Shelf-शेल्फ्-*n.* (*pl.* Shelves.)** horizontal board, projecting cliff. अलमारी, टाँड़, उभड़ी चट्टान।

**Shell-शेल्-*n.* hard protective covering** of certain eggs, fruits, etc., bomb, outline of plan, a conch trumpet. छिलका या खोल, बम का गोला, योजना का प्रकार, स्वरूप आदि, शुक्ति, घोंघा; *-v. t. & i.* to remove from shell, to bombard. छिलका उतारना, बम या गोले से उड़ाना; **Shell-buttons** (buttons made of metal discs covered with cloth.) कपड़े में सिले हुए धातु के बटन; **Shell-proof** (proof against projectiles.) गोली द्वारा अभेद्य।

**Shellac-शेल्'-लैक्-*n.* lac in thin plates.** चपड़ा, लाख।

**Shelling-शेल्'-लिङ्ग्-*n.* act of throwing shells.** गोली-वर्षा, बम-बाजी।

**Shelter-शेल्'-टर्-*n.* place or condition of refuge.** आश्रय, शरण; *-v. t.* to give shelter. शरण या आश्रय देना।

**Shelty-शेल्'टि-*n.* kind of pony.** एक प्रकार का टट्टू।

**Shelve-शेल्व्-*v. t. & i.* to put on shelf, to provide with shelves.** टाँड़ पर रखना, टाँड़ लगाना; **Shelving-शेल्'विङ्ग्-*adj. & n.* sloping, shelf.** ढालुआँ, टाँड़।

**Sheol-शीओल्-*n.* place of departed pirits.** प्रेतस्थान।

**Shepherd-शेप्'-अर्ड-*n.* (*fem.* Shepherdess)** keeper of sheep, pastor. गड़ेरिया; *-v. t.* to tend sheep, to watch and guide. भेड़ चराना, रखवाली करना।

**Sherbet-शर्बट्-*n.* cooling drink composed** of water, sugar and lemon juice. शर्बत।

**Sheriff-शेर्'-इफ्-*n.* chief officer of county.** (विलायत में) परगना अधिकारी।

**Sherry-शेर्'रि-*n.* white wine of Spain.** स्पेन देश की श्वेत मदिरा।

**Shew-शो-*v. t.* same as Show.**

**Shibboleth-शिब्'-अॅ-लेथ्-*n.* peculiarity** of behaviour (principle, etc.) of party. दलीय या राष्ट्रीय विशेषता या सिद्धांत, नारा आदि।

**Shield-शील्ड्-*n.* defensive armour,** one who or that which defends. आड़, ढाल, बचानेवाला, रक्षक; *- v. t.* to defend. प्रतिरक्षा या आड़ करना, बचाना; **The other side of the shield** (less obvious aspect of question.) किसी विषय का दूसरा पहलू।

**Shift-शिफ्ट्-*v. t. & i.* to remove or move, to transfer, to substitute, to vary one's opinion, to contrive, to put off.** (स्थान से) हटाना, स्थिति से हटना, स्थान बदलना, समारोपण करना, विचार पलटना, युक्ति, कौशल आदि से काम निकालना, टालना; *-n.* change, trickery, recourse. बदलना, छल, साधन; **To shift about** (to change positions.) अपनी स्थिति, पक्ष, विचार आदि बदलते रहना; **To shift one's ground** (to take up new position.)



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नई स्थिति या चाल अपनाना।

**Shiftiness**-शिफ़्ट' - इ - नेस्-*n.* srate of being shifty. कपट, छल, बहाना, अस्थिरता।

**Shiftless**-शिफ़्ट'-लेस् - *adj.* devoid of means. साधनहीन, असमर्थ।

**Shifty**-शिफ़्टि-*adj.* tricky. छली, कपटी, अस्थिर, कहीं जमकर न टिकनेवाला।

**Shilling**-शिल'-लिङ्ग् -*n.* British coin worth 12*d.* इंगलैंड देश का शिलिङ्ग नामक सिक्का।

**Shilly-shally** - शिल' - लि -शील'-लि-*n.* inability to fix mind. चित्त या मन की अस्थिरता, अनिश्चित भावना।

**Shim**-शिम्-*n.* thin wedge of wood or metal used in machinery. (लकड़ी या लोहे की) फन्नी।

**Shimmer**-शिम्'-मर्-*v. i.* to shine with quivering light. जगमगाना, झिलमिलाना; -*n.* quivering light. जगमगाहट, झिलमिलाहट।

**Shin**-शिन्-*n.* forepart of leg. पैर की नली; **Shin-guard** (guard for protection of shin.) पैर की नली या पिण्डली का त्राण, पादास्थि-त्राण।

**Shindy**-शिंडि-*n.* noise, uproar, disturbance. उपद्रव, कोलाहल, बलवा।

**Shine**-शाइन्-*v. i.* (*p. t.* Shone-शोन्) to give bright light, to be bright. (सूर्य आदि का) चमकना; -*n.* brightness, lustre. प्रकाश, चमक।

**Shingle**-शिङ्ग्'-ग्ल्-*n.* thin strip of wood, round pebbles. पतला पटरा, चिकना गोल कंकड़।

**Shingles**-शिङ्ग्' - ल्स् - *n. pl.* kind of skin disease. स्नायविक चर्म रोग।

**Shining**-शाइन्' - इङ्ग् - *adj.* glowing, brilliant. चमकदार, तेज।

**Shiny**-शाइनि - *adj.* bright. चमकदार, प्रकाशमान्।

**Ship**-शिप्-*n.* navigable vessel bigger than boat. जहाज; -*v. t.* (*p. t.* Shipped.) to embark, to put on board ship. जहाज पर लादना या रवाना होना।

**-ship**-शिप्-*suf.* forming abstract nouns. भाववाचक संज्ञा का प्रत्यय।

**Shipment**-शिप्'-मेन्ट्-*n.* goods put on board ship. (जहाज पर लदा) माल।

**Shipping**-शिप्'-पिङ्ग्-*n.* ships, ship-transport. जहाज, नौ या जहाजी परिवहन।

**Shipwreck**-शिप्'-रेक्-*n.* & *v. t.* destruction of ship, to ruin ship. पोत-दुर्घटना, पोत-ध्वंस, (जहाज का) दुर्घटना-ग्रस्त या जलमग्न होना।

**Shipwright**-शिप् - राइट्-*n.* workman employed in building ship. जहाज बनानेवाला, पोत-शिल्पी।

**Ship-yard**-शिप्'-यार्ड्-*n.* yard in which ships are built. जहाज-निर्माण केंद्र, जहाजी तट-प्रांगण आदि।

**Shire**-शायर्-*suf.* county. परगना, कस्बा।

**Shirk**-शर्क्-*v. i.* to avoid doing one's duty. काम से भागना, जी चुराना।

**Shirker**-शर्क्-अर्-*n.* one who evades duty. कामचोर।

**Shirt**-शर्ट-*n.* man's undergarment. कमीज।

**Shirting**-शर्टि-ङ्ग्-*n.* cloth for shirts कमीज का कपड़ा।

**Shirtless**-शर्ट्'-लेस्-*adj.* without shirt. बिना कमीज का।

**Shit**-शिट्-*v. i.* to evacuate bowels. मल त्यागना; -*n.* abusive word. अपशब्द, गाली।

**Shiver**-शिव्-अर्-*v. t.* & *i.* to tremble. to shatter to pieces. काँपना, थर्राना, टुकड़े-

Hat हॅट ; Hot हॉट ; Measure मेंज़र

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टुकड़े करना; -*n.* trembling. कंपन, कँपाव।

**Shivering-शिव्'-अर्-इङ्ग्-*n.* trembling. कम्प, कँपाव।

**Shiveringly-शिव्'-अर्-इङ्ग्-लि-*adv.* in shivering manner. काँपते हुए।

**Shoal-शोल्-*n.* shallow part of river, multitude of fishes. नदी का छिछला और बलुआ किनारा, मछलियों का झुंड; -*v. i.* (of fishes, etc.) to crowd. (मछलियों आदि का) भीड़ मचाना या लगाना, एकत्र होना।

**Shoaly-शोलि-*adj.* shallow. छिछला।

**Shock-शॉक्-*n.* collision, sudden mental impression, violence to feeling, emotion, etc. आकस्मिक आघात, धक्का, झटका, टक्कर; -*v. t.* & *i.* to collide violently, to offend mentally. धक्का देना या लगना, मानसिक आघात पहुँच(ा)ना।

**Shock-शॉक्-*n.* corn sheaves, shaggy hair. अनाज का गट्ठा, बिखरे हुए बाल।

**Shocker-शॉक्'-अर्-*n.* sensational cheap novel. संवेदी उपन्यास, सस्ता रोमांचपूर्ण उपन्यास।

**Shock-headed-शॉक्' - हेड् - एड्-*adj.* having rough hair on head. रूखे और नाटे बालोंवाला।

**Shocking-शॉक्'-इङ्ग्-*adj.* giving or causing shock. आकस्मिक आघात या धक्का पहुँचानेवाला, सनसनीपूर्ण।

**Shod-शॉड्-*v.*, *p. t.* of Shoe.

**Shoddy-शॉडि-*n.* inferior cloth made from old cloth. पुराने कपड़ों का बना वस्त्र; -*adj.* worthless. रद्दी।

**Shoe-शू-*n.* foot-covering, metal plate nailed to animal's hoof. जूता, नाल; -*v. t.* (*p. t.* Shod) to fit with shoe. नाल ठोकना या जड़ना; **Shoe-black** (one who blacks shoes.) जूते पालिश करनेवाला; **Shoe-horn** (curved piece of horn or metal for putting on shoes.) जूता पहिनाने का उपकरण; **Shoer** (-अर्)-*n.* horse-shoer. नालबन्द; **To die in one's shoes** (to be hanged.) फाँसी पड़ना।

**Shone-शॉन्-*v.*, *p. t.* of Shine.

**Shoo-शू-*interj.* sound to fright birds. चिड़ियों को भगाने या डराने का शब्द।

**Shook-शूक्-*v.*, *p. t.* of Shake.

**Shoot-शूट्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Shot.) to fire bullets, to discharge arrows, to hurl, to dart forth, to pass swiftly by, to sprout, to photo. गोली या तीर चलाना, गोली से मारना, तेजी से दौड़ना या भागना, अंकुरित होना, द्रुत-चित्र लेना; -*n.* act of shooting, shooting party, sprout. सवेग निक्षेप, गोली की मार, तीरंदाजी, अंकुर(ण); **Shooting star** (meteor.) उल्का, लुक।

**Shop-शॉप्-*n.* place where goods are sold. दुकान; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* Shopped.) to buy from shops. सौदा खरीदना (दुकान से)।

**Shopping-शॉप्'-पिङ्ग्-*n.* act of purchasing. (दुकान से) खरीद।

**Shore-शोर्-*n.* land bordering on sea. समुद्र-तट।

**Shoreless-शोर्' - लेस्-*adj.* having no shores. तट-हीन, असीम (सागर)।

**Shoreward (-s)-शोर्-वड्' - *adj.* & (-ज्) -*adv.* towards shore. तट की ओर (का)

**Shore, Shorn-शोर्, शोर्न्-*v.*, *p. t.* & *p. p.* of Shear.

**Short-शॉर्ट्-*adj.* having little height or length, scanty, brief, hasty. छोटा, नाटा, थोड़ा या अल्प या कम, संक्षिप्त, द्रुत;-*adv.* suddenly. यकायक; **A short cut** (short way.) कम दूरी का रास्ता; **In short** (briefly.) संक्षेप में; **Shorthand**

Age एज्; Edge एज्; Pen पेन्; Pain पेन्

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

( abbreviated method of writing. ) आशु-लिपि; **Shorthanded** ( having less workers.) श्रमिकों की कमी या न्यूनता से ग्रस्त; **To come short** ( to disappoint. ) निराश होना, निराशा उत्पन्न करना; **To cut short** ( to finish soon. ) शीघ्र समाप्त या अन्त करना; **To fall short** (to be insufficient.) कम या अपर्याप्त होना; **To take short views** (to consider only of present.) केवल वर्तमान का विचार करना।

**Shortage**-शार्ट्' - ऍज् - *n.* insufficient supply. न्यूनता, कमी।

**Shortcoming**-शॉर्ट्' - कम्-इङ्ग्-*n.* fault, shortness of supply. दोष, न्यूनता, ऐब।

**Shorten**-शॉर्ट्-न्-*v. t. & i.* ( *p.t. & p. p.* **Shortened**) to become or make short. कम या संक्षिप्त होना या करना।

**Shortly**-शार्ट् - लि - *adv.* in short way, soon. संक्षेप में, शीघ्र, झट से।

**Shortness**-शॉर्ट्-नॅस्-*n.* brevity, falling short. संक्षेप, कमी।

**Shorts**-शार्ट्'-स्-*n.* (used *pl.*) short trousers. हाफ-पैन्ट, जाँघिया।

**Short-winded**-शॉर्ट्-विन्ड्-ऍड्'-*adj.* easily exhausted. जल्द थक जानेवाला।

**Short-witted**-शॉर्ट्-विटॅड्-*adj.* not wise. अल्प-बुद्धि।

**Shot**-शॉट्-*n.* act of shooting, bullet, discharge of gun or cannon, marksman. गोलंदाजी, तीरंदाजी, ( बन्दूक या तोप का ) गोला, गोली या तीर चलानेवाला, गोलंदाज या तीरंदाज।

**Shot**-शॉट्-*v., p. t.* of **Shoot.**

**Should**-शुड् - *past & future tense* of **Shall.** चाहिए या करना उचित है, (भविष्य०) गा, गे आदि।

**Shoulder**-शोल्' - डर्-*n.* part of body which joins arm or foreleg to trunk, support. स्कंध, कन्धा, टेक, सहारा; -*v. t. & i.* to push with shoulder, to take upon shoulder. कन्धे से धक्का देना, कन्धा लगाना, दायित्व लेना, **Of broad shoulders** ( strong. ) बलवान्, हृष्ट-पुष्ट; **Old head on young shoulders** (wise young person.) अल्पवयस्क या युवा ज्ञानी।

**Shout**-शाउट्-*n.* loud cry. चिल्लाहट, जोर की पुकार;-*v. t. & i.* to utter loud cry, to speak loudly. चिल्लाना, कोलाहल करना; **To shout at** ( to speak loudly to. ) ( किसी ओर ) चिल्लाकर बोलना या बुलाना।

**Shove**-शोव्-*v. t. & i.* to push along, to sail off from shore. ढकेलना, तट से दूर खे ले जाना; -*n.* pushing. धक्का।

**Shovel**-शव्ल्-*n.* kind of spade for removing coal, earth, &c. बेलचा, शावल; -*v. t.* ( *p. t.* **Shovelled**) to remove with shovel. बेलचे से कोयला, मिट्टी आदि हटाना।

**Shovelful**-शव्ल् - फुल्-*n.* as much as shovel can hold. बेलचाभर।

**Shoveller**-शव्ल्' - लर्-*n.* one who shovels, genus of ducks with broad bills. बेलचा चलानेवाला, चौड़े मुखवाला बत्तख।

**Show**-शो - *v. t. & i.* ( *p. t.* **Showed,** *p. p.* **Shown** ) to present to view, to be visible, to disclose, to exhibit, to direct, to prove, to conduct, to appear. दिखाना, दिखलाना, प्रदर्शित करना, दरसाना, प्रकट करना, दिखाई देना; -*n.* appearance, display, exhibition. प्रदर्शन, प्रदर्शनी, दिखावा।

**Shower**-शॉ'-वर्-*n.* fall of rain, bullets, &c., for short time, large supply. वृष्टि, बौछार, झड़ी;-*v. t. & i.* to rain, to bestow or give money etc., abundantly.



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बरसना, बरसाना, झड़ी लगना या लगाना।

**Showily-शो'-इ-लि-***adv.* in showy manner. दिखावा या आडंबरपूर्ण ढंग से।

**Showiness-शो' - इ - नेस्-***n.* display. दिखावा, ढोंग।

**Showy-शो'-इ-***adj.* making display. दिखावा, आडंबरपूर्ण।

**Shrank-श्रैङ्क्-***v.*, *-p. t.* of Shrink.

**Shrapnel-श्रैप्'-नेल्'-***n.* charged balls of bomb which scatter on explosion. बम या गोले के विस्फोटक छर्रे या चिनगारियाँ।

**Shred-श्रेड्** - *n.* small portion, piece torn or cut off. टुकड़ा, चिथड़ा, लत्ता; *-v. t.* (*p. t.* Shred or Shredded.) to cut or tear into pieces. टुकड़े या चीथड़े करना।

**Shrew-श्रू-***n.* peevish woman. झगड़ालू स्त्री, कर्कशा।

**Shrewd-श्रूड्-***adj.* keen-witted, sagacious, piercing. चतुर, विचारशील, तीक्ष्ण।

**Shrewdness-श्रूड्'** - नेस्-*n.* shrewd quality. चतुरता, समझदारी, तीक्ष्णता।

**Shrewish-श्रू** - इश् - *adj.* ill-natured (woman). कर्कश स्वभाववाली (स्त्री)।

**Shriek-श्रीक्-***n.* sharp shrill scream. चीख; *-v. i.* to scream, to laugh loudly. चीखना. ठहाका मारना।

**Shrift-श्रिफ्ट** - *n.* confession of sin before priest. पादरी के सम्मुख पाप की स्वीकृति या पश्चात्ताप।

**Shrike-श्राइक्-***n.* butcher-bird. कसाई चिड़िया (जो अपने शिकार को काँटों में बेंधा देती है)।

**Shrill-श्रिल्-***adj.* piercing, sharp. तीव्र।

**Shrilly-श्रिल्'** - लि-*adv.* in shrill tone. तेज या कर्कश स्वर में।

**Shrine-श्राइन्-***n.* casket for saint's relics, saint's tomb, sacred place. अस्थि या संत समाधि, तीर्थस्थान, मन्दिर।

**Shrink-श्रिङ्क्-***v. t. & i.* (*p. t.* Shrank, *p. p.* Shrunken, Shrunk) to contract in dimensions, to draw back. सिकुड़ना, सिकोड़ना, सकुचना।

**Shrinkable-श्रिङ्क्'-ऐ-बल्-***adj.* able to contract. सिकुड़ने योग्य, संकुचित होने या करने योग्य।

**Shrinkage-श्रिङ्क्'-एज्-***n.* contraction. सिकुड़न, संकुचन।

**Shrinker-श्रिङ्क्'** - अर्-*n.* one who shrinks. संकोची व्यक्ति।

**Shrive-श्राइव्-***v. t.* (*p. t.* Shrove, *p. p.* Shriven) to hear confession of, to absolve. पापी का पश्चात्तापपूर्ण शपथ सुनना, धार्मिक संस्कार द्वारा पाप से मुक्त करना।

**Shrivel-श्रिव्'-ल्-***v. t. & i.* (*p. t.* Shrivelled.) to contract into wrinkles. झुर्री या सिकुड़न पड़ना, संकुचित करना या होना।

**Shrivelled-श्रिव्** - ल्ड्-*adj.* contracted, wrinkled. संकुचित, झुर्रीदार।

**Shroud-श्राउड्-***n.* winding sheet of corpse, concealing object. शव-वस्त्र, कफन, ढक्कन या आवरण, परदा; *-v. t.* to cover with shroud, to conceal, to shelter. कफन ओढ़ाना, ढाँकना, छिपाना, परदा डालना।

**Shroudless-श्राउड्'** - लेस्-*adj.* without shroud. बिना कफन आदि का।

**Shrub-श्रब्-***n.* small plant, bush. क्षुप, झाड़ी।

**Shrubbery-श्रब्'** - बरि-*n.* plantation of shrubs. झाड़-वन।

**Shrug-श्रग्-***v. t. & i.* (*p. t.* Shrugged) to draw up one's shoulders as mark of dislike, doubt, &c. कंधा सिकोड़ना।

**Shrunken-श्रङ्क्'-न्-***v., p. p.* of Shrink.

**Shuck-शक्-***n.* husk or pod. छिलका, भूसी; *-v. t.* to remove husk. छिलका उतारना या छीलना, भूसी अलगाना, अनाज कूटना।

Age एज् ; Edge एज् ; Pen पेन् ; Pain पेन्

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Shudder**-शड्'-डर्-*v. i.* to tremble, to quake. काँपना, थर्राना।

**Shuddering**-शड्'-डर्-इङ्ग्-*adj.* trembling. काँपता या थर्राता हुआ।

**Shuffle**-शफ्'-फ़्ल्-*v. t. & i.* to shift one's position, to throw in disorder, to quibble, to move with dragging gait, to mix up cards. टाल-मटोल या इधर-उधर करना, उलट-पुलट करना, गड़बड़ करना, पैर घसीटना, ताश फेंटना; *-n.* shuffling, artifice. उलट-पलट, गड़बड़ या गड़बड़ी, फेंट, चाल; **To shuffle the cards** (to adopt new policy.) नई विधि या तरीका या चाल अपनाना।

**Shuffler**-शफ्'-फ़्लर्-*n.* one who shuffles. टाल-मटोल, गड़बड़ या उलट-पुलट करनेवाला।

**Shuffling**-शफ्'-फ़्लिङ्ग्-*n. & adj.* (of) equivocation, etc. चालबाज़, गड़बड़ी, ताश की फेंटाई, हीलाहवाला, फ़रेबी।

**Shun**-शन्-*v. t.* (*p. t.* **Shunned**) to avoid, to keep clear of. त्यागना, अलग या दूर रहना।

**Shunt**-शन्ट्-*v. t.* to turn train, electric current, etc., to sidetrack. विद्युत्-धारा, रेलगाड़ी, इञ्जन आदि को मार्ग से हटाना-बढ़ाना; *-n.* side-rail. स्टेशन की सहायक या शाखा रेल-पटरी।

**Shut**-शट्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Shut**) to close, to confine, to become closed, to bar out from. (दरवाजा आदि) बन्द करना या होना, अलग या वंचित रखना; **To shut down** (to stop work.) कारखाना बंद करना; **To shut off** (to check flow.) प्रवाह रोकना; **To shut one's eyes to** (to pretend not to see.) न देखने का बहाना करना; **To shut the door upon** (to refuse to consider, to make impossible.) विचार करने से अस्वीकार करना, असम्भव बना देना।

**Shutter**-शट्'-टर्-*n.* anything used for shutting, one who or that which shuts. बन्द करनेवाला या करने का साधन, शटर, पट, शिलमिली; **To put up the shutters** (to stop business for day.) दिन भर के लिए काम बन्द करना।

**Shuttle**-शट्'-टल्-*n.* weaver's implement for passing thread of weft between threads of warp. (जुलाहे की) ढरकी।

**Shuttlecock**-शट्'-टल्-कॉक्-*n.* piece of cork set with feathers (used in game of badminton.) पर लगा हुआ काग (जो बैडमिन्टन खेल में प्रयुक्त होता है।)

**Shy**-शाइ-*adj.* (*comp.* **Shyer** or **Shier**, *sup.* **Shyest** or **Shiest.**) bashful, reserved, timid. लज्जालु, लजाधुर, अमिलनसार, संकोची; *-v. i.* (*p. t.* **Shied**) (of horse) to start suddenly with fear. भड़कना।

**Shyly**-शाइ-लि-*adv.* in shy manner. लज्जा से, संकोची की तरह।

**Shyness**-शाइ'-नेस्-*n.* bash, hesitation. शर्म, लज्जा, सकुचाहट।

**Siamese**-स्यामीज़्-*adj.* native or language of Siam. स्यामी।

**Siberian**-साइबिरिअन्-*adj. & n.* of Siberia, inhabitant or language of Siberia. साइबेरिया का, यहाँ का निवासी या भाषा।

**Sibilant**-सिब्'-इ-लन्ट्-*adj. & n.* hissing, sounded with hiss. सिसकार, सिसकारयुक्त, सीत्कारयुक्त वर्ण या अक्षर।

**Sibilate**-सिब्'-इल्-ऐट्-*v. t. & i.* to pronounce with hissing sound. सिसकारते हुए या स का उच्चारण करना, सीत्कार करना।

**Sibyl**-सिब्-इल्-*n.* prophetess, sorceress. भविष्य बतलानेवाली महिला ज्योतिषी या



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तपस्विनी, जादूगरनी।

**Siccative-सिक्-टिव्**-*adj.* having property of drying. सुखानेवाली, जल या आर्द्रता-शोषक।

**Sick-सिक्**-*adj.* ill, tired, disgusted, inclined to vomit. बीमार, पीड़ित, दुःखी, रोगार्त्त, वमनेच्छु; **Sick leave** (leave of absence owing to illness.) बीमारी की छुट्टी, रुग्णावकाश।

**Sicken-सिक्'-न्**-*v. t. & i.* to make or become sick, to feel nausea, to feel disgust at. रोगी या बीमार होना या करना, जी मचलाना, घृणा, चिढ़ आदि होना, के आना, छोंट होना।

**Sickle-सिक्'-ल्**-*n.* reaping hook. हँसिया, हँसुवा।

**Sickliness-सिक्-लि-नेस्**-*n.* unhealthiness. अस्वस्थता, रुग्णता।

**Sickly-सिक्-लि**-*adj.* unhealthy, disgusting, unwell, pale. अस्वस्थ, रोगी, घृणित, पीला (चेहरे का रंग)।

**Sickness-सिक्'-नेस्**-*n.* sick or ill state, health, etc., disgust. बीमारी, चिढ़।

**Side-साइड्**-*n.* bounding surface or line of triangle, etc., right or left part of body, party, descent. भुजा (त्रिभुज आदि की), पार्श्व, बगल, तरफ या तरफदारी, दल या पक्ष, वंश; -*adj.* of side. बगल का, बगली; -*v. t. & i.* to join or support party. पक्ष लेना, सहयोग देना; **On all sides** (in all directions.) चारों ओर; **On both sides.** दोनों ओर; **On the other side** (on opposite side or bank.) उस पार, उस बगल; **On this side of the grave** (in world, in life.) संसार में, जीवन-काल में; **Opposite side** (opposite party.) विपक्ष; **Outer side** (outer portion.) बाहरी भाग; **Side by side** (standing close together.) पास-पास, अगल-बगल; **Side-issue** (distracting point.) ध्यान, विचार आदि को) दूसरी ओर खींचनेवाला विषय; **Side-line** (extra occupation.) अतिरिक्त या और या कोई दूसरा धंधा, सहायक या गौण जीविकोपाय।

**Sidelong-साइड्'** - **लॉङ्ग** - *adv.* oblong, sloping. तिरछा, ढालवाँ।

**Side-saddle-साइड्'-सैड्ल्**-*n.* saddle for woman rider. (स्त्रियों के लिए घोड़े का) बगली जीन।

**Sideways - साइड्'** - **वेज़्**, **Sidewise** (-साइड्'-वाइज़्)-*advs.* on or towards one side. एक ओर, किनारे या पार्श्व की ओर।

**Siding-साइड्'** - **इङ्ग'**-*n.* several short track of rails at station. (स्टेशन पर) मुख्य रेल-पटरी की उपशाखाएँ, रेल-पथिका।

**Sidle-साइड्ल्**-*v. i.* to walk sidelong. एक ओर लटककर चलना।

**Siege-सीज्**-*n.* surrounding of fortified place or fighting army. सैनिक घेरा; **To lay siege to** (to begin besieging.) सैनिक घेरा डालना।

**Sienna-सि-ऐन्'-नी**-*n.* earth of brownish yellow colour used as pigment. रंग बनाने के काम आनेवाली बदामी मिट्टी।

**Siesta-सि-ऐस्'-टा**-*n.* short midday nap. दोपहर की झपकी।

**Sieve-सीव्**-*n.* vessel with network at bottom used for separating finer parts from husks, meal-crystals, etc. छन्ना, झरना, चलनी।

**Sift-सिफ्ट्**-*v. t.* to separate finer from coarser parts by sieve, to investigate closely. चलनी से चालना, छानना या छान-बीन करना।

**Sigh-साइ**-*n.* deep breathing. गहरी साँस, आह; -*v. t. & i.* to draw deep

Age एज् ; Edge एज् ; Pen पेन् ; Pain पेन्

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

breath in grief आह भरना, सर्द आह लेना।

**Sight**-साइट्-*n.* act or power of seeing, view, objects worth seeing. आँख की रोशनी, दृष्टि, दर्शन-शक्ति, दृश्य, दर्शनीय वस्तु; -*v. t.* to see, to aim gun. छिपी वस्तु आदि को देखना या ताड़ना, लक्ष्य या निशाना लेना या लगाना; **At first sight** (prima facie.) देखते ही, प्रथम दर्शन में ही; **In sight of** (visible.) दृष्टिगोचर; **Out of sight** (not visible.) दृष्टि से परे; **Out of sight, out of mind.** (forgetting absent.) आँख से दूर, मन से दूर; **Payment at sight** (draft payable at sight.) दर्शनी हुंडी; **To know by sight** (to be familiar with appearance only.) शक्ल या सूरत से पहचानना; **To put out of sight** (to hide.) छिपा देना; **Within sight** (visible.) दृष्टिगोचर।

**Sightly**-साइट्'-लि-*adj.* pleasing to see. सुन्दर, मनोहर, दर्शनीय।

**Sign**-साइन्-*n.* token, mark, emblem, symptom, gesture, distinctive mark, endorsing. चिह्न, प्रतीक, विशिष्टता, लक्षण, भाव, संकेत, इशारा, हस्ताक्षर;-*v. t.* to mark with sign, to affix one's signature to. चिह्न, लक्षण आदि से युक्त करना, हस्ताक्षर या दस्तखत करना; **Sign-board** (board on which trader's name is put up.) व्यापारी का विज्ञापन-पट्ट; **Sign-post**-*n.* (post on which sign is hung.) मार्ग-दर्शक पट्ट।

**Signal**-सिग्'-नल्-*n.* & *adj.* sign, remarkable, conspicuous. संकेत का चिह्न, संकेत-स्तंभ, प्रसिद्ध, महत्वपूर्ण; -*v. t.* (*p. t.* Signalled) to make known by signal. संकेत या इशारा करना।

**Signalize**-सिग्-नलाइज़्-*v. t.* to make conspicuous, notable. प्रसिद्ध करना, महत्वपूर्ण बनाना।

**Signaller**-सिग्'-नल-र्-*n.* one who works railway signals. रेलगाड़ी के संकेत-स्तंभ का परिचालक, संकेतक।

**Signatory**-सिग्नेटरि-*adj.* pertaining to signature. हस्ताक्षर-सम्बन्धी; -*n.* one who signs document. हस्ताक्षर करनेवाला।

**Signature**-सिग्नेचर्-*n.* person's name written by himself. हस्ताक्षर, दस्तखत।

**Signet**-सिग्-नेट्-*n.* seal. मुद्रा, मुहर, राज-मुद्रा; **Signet-ring** (finger-ring with seal on it.) मुहरदार अँगूठी।

**Significance**-सिग्-निफ्'-इ-कन्स्-*n.* meaning, importance. अभिप्राय, सार्थकता, अर्थ, महत्व।

**Significant**-सिग्-निफ्-इ-कन्ट्-*adj.* expressive, suggestive, noteworthy. अभिव्यंजक, अर्थ या मतलब देनेवाला, प्रसिद्ध, विख्यात।

**Signification**-सिग्-नि-फ़ि-के'-शन्'-*n.* meaning. अर्थ, आशय।

**Signify**-सिग्-नि-फ़ाइ'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Signified) to express, to mean, to make known. अर्थ या मतलब प्रकट करना, सूचित करना।

**Sign-manual**-साइन्'-मीन्-यु-अल्-*n.* signature made by person's own hand, royal signature. स्वहस्ताक्षर, राजा का हस्ताक्षर।

**Silence**-साइ'-लेन्स्-*n.* absence of sound, stillness, secrecy, etc. मौनता, स्तब्धता, गुप्त-स्वीकृति आदि;- *interj.* be quiet! चुप!; -*v. t.* to make silent. चुप या निस्तब्ध होना या करना, मुँह बन्द करना।

**Silencer**-साइ-लेन्स्-अर्-*n.* appliance for reducing sound. यन्त्र का शब्द कम करने का साधन, स्तम्भक-यंत्र।

**Silent**-साइ'-लेन्ट्-*adj.* not uttering



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sound. नि:शब्द, चुप, स्तब्ध, नीरव।

**Silently-साइ'-लेन्ट्-लि** *-adv.* in silence. मौन या मूक होकर, चुपचाप, नि:शब्द।

**Silenus-साइ-ली'-नस्-***n.* drunken old man. मदिरा-मत्त वृद्ध।

**Silesia-साइलीश्या-***n.* kind of thin cloth. अस्तर के लायक महीन कपड़ा।

**Silhouette-सिलु-ऐट्** *-n.* dark-shaded profile portrait in outline only. काला पार्श्व (प्रकाश) चित्र।

**Silica-सिल्'-इ-का-***n.* hard white mineral. एक प्रकार का कड़ा सफेद इमारती पत्थर, सिलिका।

**Silicate-सिल्'-इ - केट्** *- n.* combination of silica with base. सफेद पत्थर या सिलिका का क्षार।

**Silk-सिल्क्-***n.* fine soft thread produced in cocoon by silk-worm, cloth made of this. रेशम, रेशमी वस्त्र या कपड़ा।

**Silk-cotton-सिल्क् - कॉट् - अन् -***n.* silky fibre or cotton. सेमल की रुई।

**Silken-सिल्क्-न्-***adj.* made of or like silk. रेशम के सदृश, रेशमी।

**Silkworm-सिल्क् - वर्म्'-***n.* caterpillar which produces silk. रेशम का कीड़ा।

**Silky-सिल्कि-***adj.* soft as silk. रेशम-सा, रेशमी, कोमल या मुलायम।

**Sill-सिल्-***n.* stone or timber at foot of door or window. देहली, चौखट।

**Sillery-सिल्-अ-रि-***n.* kind of sparkling wine. एक प्रकार की चमकदार मदिरा।

**Sillily-सिलिलि-***adv.* in silly manner. मूर्ख व अनाड़ी की तरह।

**Silliness-सिल्-लि - नेस्-***n.* quality of being silly. अनाड़ीपन, मूर्खता।

**Silly-सिलि-***adj.* (*comp.* **Sillier,** *sup.* **Silliest**) stupid, foolish. निर्बुद्धि, अनाड़ी, मूर्ख।

**Silo-साइ-लो-***n.* pit for storing green crops. हरे पौधे संचित रखने का गड्ढा।

**Silt-सिल्ट्-***n.* mud, sand, &c., deposited by running water. जल की धारा द्वारा संचित रेत, बालू इत्यादि; *-v. t.* to become or make blocked by silt. रेत से अवरुद्ध हो जाना या करना।

**Silty-सिल्टि-***adj.* abounding in silt. रेतदार, जलोढ़।

**Silvan-सिल्-वन्-***adj.* of woods, rural. जंगली, वन्य, ग्राम्य।

**Silver-सिल्'-वर्-***n.* white soft lustrous metal, coin or vessel made of it. चाँदी, चाँदी का बरतन, मुद्रा या सिक्का इत्यादि; *-v. t.* to coat with silver. चाँदी या इसका पानी चढ़ाना; **Silver plate** (vessels of silver.) चाँदी के पात्र; **Silver-smith** (worker in silver.) चाँदी की वस्तुएँ बनानेवाला, सुनार।

**Silvering-सिल् - वर् - इङ्ग्-***n.* silver (or quicksilver) coating. चाँदी (या पारे) की कलई।

**Silvery-सिल्' - वर्-इ-** *adj.* white like silver, clear. चाँदी के समान, सफेद, श्वेत, स्वच्छ।

**Simian-सिम्'-इ-अन्-***adj.* like monkey. बन्दर के सदृश; *-n.* ape. बन्दर या लंगूर।

**Similar-सिम्'-इ - लर्-***adj.* resembling, alike. सम, सदृश, एक-जैसा, तुल्य।

**Similarity-सिमि' - लैरिटि-***n.* likeness. साम्य, सादृश्य, समरूपता।

**Similarly-सिमिलर्लि** *-adv.* in similar manner. उसी प्रकार या तरह से।

**Simile-सिमिलि-***n.* (*pl.* **Similes.**) figurative use of comparison of one thing with another. उपमा अलंकार।

**Similitude-सि-मिल्'-इ - ट्यूड्-***n.* comparison, likeness. सादृश्य, समरूपता,



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुरूपता।

**Similize**-सिम्'-इ-लाइज़्-*v. t.* to illustrate by similes. उपमाएँ देकर समझाना।

**Simmer**-सिम्' - मर् - *v. t. & i.* to boil gently or keep boiling. धीरे-धीरे उबलना या उबालना; -*n.* slow boiling. मन्द उबाल।

**Simnel-cake**-सिम्नल्-केक्-*n.* Christmas cake. बड़े दिन का विशिष्ट यूरोपीय पकवान।

**Simony**-साइ'-मॅनि-*n.* crime of buying or selling church preferment. धर्मपद या पीठ बेचने या मोल लेने का पाप या अपराध।

**Simoom**-सिम्-मूम्-*n.* dust-laden wind of desert. मरुस्थल का तप्त अंधड़ या लू, सिमूम।

**Simper**-सिम्'-पर्-*v. i.* to smile affectedly. बनावटी हँसी हँसना।

**Simperer**-सिम्'-पर् - अर्-*n.* one who simpers. बनावटी हँसी हँसनेवाला।

**Simple**-सिम्'-पल्-*adj.* not compound, all of one kind ( math. ), unanalysable, easily done or understood, artless, plain, easily deceived. अमिश्र, सरल, एक ही प्रकार की ( राशि या संख्या ), सहज, निष्कपट, साधारण, सामान्य, सीधा-सादा; **Simple diet** ( ordinary food. ) सादा या साधारण या जीने के लिए भोजन; **Simple-hearted** ( artless, simple. ) सरल हृदयवाला।

**Simpleton**-सिम्'-पल्-टन्-*n.* silly person, fool. मूर्ख, अनाड़ी।

**Simplicity**-सिम्' - प्लिस्'-इटि-*n.* innocence. भोलापन, सरलता, सीधाई।

**Simplification**-सिम्'-प्लि-फ़िकेशन्-*n.* act of simplifying. सहज या बोधगम्य बनाना, सरलीकरण।

**Simplify**-सिम्'-प्लि-फ़ाइ-*v. t.* ( *p. t.* Simplified) to make simple or easy. सरल या सहज करना या बनाना।

**Simply**-सिम्'-प्लि-*adv.* in simple manner, quite, only. सरलता से, बिल्कुल, केवल।

**Simulate**-सिम्'-यु-लेट् -*v. t.* to assume false guise, to pretend to be. भेष बदलना, बहाना करना या बनाना।

**Simulation**-सिम्-यु-ले-शन् -*n.* pretence. बहाना, पाखण्ड, नकल, छद्मवेश।

**Simulator**-सिम्-यु - लेटर्-*n.* pretender. बहानेबाज, पाखण्डी, छद्मभेसधारी।

**Simultaneous**-सिम्'-अल्-टे'-नि-अस्-*adj.* happening at same time. एक ही समय या साथ होनेवाला, समकालीन।

**Simultaneously**-सिम् - अल्-टे'-नि-अस्-लि-*adv.* at same time. एक ही समय में, एक साथ।

**Simurg**-सि-मर्ग्-*n.* huge bird of Persian mythology. फारसी पुराण का एक कल्पित विशाल पक्षी।

**Sin**-सिन्-*n.* moral violence, immorality. पाप, दुष्कर्म; -*v. i.* ( *p. t.* Sinned) to commit sin. पाप या दुष्कर्म करना।

**Sinapism**-सिनापिज़्म्-*n.* mustard poultice. सरसों की पुल्टिस (तप्त लेप)।

**Since**-सिन्स्-*adv., prep. & conj.* after specified time onward, from time ( of ), because. तब से, पहले से, जब से, चूँकि, क्योंकि; **Ever since** (from some specified time till now.) तब से; **Not long since** (short time ago.) कुछ ही समय पहले।

**Sincere**-सिन्-सिअर्' - *adj.* honest, true in faith, genuine. निष्कपट, सच्चा, कार्य की लगन से युक्त।

**Sincerity** - सिन्सिअरिटि - *n.* honesty, truthfulness. ईमानदारी, दिल की सचाई, लगन।

**Sine**-साइन् - *n.* perpendicular drawn from one end of arc to radius at



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

other work. बेकार।

**Sinecure-साइनि-क्योर्**-*n.* office of profit without employment. ऐसा कार्य जिसमें अधिक वेतन मिले परन्तु काम कुछ न करना पड़े, अकार्य-पद या वृत्ति।

**Sinew-सिन्'-यु**-*n.* tendon joining muscle to bone; (*pl.*) bodily strength. स्नायु; (ब० व०) शारीरिक बल या शक्ति; - *v. t.* to (be) knit as sinews. तंतुओं से बँधा होना या बाँधना।

**Sinewy-सिन्युइ** -*adj.* strong. पुष्ट, बलवान्।

**Sinful-सिन्-फुल्**-*adj.* involving sin, wicked. पापपूर्ण, पापी।

**Sing-सिङ्**-*v. t. & i.* ( *p. t.* **Sang**, *p. p.* **Sung**.) to utter musical sounds, to compose poetry. गाना, कविता करना या रचना; **To sing out** ( to call loudly. ) चिल्लाकर पुकारना; **To sing to sleep** (to put to sleep by singing.) गाकर सुलाना।

**Singe-सिन्ज्**-*v. t. & i.* to scorch. झुल-स(ा)ना; -*n.* slight burn. झुलसन।

**Singer-सिङ्'-अर्**-*n.* one who sings. गायक, गवैया।

**Single-सिङ्ग्-ग्ल्**-*adj.* one only, alone, unmarried, unaided. एक, अकेला, अविवाहित, असंग, निरसहाय; -*v. t.* to choose from others. चुनना, छाँटना; **Single-eyed** (blind of one eye.) (एक आँख का) काना।

**Singlet-सिङ्ग्'-ग्लेट्**-*n.* garment worn under shirt. कमीज के नीचे का पहनावा, गंजी।

**Singly-सिङ्ग्** - **लि**-*adv.* individually, alone. अकेले, एक एक करके, अलग-अलग।

**Sing-song-सिङ्ग्'** - **सॉङ्ग्**-*n.* monotonous rhythm. एकस्वरता।

**Singular-सिङ्ग्'-यु-लर्**-*adj. & n.* single, individual, remarkable, unusual; ( in grammar ) any word for one person or thing. अकेला, विचित्र, असाधारण; (व्या०) एकवचन।

**Singularity-सिङ्ग्-यु-लॉरिटि**-*n.* peculiarity. विचित्रता, विलक्षणता, विशिष्टता।

**Singularly-सिङ्ग्'-यु** - **लर्लि**-*adv.* in singular manner. विचित्र प्रकार से।

**Sinister-सिन्'-इस** - **टर्** - *adj.* unlucky. दुर्भाग्यसूचक।

**Sink-सिङ्क्**-*v. t. & i.* ( *p. t. & p. p.* **Sunk**.) to be submerged, to cause to dig (well), to depress or be depressed, to lessen, to disappear. डूबना, कुआँ खोदना, नलकूप धँसाना, ( साहस, धैर्य आदि ) दबना या दबाना, कम करना या होना, लुप्त होना; -*n.* hole for filthy water. गंदी गहरी मोरी, परनाला।

**Sinless-सिन्-लेस्**-*adj.* free from sin, pure. पापरहित, निष्पाप।

**Sinner-सिनर्**-*n.* one who sins. पापी, अघी।

**Sinuosity-सिन्-यु-ऑस्'-इटि** - *n* winding or bend. वक्रता, मोड़, घुमाव, सर्पिलता, वलय।

**Sinuous-सिन्-यु-अस्**-*adj.* wavy, winding. वक्र, लहरदार, घुमावदार, सर्पिल, वलयाकृत।

**Sinus-साइनस्**-*n.* (ulcer in) bone cavity or hollow. नाड़ी-व्रण, नासूर।

**-sion**-*suf.* forming abstract nouns. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय।

**Sip-सिप्**-*v. t.* to drink in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके या घूँट-घूँट पीना, चूसना; -*n.* small draught. चुसकी।

**Siphon (also Syphon)-साइ'-फन्**-*n.* bent tube for pumping out liquids from can, drum, etc. तरल पदार्थ निकालने की टेढ़ी नली, जल-नाल, जल-निष्काषक।

**Sir-सर्**-*n.* ( *fem.* **Madam**.) word used in addressing, ( in England ) title



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

of knight or baronet. महाशय, महोदय, श्रीमान्, (विलायत में) 'सर' की राज-प्रदत्त उपाधि।

**Sire**-सायर्-*n.* father, ancestor, title used in addressing king. प्रजनक, पिता, पुरखा, महाराज।

**Siren**-साइ'-रॅन्-*n.* mermaid, fascinating woman, instrument for making loud mechanical sound in air-raid, etc. अप्सरा, मोहिनी स्त्री, (तेज बजनेवाला) भोंपा।

**Siriasis**-सि-राइ-अ-सिस्-*n.* exposure to sun's rays as means of preventing certain diseases, sun-stroke. आतप-स्नान, लू लगना।

**Sirrah**-सिर्'-रॉ-*n.* sir (contemptuous sense.) अबे! अरे!

**Sister**-सिस्'-टर्-*n.* (*mas.* Brother.) daughter born of same parents, woman of religious community. सन्यासिनी, तपस्विनी, भगिनी, बहिन; **Sister-hood** (society of sisters.) तपस्विनी-संघ; **Sister-in-law** (*pl.* Sisters-in-law.) ननद, साली, भौजाई।

**Sisterly**-सिस्-टर्-लि-*adj.* like sister. बहन-जैसा, भगिनीवत्।

**Sistrum**-सिस्'-ट्रम्-*n.* (*pl.* Sistra.) kind of rattling instrument. झुनझुना बाजा।

**Sit**-सिट्-*v. t. & i.* (*p. t.* Sat.) to rest on seat, to fit, to cover eggs, to perch. बैठना, स्थिर होना, विश्राम करना, बैठाना, अण्डा सेना; **To sit at home** (to remain idle.) काम न करना, घर बैठना; **To sit out** (to take no part.) भाग न लेना, सभासदों का अनुपस्थित रहना; **To sit up** (to keep awake till late.) बहुत देर तक जागना।

**Site**-साइट्-*n.* place of or for building. स्थान, घटना-स्थल, भूमि (आवास, आदि)।

**Sitology**-साइटलजि-*n.* science of regulation of diet. पथ्य-विधान, आहार-संयम।

**Sitting**-सिट्'-टिङ्ग्-*n.* meeting of court, parliament, etc. (अदालत, संसद आदि की) बैठक;-*adj.* of time being, resting on seat. आसीन, बैठा हुआ, वर्तमान (सदस्य)।

**Situate(d)**-सिट्-यु-ऍट्-(ऍड्)-*adj.* placed, located. स्थित, अवस्थित।

**Situation**-सिट्-यू-ऍ'-शन्-*n.* position, condition, employment. स्थिति, अवस्था, नौकरी, चाकरी।

**Six**-सिक्स्-*adj. & n.* one more than five. षड्, छः; **At sixes and sevens** (in confusion.) अस्त-व्यस्त, (कमरे भर में) बिखरे हुए; **Sixfold.** छः गुना; **Sixth**-(सिक्स्'-थ्) -*adj.* छठा।

**Sixteen**-सिक्स्-टीन्-*adj. & n.* six & ten. सोलह; **Sixteenth** (सिक्स्'-टीन्थ्) -*adj.* सोलहवाँ।

**Sixty**-सिक्स्'-टि-*adj. & n.* fifty plus ten. साठ; **Sixtieth**-*adj.* साठवाँ।

**Sizar**-साइजर्-*n.* student at Cambridge who pays reduced fees. (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का) कम शुल्क देनेवाला गरीब विद्यार्थी।

**Size**-साइज़्-*n.* bulk or magnitude, measure, extent, thin glue or varnish. नाप, माप, आकार, रोगन, गोंद, लासा, वार्निस;-*v. t.* to arrange according to size, to cover with size. आकार के अनुसार क्रम में रखना या सजाना, रोगन या गोंद पोतना।

**Sizing**-साइज़्'-इङ्ग्-*n.* act of applying size, kind of glue used as varnish. सरेस लगाने की क्रिया, एक प्रकार का वार्निश।

**Sizy**-साइज़ि-*adj.* glutinous. चिपचिपा, लसदार।

**Sizzle**-सिज़्ल्-*v. i.* to make sputtering



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

sound in frying. छनने शब्द करना।

**Skate-स्केट्-*n.*** sliding shoe for moving on ice. बरफ पर सरकनेवाला जूता; *-v. i.* to slide on skates. ऐसे जूते पहिनकर सरकना; **Roller-skate.** बरफ पर सरकनेवाला पहिया लगा जूता; **Skating rink** (surface for skating.) इस प्रकार के जूते पहिनकर सरकने का स्थान या क्षेत्र।

**Skean-स्कीन्-*n.*** kind of dagger. एक प्रकार की कटार।

**Skedaddle-स्किडैड्ल्-*v. t.*** to run away. भाग जाना।

**Skein-स्केन्-*n.*** knot of thread or yarn. तागे का लच्छा, अंटी।

**Skeleton-स्के-लि-टन्-*n.*** bony framework of animal's body, general outline. ढाँचा, अस्थि-पञ्जर, ठठरी, सामान्य रूपरेखा।

**Skerry-स्करि-*n.*** sea rock. समुद्री चट्टान।

**Sketch-स्केच्-*n.*** outline, brief account. रेखाकृति, खाका, (रूप, चरित्र आदि का) स्थूल वर्णन; *-v. t.* to draw outline or plan of. खाका या रूप-रेखा बनाना, रेखाचित्र बनाना; **Sketch-book** (book on which sketches are drawn.) खाका-पुस्तिका।

**Sketchy-स्केचि-*adj.*** like sketch. संक्षिप्त (वर्णन, चित्रण आदि), रूपरेखीय, रेखाकृतिक।

**Skew-स्क्यू-*adj.*** oblique. तिरछा, टेढ़ा।

**Skewer-स्क्यू'-अर्-*n.*** metal rod for holding meat while cooking. (कबाब बनाने का) सींकचा।

**Ski-स्की-*n.*** (*pl.* **Skis**) long wooden snow-shoe. बरफ पर सरकने का लकड़ी का लम्बा जूता।

**Skid-स्किड्-*n.*** check for wheel. पहिये की रोक।

**Skiff-*n.*** small boat. छोटी नाव।

**Skilful-स्किल्'-फुल्-*adj.*** having skill, expert, ingenious, dexterous. प्रवीण, कुशल, निपुण।

**Skill-स्किल्-*n.*** expertness, tact, dexterity. कौशल, युक्ति, चातुरी।

**Skilled-स्किल्ड्-*adj.*** trained or skilful. अभ्यस्त या दक्ष, निपुण, कुशल।

**Skillet-स्किल्'-लेट्-*n.*** small metal cooking pot with handles. हत्थेदार डेगची, बटुआ आदि।

**Skim-स्किम्-*v. t. & i.*** (*p. t.* **Skimmed.**) to clear cream or scum of liquid, to glide over. उबालो में मैल काछना, मलाई या फेन हटाना, मँडराना (विमान का); **Skimmed milk** (milk without cream.) मखनिया दूध।

**Skimp-स्किम्प्-*v. t.*** to give or supply meagrely. (रुपए, खर्च आदि आवश्यकता से) कम देना।

**Skin-स्किन्'-*n.*** outer covering of body, hide, rind of fruit. त्वचा, खाल, चमड़ा, छिलका; *-v. t.* (*p. t.* **Skinned.**) to strip off skin. खाल उतारना, छिलका हटाना; **Only skin and bone** (skeleton, very thin.) कंकाल मात्र, बहुत दुबला-पतला; **To change one's skin** (to undergo impossible change in character.) असम्भव चारित्रिक परिवर्तन होना; **To save one's skin** (to get off safe.) सुरक्षित या सकुशल बच जाना।

**Skinniness-स्कि-नि-नेस्-*n.*** thinness. दुबलापन।

**Skinny-*adj.*** thin, very weak. दुर्बल, कृश।

**Skip-स्किप्-*v. t. & i.*** (*p. t.* **Skipped.**) to leap, to pass over. कूदना, छलाँग मारना।

**Skipper-स्किप्'-पर्-*n.*** captain of vessel. पोताध्यक्ष, जहाजी कप्तान।

**Skirl-स्कर्ल्-*v. i.*** to make shrill sound.



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीं-चीं शब्द करना, चीखना; *n.* shrill sound. चीं-चीं शब्द, चीख।

**Skirmish**-स्कर्'-मिश्-*n.* irregular fighting, brief contest. छिटपुट या मामूली मारपीट या बलवा; *v. i.* to fight in irregular manner. छिटपुट मारपीट या बलवा करना।

**Skirt**-स्कर्ट्-*n.* hanging part of garment, woman's outer garment, margin. वस्त्र का नीचे का लटकता हुआ भाग या घेरा, स्त्रियों का लहँगा, घाघरा, किनारा; - *v. i.* to border on. किनारे पर स्थित होना।

**Skit**-स्किट्-*n.* burlesque. परिहास अभिनय, व्यंग्य-विनोद।

**Skittish**-स्किट्'-टिश्-*adj.* playful, lively. खिलाड़ी, मौजी।

**Skulk**-स्कल्क्-*v. i.* to sneak away, to hide. छिपना, जी चुराना।

**Skull**-स्कल्-*n.* bony case of brain. कपाल, खोपड़ी।

**Skunk**-स्कङ्क - *n.* small American carnivorous animal of cat's size, contemptible fellow. अमेरिका का बिल्ली के आकार का एक मांसभक्षी पशु, नीच या तुच्छ मनुष्य।

**Skurry**-स्कर्'-रि-*n.* haste. शीघ्रता, जल्दीबाजी।

**Sky**-स्काइ-*n.* (*pl.* Skies.) daily climate, heaven. आकाश, मौसम, दैनिक वर्षा, ताप आदि; *v. t.* (*p. t.* Skied.) to raise high up in air. बहुत ऊँचा उठाना; **Skylark**-*n.* (singing lark.) चकोर, चकवा; **Skylight** (स्काइ-लाइट)-window in roof. (छत का) रोशनदान; **Skyline** (horizon.) क्षितिज-रेखा; **Skyscraper** (very lofty building.) गगन-चुम्बी प्रासाद।

**Slab**-स्लैब्-*n.* thin flat rectangular piece of stone. पत्थर की चौकोर पटिया; *v. t.* to cut into slabs. काटकर पटिया या परत अलगाना।

**Slabber**-स्लैबर्-*n.* slaver, running saliva. चूती हुई लार।

**Slabby**-स्लैबि-*adj.* muddy, viscous. कीचड़दार, चिपचिपा।

**Slack**-स्लैक्-*adj.* loose, slow, not busy, sluggish. शिथिल, मन्द, सुस्त, ढीला; *v. t.* & *i.* to make or become loose. ढीला करना या होना; **To slack off** (to abate strength.) शिथिल करना; **To slack up** (to reduce speed.) गति या चाल कम करना।

**Slacken**-स्लैक्'-न्-*v. t.* & *i.* to loosen, to slow. ढीला करना, चाल या गति कम करना।

**Slag**-स्लैग्-*n.* dross separated from metal. धातु-मल, कचरा।

**Slain**-स्लेन्-*v.*, *p. p.* of Slay.

**Slake**-स्लेक्-*v. t.* to quench, to mix lime with water. (प्यास) बुझाना, शमन करना, चूना बुताना।

**Slam**-स्लैम्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Slammed.) to shut door noisily. धड़ाके से दरवाजा बंद होना या करना।

**Slander**-स्लान्'-डर्-*n.* spiteful gossip. झूठी निंदा या शिकायत, बदनामी; *v. t.* to defame falsely. झूठी निंदा या बदनामी करना।

**Slanderous**-स्लान्'-डर्-अस-*adj.* defamatory. निंदापूर्ण, अपवादक, विनिंदक।

**Slang**-स्लैङ्ग्-*n.* popular words and expressions not used in literary language. बोलचाल के या असाहित्यिक शब्द।

**Slangy**-स्लैङ्गि-*adj.* of nature of slang. बोलचाल के (शब्द), असाहित्यिक।

**Slant**-स्लान्ट्-*v. t.* & *i.* to slope. ढालुवाँ होना या करना; -*adj.* sloping, inclined.



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थप्पड़ मारना।

**Slap-slăp**-*n.* blow with palm of hand. तमाचा; -*v. t.* to give slap to. थप्पड़ मारना।

**Slap-dăsh-slăp** - dăsh - *adv.* boldly, rashly. बेधड़क, निडर रूप से।

**Slash-slăsh**-*v. t.* & *i.* to cut with sword, etc., at random. (तलवार आदि से) जल्दी-जल्दी काटना; -*n.* long cut. लंबी फाँक या काट।

**Slashing-slăshĭng**-*adj.* severe. तीव्र या कठोर।

**Slat-slăt**-*n.* thin narrow piece of wood. लकड़ी की पतली पट्टी; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* Slatted.) to flap violently. झटके से फड़फड़ाना।

**Slate-slāt**-*n.* grey rock which splits into thin plates, such piece used for roofing or writing upon. स्लेट पत्थर, स्लेट पट्टी; -*v. t.* to cover with slates. स्लेट पत्थर से छाना।

**Slate-slāt**-*v. t.* to reprove. गाली देना।

**Slattern-slăt'-tern**-*n.* untidy woman. मैली-कुचैली स्त्री, फूहर।

**Slaty-slā'-tĭ**-*adj.* of colour of slate. स्लेट के रंग का।

**Slaughter-slâ'-tŭr**-*n.* massacre, killing. हत्या, संहार, जन-वध; -*v. t.* to kill in mass, to murder. हत्या करना, जन-वध करना; **Slaughter-house** (place for slaughtering beasts.) वधस्थान, कसाईखाना।

**Slaughterous-slâ'-tŭr-ŭs**-*adj.* murderous. हत्यारा, हत्यापूर्ण।

**Slave-slāv**-*n.* one who is held in bondage, helpless victim. दास, गुलाम; -*v. t.* to toil like slave. दास की तरह खटना; **Slave-bangle** (bangle worn over elbow.) बरखी या अनंत (नाम का

**Slave-born** (born in slavery.) जन्म से दास, जन्म या जात-दास; **Slave-hunter** (one who hunts for slaves.) दास बनानेवाला, दास व्यापार करनेवाला; **Slave-trade** (trade of buying and selling slaves.) दास-व्यापार।

**Slaver-slăv'-ŭr**-*v. t.* & *i.* to let spittle flow from mouth. लार बहाना या बहना।

**Slavery-slāv'** - ĕrĭ-*n.* condition of slave. दासत्व, गुलामी, दासप्रथा।

**Slavish-slāv** - vĭsh-*adj.* servile, mean, base. दास-तुल्य, तुच्छ, नीच।

**Slay-slā**-*v. t.* (*p. t.* Slew, *p. p.* Slain.) to put to death, to kill. जान से मारना, वध या हत्या करना।

**Sleave-slēv**-*v. t.* to separate fibre. रेशे अलगाना।

**Sleazy-slēzĭ**-*adj.* flimsy. असार, तुच्छ या मामूली।

**Sled-slĕd, Sledge-slĕj**-*ns.* vehicle on runners for travelling on snow. बरफ पर सरकनेवाली स्लेज (गाड़ी); **Sledge-hammer** (heavy hammer.) भारी हथौड़ा, घन।

**Sleek-slēk** -*adj.* smooth, glossy. चिकना, चमकीला।

**Sleekness-slēk-nĕs'**-*n.* smoothness. चिकनाहट, चमक।

**Sleep-slēp**-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Slept.) to slumber, to be in grave. सोना, कब्र में सोना; -*n.* slumber. निद्रा, नींद।

**Sleeper-slēp'-ŭr**-*n.* one who sleeps, rail timber to which line is fixed, railway van for sleeping. सोनेवाला, लकड़ी की धरन जिस पर रेल लाइन जड़ी होती है, शयन-यान, शायिका।

**Sleepily-slēpĭlĭ** -*adv.* in sleepy manner. निद्रालु ढंग से।

Age एंज् ; Edge एंज् ; Pen पेन् ; Pain पेन्

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sleepiness**-स्लीपि'-नेस्-*n.* state of being sleepy. झपकी, निद्रालुता।

**Sleepless**-स्लीप'-लेस्-*adj.* without sleep. बिना निद्रा का, अनिद्र, निद्रारहित।

**Sleepy**-स्लीपि-*adj.* drowsy. निद्रालु।

**Sleet**-स्लीट्-*n.* hail or snow with rain. हिमवृष्टि, पाले या बर्फ के साथ वर्षा, सहिम वर्षा।

**Sleeve**-स्लीव्-*n.* part of garment which covers arm. बँहोली, बाँह, आस्तीन; **Sleeve-link** (stud used as cuff-holder.) आस्तीन का बटन, **To laugh in one's sleeve** (to laugh secretly.) चुपके-चुपके हँसना; **To roll up one's sleeves** (to prepare for fight.) लड़ने के लिये तैयार होना।

**Sleigh**-स्ले-*n.* same as **Sledge**.

**Sleight**-स्लाइट्-*n.* artful trick, dexterity. चाल या छल, हस्त-लाघव; **Sleight of hand** (dexterity of hand in juggling.) हाथ की सफाई, बाजीगरी।

**Slender**-स्लेन्'-डर्-*adj.* long and thin, small. पतला, दुबला-पतला, अत्यल्प।

**Slept**-स्लेप्ट-*v.*, *p. t.* & *p. p.* of **Sleep**.

**Slew**-स्लू-*v.*, *p. t.* of **Slay**.

**Sley**-स्ले-*n.* weaver's comb. जुलाहे की कंघी।

**Slice**-स्लाइस्-*v. t.* to cut up in broad thin pieces. चौड़े पतले टुकड़े या कतरे करना; -*n.* piece sliced off. पतला टुकड़ा, कतरा, फाँक।

**Slick**-स्लिक्-*adj.* smooth, dexterous. चिकना, पटु या दक्ष।

**Slide**-स्लाइड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Slid**.) to glide or move smoothly, to slip along. खसकना, फिसलना, सरकना; -*n.* surface for sliding on, smooth movement. स्खलन, सरकन, (यंत्र आदि की) ठीक चाल।

**Slight**-स्लाइट्-*adj.* small, trifling, weak, unimportant. बहुत थोड़ा, स्वल्प, छोटा, तुच्छ, दुबला-पतला, महत्वहीन; -*n.* marked contempt. प्रलक्षित अनादर, तिरस्कार; -*v. t.* to treat with neglect. तिरस्कार या उपेक्षा करना।

**Slightly**-स्लाइट्'-लि-*adv.* in slight measure. अल्प मात्रा में, बहुत कम या स्वल्प।

**Slim**-स्लिम्-*adj.* slender, crafty. दुबला-पतला, धूर्त।

**Slime**-स्लाइम्-*n.* soft mud, mire. पंक, कीचड़; -*v. t.* to cover with mire. कीचड़ से ढाँकना।

**Sliminess**-स्लाइमि-नेस्-*n.* state of being slimy. पंकिलता।

**Slimmish**-स्लिम्'-मिश्-*adj.* somewhat slim. कुछ पतला।

**Slimy**-स्लाइमि-*adj.* full of slime. पंकिल, कीचड़ से भरा।

**Sling**-स्लिङ्ग्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Slang**.) to hurl, to hang. फेंकना, लटकाना; -*n.* instrument for throwing stones, rope or strap for carrying. हेलबाँस, बोझ ढोने का रस्सा या पट्टा।

**Slink**-स्लिङ्क्-*v. i.* (*p. t.* **Slunk**.) to sneak off, to walk stealthily. लज्जित होकर या चुपके से खिसक जाना; -*n.* bastard child. अवैध या जारज सन्तान।

**Slip**-स्लिप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Slipped**.) to glide, to make slight mistake, to err, to escape, to overlook, to convey secretly. गिर जाना, सरकना, फिसलना, हाथ से छूट जाना, भूल करना, दृष्टि या ध्यान से छूट जाना, चुपके से निकल भागना, ध्यान न देना, चुपके से हाल या भेद देना; -*n.* mistake, fault, light loose garment, case for pillow, long strip of wood, paper etc. चूक, भूल, गलती, ढीला वस्त्र विशेष, तकिये की खोली,


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


**Slipper** लकड़ी की पतली पट्टी।

**Slipper-स्लिप्'-पर्-*n.*** loose light indoor shoe. चप्पल, चट्टी।

**Slippery-स्लिपरि-*adj.*** slipping, unreliable. सरकौआ, अविश्वसनीय।

**Slippy-स्लि-पि-*adj.*** slippery. सरकौआ।

**Slit-स्लिट्-*v. t.*** to cut into thin strips. पतली पट्टी काटना; *-n.* loose narrow opening. लम्बी सँकरी फाँक या दरार, चीर।

**Sliver-स्लि'-वर्-*n.*** piece of hewn wood, splinter. काठ का टुकड़ा, फर्रा, पूली।

**Slobber-स्लॉ'-बर्-*v. t. & i.*** to run saliva from mouth, to do task badly. मुँह से लार बहना या बहाना, फुहराई, अव्यवस्था आदि से काम करना।

**Sloe-स्लो-*n.*** kind of wild plum. झरबेर।

**Slog-स्लॉग्-*v. t. & i.*** (*p. t.* **Slogged.**) to strike hard, to walk doggedly. जोर से मारना, हठ या अकड़ के साथ चलना।

**Slogan-स्लो'-गन्-*n.*** watch-word of party. (किसी दल का) नारा।

**Sloid, Sloyd-स्लॉयड्-*ns.*** manual training (*esp.* wood working taught in school.) (स्कूलों में सिखाई जानेवाली) काष्ठ-कला।

**Sloop-स्लूप्-*n.*** one-masted vessel. एक मस्तूलवाला जहाज।

**Slop-स्लॉप्-*n.*** spilled water; (*pl.*) liquid food, dirty water. जूठा पानी; (ब० व०) तरल भोजन, गंदा पानी; *-v.t.* (*p.t.* **Slopped.**) to flow dirty water. गंदा पानी गिराना;

**Slop-basin** (bowl for emptying slops.) कतवार रखने का कटोरा, पात्र आदि।

**Slop-स्लॉप्-*n.*** readymade clothing of sailors in navy. नौ-सैनिकों के सिले-सिलाये वस्त्र या वर्दी।

**Slope-स्लोप्-*n.*** inclined plane, side of hill. ढाल, ढालुआँ भूमि, पर्वत का किनारा;

**Slow-witted** *-v. t. & t.* to incline, to have oblique position. तिरछा या ढालुआँ करना या होना; *-adj.* inclined. ढालुआँ, तिरछा।

**Slopewise-स्लोप्-वाइज़्-*adj.*** obliquely. तिरछे, टेढ़े।

**Slops-स्लॉप्स्-*n.*, *pl.*** wide trousers, loose garment. चौड़ा पतलून, पायजामा, घाघरा।

**Slot-स्लॉट्-*n.*** opening, slit. दरार, छेद, झिरी।

**Sloth-स्लाथ्-*n.*** laziness. आलस्य, सुस्ती।

**Slothful-स्लॉथ्-फुल्-*adj.*** sluggish. आलसी, सुस्त।

**Slouch-स्लाउच्-*n.*** awkward gait, ungainly person. भद्दी चाल, फूहर मनुष्य; *-v. t.* to hang down idly, to walk awkwardly. सुस्ती से लटकना, भद्दी चाल से चलना।

**Slough-स्लाउ-*n.*** muddy place, bog. कीचड़युक्त स्थान, दलदल।

**Slough-स्लफ्-*n.*** snake's cast-off skin, dead tissue separated from sore. केंचुली, घाव की खुट्टी; *-v. t. & i.* to cast or remove slough. केंचुली गिरना या छोड़ना, खुट्टी छूटना।

**Sloven-स्लवन्-*n.*** (*fem.* **Slut.**) dirty person. मैला-कुचैला आदमी।

**Slovenliness-स्लवन्-लि-नेस्-*n.*** dirtiness in habits. गंदापन, फूहरपन।

**Slovenly-स्लवन्-लि-*adj. & adv.*** dirty, untidily. गंदा या मैला-कुचैला, गंदे ढंग से।

**Slow-स्लो-*adj.*** quick, dull, tedious, tardy. धीर, मन्द, विलम्ब करनेवाला; *-v. t.* to lessen speed. चाल या गति कम करना।

**Slowly-स्लो'-लि-*adv.*** in slow manner. धीरे-धीरे, मन्दता से।

**Slowness-स्लो'-नेस्-*n.*** dullness, tardiness. मन्दता, धीमापन, सुस्ती।

**Slow-witted-स्लो-विटेड्-*adj.*** dull-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

minded. मन्द-बुद्धि।

**Slow-worm**-स्लोवर्म्-*n.* blind worm. सर्पिल गिरगिट।

**Sloyd**-स्लोयड्-*n.* see Sloid.

**Slub**-स्लब्-*v. t.* to twist wool slightly. ऊन को थोड़ा बटना; -*n.* पूनी।

**Slubber**-स्लब्'-बर्-*v. t. & i.* to do thing carelessly and lazily, to soil. सुस्ती, असावधानी आदि से काम करना, धब्बा लगना या लगाना।

**Sludge**-स्लज्-*n.* soft mud. कीचड़।

**Slug**-स्लग्-*n.* kind of snail, oval shot. एक प्रकार का घोंघा, बंदूक की अंडाकार गोली; **Slug-abed** (one who indulges in lying abed.) देर तक सोनेवाला आलसी व्यक्ति।

**Sluggard**-स्लगर्ड-*n.* sleepy idle person. सुस्तकड़, आलसी मनुष्य।

**Sluggish**-स्लग्-गिश्'-*adj.* lazy, slow. आलसी, सुस्त।

**Sluggishly**-स्लग्-गिश्'-लि-*adv.* in sluggish manner. सुस्ती से, अलसाते हुए।

**Sluice**-स्लूस्-*n.* flood-gate, water-channel. कृत्रिम जलमार्ग, नहर का फाटक, जलरोध-कपाट; -*v. t. & i.* top our forth through sluice. नहर आदि का जलरोध फाटक खोलकर जल बहाना या बहना।

**Slum**-स्लम्-*n.* dirty street or neighbourhood. गंदी गली, बस्ती या मुहल्ला।

**Slumber**-स्लम्-बर्-*v. i.* to be inactive, to sleep. आलस्य में बैठे रहना, झपकी लेना, ऊँघना; -*n.* light sleep. झपकी, ऊँघ; **To slumber away** (to waste time in slumbering.) झपकी लेते हुए समय नष्ट करना।

**Slumberous**-स्लम्'-बर्-अस्-*adj.* sleepy. निद्रालु।

**Slump**-स्लम्प्-*n.* sudden fall in prices of goods, shares, &c. मूल्यों, अंश-पत्रों आदि में आकस्मिक ह्रास या गिरावट।

**Slung**-स्लङ्ग्-*v., p. t.* of Sling.

**Slunk**-स्लङ्क्-*v., p. t.* of Slink.

**Slur**-स्लर्-*v. t. & i.* (*p. t.* Slurred.) to pronounce indistinctly, to pass over hastily, to disgrace. अस्पष्ट बोलना, दृष्टि का जल्दी के कारण चूकना, कलंकित करना; -*n.* stigma. निन्दा; कलंक।

**Slush**-स्लश्-*n.* soft mud. कीचड़।

**Slushy**-स्लशि-*adj.* muddy. कीचड़दार।

**Slut**-स्लट्-*n.* (*mas.* Sloven) untidy woman. फूहर स्त्री, फूहरी।

**Sluttery**-स्लट्'-टरि-*n.* woman's dirtiness. फूहरपन।

**Sluttish**-स्लट्'-टिश्-*adj.* untidy and dirty. फूहर।

**Sly**-स्लाइ-*adj.* (*comp.* Slyer, *sup.* Slyest.) cunning, mischievous. धूर्त, दुष्ट।

**Slyly**-स्लाइ-लि-*adv.* artfully, cunningly. धूर्तता से, कपट से।

**Slyness**-स्लाइ'-नेस्-*n.* artfulness, cunningness. कपट, चतुराई।

**Smack**-स्मैक्-*n.* taste, very small quantity, smattering knowledge, small fishing vessel, noise with lips. स्वाद, अल्प-ज्ञान, मछली मारने की छोटी नाव, मत्स्य-नौका, ओठों का शब्द; -*v. t. & i.* to taste with relish, to crack. (बड़े चाव से) स्वाद लेना, पटाखा छोड़ना।

**Small** - स्मॉल - *adj.* of little size, strength, etc., trifling, mean, humble. अल्प, लघु, थोड़ा, छोटा, तुच्छ; -*n.* slender part. किसी वस्तु का पतला भाग; -*adv.* in low spirit. उदास मुद्रा में या से; **Small arms** (rifles, pistols, etc.) हल्के या लघु शस्त्र; **Smallpox** (contagious disease accompanied by skin eruptions and fever.) शीतला रोग, चेचक।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Smalt**-स्मॉल्ट्-*n.* blue-coloured glass, blue pigment. नीले रंग का काँच, नीला रङ्ग।

**Smart**-स्मार्ट्-*n.* sharp stinging pain. तीव्र वेदना या दर्द; - *v. i.* to cause pain, to feel pain. पीड़ा या दर्द होना या करना; -*adj.* painful, brisk, severe, fashionable, witty, clever. तीव्र, तीक्ष्ण, कड़ा (दर्द), (पहनावा आदि) शौकीन, फुर्तीला, चतुर, तीक्ष्णबुद्धि।

**Smarten**-स्मार्ट्न् - *v. t. & i.* to make smart. तीव्र या तीक्ष्ण करना।

**Smartly**-स्मार्ट्-लि-*adv.* keenly, in smart manner, briskly. तीव्रता से, फुर्ती से, तेज दर्द के साथ।

**Smash**-स्मॉश् -*v. t. & i.* to break into pieces, to be ruined. टुकड़े-टुकड़े होना, नष्ट या टुकड़े करना, नष्ट होना।

**Smatterer**-स्मॉट्'-टर्-अर्-*n.* one who has slight superficial knowledge. अल्पज्ञ मनुष्य।

**Smattering**-स्मॉट् - टर - इङ्ग्-*n.* little knowledge. स्वल्प-ज्ञान।

**Smear**-स्मियर् - *v. t.* to blot, to rub. धब्बा लगाना, मलना; -*n.* oily spot, blot. धब्बा, दाग।

**Smectite**-स्मेक्-टाइट्-*n.* kind of white clay used in removing stains from cloth. रेह, सज्जी।

**Smeech**-स्मीच्-*n.* smell of burning, etc. जलने, सुलगने आदि की गन्ध।

**Smell**-स्मेल्-*v. t. & i.* (*p. t.* Smelled or Smelt.) to have or give out odour, to suspect. महकना, सूँघना, शंका या शुबहा करना; -*n.* power of smelling, odour. गन्ध या घ्राण-शक्ति, सुगंध, महक।

**Smelt**-स्मेल्ट्-*v. t.* to melt ore for separating metal. कच्ची धातु गलाना।

**Smile**-स्माइल्-*v. t. & i.* to look pleased, to favour. मुस्कराना, कृपापूर्वक देखना; - *n.* look of smile, etc. मुस्कराहट, कृपादृष्टि।

**Smirch**-स्मर्च्-*v. t.* to stain, to soil. धब्बा या दाग लगाना; -*n.* stain. धब्बा, दाग।

**Smirk**-स्मर्क्-*v. i.* to smile in affected manner. चोचला दिखाते हुए हँसना; -*n.* silly smile. मूर्खतापूर्ण या चोचले की हँसी।

**Smite**-स्माइट्-*v. t.* (*p. t.* Smote, *p. p.* Smitten, Smit.) to strike, to punish, to defeat utterly. मारना, दण्ड देना, पूर्ण रूप से पराजित करना।

**Smith**-स्मिथ्-*n.* one who works in metals (esp. iron). धातु का काम करनेवाला, लुहार।

**Smithy**-स्मिदि-*n.* workshop of blacksmith. लोहार का कर्मशाला, लोहे का काम।

**Smitten**-स्मिट्'न्-*v. p. p.* of Smite.

**Smock**-स्मॉक् - *n.* woman's undergarment, chemise. जनानी कुर्ती, समीज।

**Smocking**-स्मॉकिङ्ग्-*n.* honey-combing. (वस्त्र में शोभावर्धक) चुननदार सिलाई।

**Smoke**-स्मोक्-*n.* sooty vapour emitted by burning substance. धूम, धुआँ; -*v. t. & i.* to give forth smoke, to puff tobacco, etc. धुआँ फेंकना, तमाखू (सिगरेट आदि) पीना।

**Smokeless**-स्मोक्-लेस् - *adj.* without smoke. बिना धुएँ का, निर्धूम।

**Smoking**-स्मोकिङ्-इङ्ग्-*n.* causing smoke, sucking from tobacco-pipe, etc. धूमन, धूमायन, धूम्रपान।

**Smoky**-स्मोकि-*adj.* filled with smoke, of colour of smoke. धुएँ से भरा, धुएँ के रङ्ग का।

**Smooth**-स्मूद् - *adj.* of even surface, glossy, mild, pleasing, polite. चौरस, चिकना, मृदु, मिलनसार, विनीत; -*v. t.* to make smooth, to make easy. चिकना



©C-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना, शांत या आसान या सरल करना; **Smoothing iron** (iron for smoothing clothes.) इस्तरी का लोहा; **Smooth-tongued** (flattering.) चापलूस, मिष्टभाषी।

**Smoothen**-स्मूदन्-*v.t.&i.* to make smooth, etc. चिकना करना।

**Smoothly**-स्मूद्'-लि-*adv.* in smooth manner. निर्विघ्न, आसानी से।

**Smote**-स्मोट्-*v., p. t.* of **Smite.**

**Smother**-स्मॉद्'-अर्-*v. t.* to stifle, to suppress, to conceal. गला घोंटना, दबाना, छिपाना; -*n.* thick cloud of dust. अंधड़, धूल की आँधी।

**Smoulder**-स्मोल्'-डर्-*v. i.* to burn without flame, to burn within. सुलग(ा)ना, कुढ़ना।

**Smudge**-स्मज्-*v. t.* to smear. लीपना, पोतना; -*n.* blot, etc. धब्बा या दाग, पोताई।

**Smudgily**-स्मजिलि-*adv.* in smudgy manner. धब्बे की तरह।

**Smudgy**-स्मजि-*adj.* blotted. धब्बेदार।

**Smug**-स्मग्-*adj.* of complacent appearance, self-satisfied. बना-ठना, आत्म-संतुष्ट।

**Smuggle**-स्मग्'-गल्-*v. t.* to import or export goods without paying customs duties. अवैध या तस्कर व्यापार करना।

**Smuggler**-स्मग्'-लर्-*n.* one who smuggles. तस्कर-व्यापारी।

**Smuggling**-स्मग्'-लिङ्ग्-*n.* & *adj.* unlawfully importing or exporting goods. अवैध या तस्कर व्यापार (करनेवाला)।

**Smut**-स्मट्-*n.* foul talk. धुएँ का धब्बा, गंदी या अशिष्ट बातचीत; -*v. t.* (*p. t.* **Smutted.**) to stain. धब्बा या कलंक लगाना।

**Smuttily**-स्मट्'-टिलि-*adv.* in smutty manner. धब्बों की तरह।

**Smutty**-स्मटि-*adv.* tainted with mildew, etc. गेरुई, धब्बे आदि लगा हुआ (अनाज, वस्त्र आदि)।

**Snack**-स्नैक्-*n.* hasty meal, share. हल्का भोजन, भाग।

**Snaffle**-स्नै-फ्ल्-*n.* bridle with plain bit. लगाम, कजाई।

**Snag**-स्नैग्-*n.* stump of branch, projecting point. ठूँठ, उभड़ा हुआ खुत्थ।

**Snagged**-स्नैग्'-ड्-*adj.* pointed like snag. नोकीला, ठूँठदार।

**Snaggy**-स्नैगि-*adv.* full of snags. ठूँठों या खुत्थियों से पूर्ण।

**Snail**-स्नेल्-*n.* slimy slow creeping insect with shell, lazy person. घोंघा, आलसी मनुष्य।

**Snake**-स्नेक्-*n.* serpent, cunning person. साँप, धूर्त मनुष्य, मदारी; **Snake-charmer.** सँपेरा; **Snake-gourd.** चिचिंड़ा।

**Snaky**-स्नेकि-*adj.* snake-like. सर्पिल, सर्प के आकार, प्रकृति आदि का।

**Snap**-स्नैप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Snapped.**) to bite or snatch at suddenly, to crack, to speak angrily, to take instantaneous photograph. झपटना, (कुत्ता आदि का) काटना, (पटाखा, बंदूक आदि) छोड़ना, क्रोध से बोलना, त्वरित या तात्क्षणिक प्रकाश-चित्र (फोटो) लेना; -*n.* act of snapping, spring fastening. (गोली आदि छूटने की) कड़कड़ाहट, खटका; **Snapshot** (instantaneous photograph.) तात्क्षणिक प्रकाश चित्र; **To snap at** (to try to bite.) काटने का प्रयत्न करना; **To snap out** (to speak angrily.) क्रोध से बोलना; **To snap teeth together** (to clatter teeth.) दाँत कटकटाना।

**Snappish**-स्नैप्'-पिश्, **Snappy**-स्नैप्-पि-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

*adjs.* sharp spoken. कटुभाषी।

**Snare-स्नेअर्**-*n.* net, trap. फन्दा, जाल; -*v. t.* to catch in snare. जाल में फँसाना।

**Snarer-स्नेअरर्**-*n.* one who snares. जाल में फँसानेवाला।

**Snarl-स्नार्ल्**-*n.* growling noise. गुर्राहट; -*v. i.* to growl. गुर्राना।

**Snary-स्नेअरि**-*adj.* snare-like. जाल-जैसा, फंदेदार।

**Snatch-स्नींच्**-*v. t.* to seize suddenly, to grasp and carry away. झटके से पकड़ना, छीन ले जाना; -*n.* hasty seizing, small portion. झपट या झपट्टा, टुकड़ा या छोटा भाग; **By snatches** (in fragments.) टुकड़े-टुकड़े करके; **To snatch at** (to attempt at seizing.) पकड़ने के लिये झपटना; **To snatch off** (to steal and run away.) चुरा कर भाग जाना।

**Sneak-स्नीक्**-*v. t. & i.* to steal, to go slyly about, to behave meanly. चुराना, चोरी या चुपके से भागना, नीचता का व्यवहार करना।

**Sneaking-स्नीक्'-इङ्ग्**-*adj.* (one) who sneaks, mean. अधम, नीच।

**Sneer-स्निअर्**-*v. i.* to express contempt. बोली बोलना, हँसकर खिल्ली उड़ाना।

**Sneeze-स्नीज़्**-*v. i.* to eject air through nose and mouth violently with audible sound. छींकना; -*n.* act of sneezing. छींक।

**Snick-स्निक्**-*v. t.* to make small cut. हल्का कटाव या छेद करना; -*n.* notch, cut. छोटा कटाव या छेद।

**Sniff-स्निफ्**-*v. i.* to draw air up nose audibly, to express dislike. नाक से शब्द करते हुए सूँघना, घृणा प्रकट करना।

**Snip-स्निप्**-*v. t.* (*p. t.* **Snipped.**) to cut off with scissors. (कैंची से) कतरना, छाँटना; -*n.* pieces. टुकड़ा, कतरन।

**Snipe-स्नाइप्**-*n.* kind of marshy bird. चाहा पक्षी।

**Sniper-स्नाइप्'-अर्**-*n.* sharp shooter in darkness. शत्रु पर अन्धकार में गोली मारनेवाला सैनिक, कमीनदार।

**Snippet-स्निपेट्**-*n.* small fragment. छोटा कटाव या टुकड़ा।

**Snivel-स्नि-व्ल्**-*v. i.* (*p. t.* **Snivelled.**) to run at nose. नाक बहना; **Sniveller** (स्निव्'-ऍल्-लर्) -*n.* one who snivels. नाक बहानेवाला, नाकबहना।

**Snivelling-स्निव्-लिङ्ग्**-*adj. & n.* crying, etc., like child. बच्चों की तरह सिसकियाँ भरनेवाला, नाकबहना।

**Snob-स्नॉब्** - *n.* person marked with superiority complex, etc. दंभी, आत्माभिमानी, व्यक्ति।

**Snobbery-स्नॉब्'-बरि**-*n.* snob's nature, etc. दंभ, आत्मगरिमा।

**Snobbish-स्नाब्'-बिश्**-*adj.* of or like snob. दंभी, आत्माभिमानी।

**Snood-स्नूड्**-*n.* hair-tape. जूड़ा बाँधने का फीता।

**Snook-स्नूक्**-*n.* kind of fish, contemptuous gesture with thumb at tip of nose and fingers spread out. एक प्रकार की मछली, तिरस्कारसूचक मुद्रा (नाक के पास अँगूठा ले जाकर उपेक्षा प्रदर्शन)।

**Snooze-स्नूज़्**-*v. t.* to take nap. झपकी लेना।

**Snore-स्नोर्**-*v. i.* to breathe noisily in sleep. खर्राटा मारना, सुप्तावस्था में नाक बोलना।

**Snoring-स्नोर्'-इङ्ग्**-*n.* breathing noise in sleep. खर्राटा।

**Snort-स्नॉर्ट्**-*v. i.* to emit breath forcibly from nose. नाक से घरघर शब्द करना।

**Snout-स्नाउट्**-*n.* projecting nose of



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

beast. पशु का थूथन।

**Snow**-स्नो-*n.* frozen vapour falling in white flakes. तुषार, बरफ; -*v. i.* to fall as snow. बरफ गिरना; **Snow-drift** (heap of snow driven by wind.) वायु से ढेर किया हुआ हिम, हिमसंचय; **Snow-line** (height above which mountain is always covered with snow.) हिम-रेखा; **Snow-plough** (appliance for removing snow.) बरफ हटाने का हल या यंत्र।

**Snowless**-स्नो'-लेस्-*adj.* without snow. बिना बरफ का, तुषारहीन।

**Snowy**-स्नो'-इ-*adj.* abounding or covered with snow. बर्फीला, हिमाच्छन्न।

**Snub**-स्नब्-*n.* rebuke, sarcasm. गाली, ताना; -*v. t.* (*p. t.* **Snubbed**) to humiliate. लज्जित करना, झिड़कना; -*adj.* (of nose) turned up. ऊपर को मुड़ी हुई (नाक). **Snubnose.** चिपटी या भद्दी नाक।

**Snubbing**-स्नब्'-बिङ्ग्-*n.* reproof. झिड़की।

**Snuff**-स्नफ्-*v. t.* to smell, to sniff. सूंघना; -*n.* powdered tobacco leaves, burning wick of candle. सुँघनी, मोमबत्ती का गुल।

**Snuffers**-स्नफ्'-फ़र्ज़-*n. pl.* implement for cropping snuff. मोमबत्ती का गुल काटने की कैंची।

**Snuffle**-स्नफ्'-फ़ल्-*v. i.* to speak through nose. नाक से बोलना, नकियाना।

**Snuffy**-स्नफ़ि-*adj.* soiled with snuff. सुँघनी-जैसा, सुँघनी भरा।

**Snug**-स्नग्'-*adj.* comfortable, convenient. सुखकर, सुविधा का।

**Snuggery**-स्न-गरि-*n.* small secret room. छोटा गुप्त कमरा।

**Snuggle**-स्नग्'-गल्-*v. i.* to nestle close together. (बैठने, सोने आदि में) सट जाना।

**So**-सो-*adv. & conj.* thus, in like manner, therefore. इस प्रकार (से), ऐसे, अतः, इसलिए; **Quite so** (exactly so.) बिल्कुल ठीक या ऐसा ही; **So and so** (some man.) अमुक व्यक्ति; **So be it.** (Let it be so.) ऐसा ही हो, तथास्तु; **So far** (upto this time or extent.) अब या यहाँ तक; **So long** (up to this time or length.) अब तक, इतनी देर या विस्तार तक; **So to say** (if one may say so.) यानी या अर्थात्।

**Soak**-सोक्-*v. t. & i.* to steep, to wet through, to drink heavily. सोख(ा)ना, सोखता लगाना, तर होना या करना, खूब मदिरा पीना, -*n.* soaking. सोखाई, मद्यप।

**Soap**-सोप्-*n.* compound of fat and alkali used in washing. साबुन; -*v. t.* to wash with soap. साबुन से धोना।

**Soapy**-सोपि-*adj.* having qualities of soap. साबुन की तरह का; **Soapnut.** रीठा।

**Soar**-सोर्-*v. i.* to fly high up, to mount great height. बहुत ऊपर उड़ना या उठना; **Soaring**-*adj.* (flying aloft.) बहुत ऊपर उड़नेवाला (पक्षी, भाव आदि), ऊँची उड़ान।

**Sob**-सॉब्-*v. i.* (*p. t.* **Sobbed.**) to weep in convulsive gasps. सिसकना; -*n.* gasping, weeping. सिसकी।

**Sober**-सो'-बर्-*adj.* not drunk, temperate, moderate, sensible, serious. जो नशा न पिये हो, संयमी, विचारवान्, सचेत, गम्भीर, शान्त; -*v. t. & i.* to make or become sober. गम्भीर (विचारवान् या संयमी) बनाना या होना।

**Sobriety**-सॅब्राइटि-*n.* temperance, calmness, gravity. संयम, चित्त की शांति, गम्भीरता।

**Sobriquet**-सो'-ब्रि-केँ-*n.* nick name. उपनाम, कृत्रिम नाम।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Socage**-सॅकेज-*n.* feudal tenure of land. ख़िदमती आराज़ी ।

**Sociability**-सो'-शॅबिलिटि -*n.* quality of being sociable. मिलनसारी, सामाजिकता ।

**Sociable**-सो'-शे-बल्-*adj.* fond of company, familiar, affable. समाज में रहनेवाला, मिलनसार, समाजकुशल ।

**Sociably**-सो - शे'ब्लि-*adv.* in affable manner. मिलनसारी से ।

**Social**-सो'-शल्-*adj.* living in company, relating to society, affable. सामाजिक, समाज-सम्बन्धी, मिलनसार ।

**Socialism**-सो - शलिज़्म् - *n.* principle that freedom of individual should be completely subordinate to interest of society. समाजवाद ।

**Socialize**-सो'-शलाइज़् -*v. t.* to make social. सामाजिक बनाना या होना ।

**Society**-सॅ'-सा'-इटि-*n.* organised social community, company, intercourse. समाज, सभा, सम्पर्क ।

**Sociology**-सो'-शि-ऑ-लॅ'-जि-*n.* science of development and laws of human society. समाजशास्त्र, समाज-विज्ञान ।

**Sock**-साक्-*n.* (*pl.* Socks, Sox.) short stocking. छोटा मोजा ।

**Socket**-साॅ'क्'-ऍट्-*n.* cavity in which anything is fitted. छेद या चूल (जिसमें कोई वस्तु बैठाई जाती हो), गर्त ।

**Sod**-साॅड्-*n.* turf, upper layer of grassland. घास का मैदान, तृणभूमि, इसका ऊपरी भाग ।

**Sod**-साॅड्-*v., p. t.* of Seethe.

**Soda**-सो'-डा-*n.* alkali used in making soap, glass, etc. खार, सोडा ।

**Sodden**-साॅ'-न्-*adj.* (*p. p.* of Seethe.) soaked, saturated with liquid. गीला, तर ।

**Soddy**-साॅ'डि *adj.* covered with sod. तृण या घास से ढका ।

**Sodium**-सो - डि - अम्-*n.* silver-white metal. सफ़ेद धातु जो सोडा में पायी जाती है, क्षारधातु, सोडियम ।

**Soever**-सो-ऍव्र्-*suf.* added to who, which, where, etc., to give indefinite meaning. (who, where आदि में लगनेवाला) 'जो कोई या जहाँ का' का अर्थसूचक प्रत्यय ।

**Sofa**-सो'-फ़ा-*n.* long cushioned seat with back and arm. सोफ़ा, सेज ।

**Soft**-साॅफ़्ट्-*adj.* not hard, plastic, smooth, simple, mild, not deep, pleasing to ear. कोमल, मुलायम, मृदु, हल्का (रंग), नरम या धीमा (स्वर); *inter.* Stop. !, etc. चुप ! धीरे ! **Soft colour** (colour that is not deep.) हल्का रंग ; **Soft goods** (textiles.) कपड़े ; **Soft water** (water free from mineral salt.) मीठा पानी, मृदुजल ।

**Soften**-साॅ'फ़्न्-*v. t. & i.* to make or become soft. कोमल, मुलायम या मंद करना या होना ।

**Softly**-साॅ'फ़्ट्'-लि-*adv.* in soft manner कोमलता, मुलायमी या मंदता से ।

**Soil**-सॅइल्-*n.* earth, ground, land. मिट्टी, भूमि, ज़मीन ;-*v. t. & i.* to make or become dirty, to stain. मैला या गंदा करना या होना, धब्बा लगना या लगाना ।

**Soiree**-स्वार्-*n.* social gathering esp. in evening. मुशाइरा, संगीत-गोष्ठी ।

**Sojourn**-सॅ-जर्न्-*v. i.* to dwell for short time. थोड़े समय के लिये कहीं रहना; -*n.* temporary stay. अल्पकालिक निवास, टिकाव ।

**Sola**-सो'-ला-*n.* marshy plant. खुखड़ी ; **Sola-topi** (hat made of pith.) दलदली पौधा या खुखड़ी का टोप ।

**Solace**-सॅ'लॅस्-*v. t.* to comfort. धीरज देना


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ढाढ़स देना; -*n.* comfort in grief. ढाढ़स, सान्त्वना।

**Solar**-सो'-लर्-*adj.* relating to or produced by sun. सूर्य-सम्बन्धी, सौर; **Solar eclipse** (eclipse of sun.) सूर्य-ग्रहण; **Solar system** (sun and heavenly bodies that revolve round it.) सौर-मण्डल, सौर-जगत्।

**Solarium**-सॅ-ले'-रि-अम्-*n.* place where sun's rays are utilised in treatment of diseases. सूर्य-आतप चिकित्सालय।

**Solatium**-सॅ-ले' - शि-अम्-*n.* anything given for consolation. सान्त्वना-देन।

**Sold**-सोल्ड्-*v., p. t. & p. p.* of **Sell.**

**Solder**-सोल्डर्-*n.* fusible alloy used for joining metals. राँगा; -*v. t.* to unite metals by solder. टाँका या राँगा लगाना।

**Soldier**-सोल्जर्-*n.* one who serves in army. सैनिक।

**Soldierly**-सोल्जर्लि - *adj.* like soldier. सैनिक-तुल्य, सैनिकी।

**Sole**-सोल्-*n.* under-side of foot, bottom of footwear. तलवा, जूते का तल्ला; -*adj.* alone, only. एकल, एकमात्र।

**Solecism**-सॅलि - सिज़्म्-*n.* blunder in speaking or writing. अशुद्ध-प्रयोग, व्याकरण की अशुद्धि।

**Solemn**-सॉ-लेॅ-म्-*adj.* serious, devout, impressive, sacred. गम्भीर, धार्मिक, सत्य-निष्ठ, प्रभावशाली, पवित्र।

**Solemnity**-सॉ-लेॅम्' - नि-टि-*n.* gravity, seriousness. गम्भीरता, शान्तचित्तता, सत्य-निष्ठा।

**Solemnize**-सॉलम् - नाइज़्-*v. t.* to celebrate. उत्सव मनाना, विवाह करना।

**Solicit**-सॉ-लिस्-इट्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Solicited.**) to ask earnestly, to try to obtain. विनयसहित प्रार्थना करना, माँगना।

**Solicitation**-सॉ-लिस्'-इ-टे-शन्-*n.* earnest request. प्रार्थना, विनती।

**Solicitor**-सॉ-लिस्'-इटर् -*n.* legal adviser. न्यायाभिकर्ता।

**Solicitous**-सॉ-लिस्'-इ-टस्-*adj.* anxious, desirous. उत्कंठित, विनयपूर्ण।

**Solicitude**-सॉ-लिस्'-इ-ट्यूड्-*n.* anxiety, uneasiness. चिन्ता, व्यग्रता, उत्सुकता।

**Solid**-सॉल्'-इड् - *adj.* not liquid or fluid, compact, not hollow, substantial, undivided. घन, ठोस, सार-गर्भित, अविभक्त।

**Solidarity**-सॉल् - इ-डरिटि-*n.* unity or oneness. एकता, सामाजिक सुदृढ़ता।

**Solidify**-सॉल्'-इ - डि - फ़ाइ -*v. t. & i.* (*p. t.* **Solidified.**) to make or become solid. ठोस बनाना या होना।

**Solidity**-सॉल्-इड्'-इटि-*n.* compactness. घनत्व, ठोसपन।

**Soliloquize**-सॅलिलॅक्वाइज़्-*v. t.* to utter soliloquy. स्वगत-भाषण करना।

**Soliloquy**-सॅलिलॅक्वि - *n.* (*pl.* **-quies.**) speaking to oneself. स्वगत-भाषण या कथन।

**Solitaire**-सॉल्-इ - टेॅअर्'-*n.* ear-ring or ornament with only one gem. एक नगीनेवाला कनफूल या आभूषण।

**Solitarian**-सॉलिटे - रिअ - न् - *n.* hermit. संन्यासी।

**Solitarily**-सॉल्'-इ-टरिलि-*adv.* in solitary manner. अकेले, एकांत रूप से।

**Solitariness**-सॉल्'-इ-टरि-नेॅस्-*n.* solitary state, etc. अकेलापन, निर्जनता।

**Solitary**-सॉल्'-इ-टरि-*adj.* lonely, single, unsociable. निर्जन, अकेला, एकान्त।

**Solitude**-सॉल्'-इ-ट्यूड्-*n.* lonely place, loneliness. निर्जनता, अकेलापन, एकांत।

**Solo**-सो'-लॅ-*n.* (*pl.* **Solos.**) musical piece performed by only one singer


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

or instrument. एकल गान या वादन; **Solo flight** (flying alone in aeroplane.) वायुयान पर अकेले उड़ना, अकेली उड़ान।

**Solstice-सॉल्'-स्टिस्-*n.*** time when sun is at its greatest distance from equator. अयनान्त, अयन-काल, संक्रांति।

**Solsticial-सॉल्-स्टि-शल्-*adj.*** pertaining to solstice. अयनान्त-सम्बन्धी।

**Solubility-सॉल्' - यु - बिलिटि-*n.*** being soluble. घुलनशीलता, विलेयता।

**Soluble-सॉल्'-यु - ब्ल्-*adj.*** capable of being dissolved in liquid, able to be solved. विलेय, घुलनशील, समाधान करने योग्य।

**Solution-सॅ-ल्यू - शन्-*n.*** act of dissolving in liquid, dissolved preparation, solving problem. विलेय, घोल, समाधान, हल; **Chemical solution** (that which involves change in chemical properties.) रासायनिक घोल।

**Solutive-सॉल्यूटिव्-*adj.*** loosening, laxative. विरेचक, दस्तावर।

**Solvability-सॉल्व्' - बिलिटि-*n.*** being solvable. घुलनशीलता।

**Solvable-सॉल्व्' - ब्ल्-*adj.*** capable of being dissolved or solved. घुलनशील, समाधान-योग्य।

**Solve-सॉल्व्-*v. t.*** to remove doubt, to make clear, to find way out of problem. समाधान होना या करना; **To solve a doubt** (to remove doubt.) सन्देह का निराकरण करना; **To solve a question** (to find answer to problem.) प्रश्न का समाधान होना या करना।

**Solvency-सॉल्व्' - वॅन्-सि-*n.*** ability to pay off one's debts. ऋण चुकाने की योग्यता, सम्पन्नता।

**Solvent-सॉल्व्'-वॅन्ट्-*adj.* & *n.*** (liquid having power of dissolving, able to pay off one's debts. विलायक, अपने में घुलानेवाला, घोलक, ऋण चुकाने में समर्थ।

**Sombre-सॉम्'-बर्-*adj.*** gloomy, dark. अँधेरा, काला, उदास।

**Sombrely-सॉम्-बर्-लि-*adv.*** in gloomy manner. उदासी आदि से।

**Sombrero-सॉम्ब्रे-रॉ-*n.*** kind of felt hat with broad rim. चौड़े किनारे या वाली अंग्रेजी टोपी।

**Some-सम्-*adj., pron. & adv.*** certain quantity or number, little, anyone, about. कुछ, अल्प, कोई, करीब-करीब, थोड़ा; **Somebody** (-बॅदि)-*n.* (unknown person.) कोई व्यक्ति; **Somehow** (one way or other.) किसी प्रकार से; **Sometimes** (at intervals.) कभी-कभी; **Somewhat** (more or less.) कुछ, थोड़ा-सा; **Somewhere** (in some unknown place.) किसी अज्ञात स्थान में, कहीं भी।

**-some-सम्-*suf.*** forming adjectives in sense of "productive of". 'उत्पन्न करनेवाला' आदि के अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय।

**Somersault-सम्-अर् - सॉल्ट्-*n.*** turning head over heels in air. हवा में कलैया।

**Something-सम्' - थिङ्ग्-*n.*** unknown thing, event, etc. कुछ, कोई वस्तु, बात आदि; **He thinks himself something** (He thinks highly of himself.) वह आत्माभिमान रखता है।

**Somnambulate-सॅम्नॉम्'-ब्युलेट्-*v. i.*** to walk in sleep. नींद में एकाएक चलना-फिरना, निद्राचार करना।

**Somniferous-सॅम्निफरस्-*adj.*** causing sleep. नींद लानेवाला, स्वापक।

**Somniloquy-सॅम्'-निलॅकि-*n.*** habit of talking in sleep. निद्रा में बड़बड़ाना या बोलना।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Son-सन्-(*fem.* Daughter.)** male child. पुत्र; **Son-in-law** (daughter's husband.) दामाद।

**Song-सॉङ्ग्-*n.*** vocal music, ballad, short poem. गाना, गीत, छोटी कविता, गीतिका।

**Songster-सॉङ्ग्'-स्टर् (*fem.* -stress.)** singer. गवैया, गायक।

**Sonnet-सॉन्-नेट्-*n.*** poem of fourteen lines. चौदह पंक्तियोंवाली अंग्रेजी कविता (गीतिका)।

**Sonny-सनि-*n.*** familiar term for boy. लड़के के लिए स्नेह का संबोधन शब्द, बेटा।

**Sonometer-सॅनॅ-मि-टर्-*n.*** instrument for testing hearing power of deaf person. श्रवण-शक्ति मापक, सुरमापी।

**Sonorous-सॅ-नोर्'-अस्-*adj.*** giving clear ringing sound. तेज और सुरीला स्वर का, सुस्वनिक।

**Soon-सून्-*adv.*** (*comp.* Sooner, *sup.* Soonest.) in short time, early, quickly. शीघ्र, झटपट, तुरंत, जल्दी; **As soon as** (moment that.) ज्योंही; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Sooner or later** (early or late, some day.) किसी दिन, शीघ्राशीघ्र; **Too soon** (very soon.) अति शीघ्र।

**Soot-सूट्-*n.*** black powder in smoke. कजली, कालिख; *-v. t.* to cover with soot. कालिख लगाना या पोतना।

**Sooth-सूथ्-*n.*** truth, fact. सत्य, यथार्थता; **In sooth** (truly.) सत्यतः, सचमुच, वास्तव में।

**Soothe-सूद्'-*v. t.*** to allay, to comfort, to calm. शान्त करना, सान्त्वना देना।

**Soother-सूदर्-*n.*** pacifier, rubber teat for babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने की रबड़ की चूँची।

**Soothing-सूद्'-इङ्ग्-*adj.* & *n.*** (act of) pacifying. शान्त करनेवाला, शांतिप्रद, सांत्वना।

**Soothsayer-सूथ्'-सें-अर्-*n.*** diviner. दैवज्ञ, भविष्यवक्ता।

**Sooty-सूटि-*adj.*** full of soot. कालिख पोता या लगा हुआ।

**Sop-सॉप्-*n.*** food dipped in broth, soup, &c., something given as bribe for persuasion. रस, जूस आदि में भिगाया हुआ बड़ा, घूस; *-v. t. & i.* to steep in liquid or soup. रसे या कढ़ी में भिगोना।

**Sophism-सॅफ्'-इज़्म्-*n.*** false and misleading argument. मिथ्या-तर्क, वाक्छल, हेत्वाभास।

**Sophist-सॅफ्'-इस्ट्-*n.*** fallacious reasoner. मिथ्या तर्क करनेवाला।

**Sophistic,(-al)-सॅफ्'-इस्ट्-इक्,(-अल्)-*adjs.*** मिथ्या तर्क युक्त या संबंधी।

**Sophisticate-सॅ-फ़िस्'-टि-केट्-*v. t. & i.*** to mislead by false argument, to adulterate. कुतर्क करना, मिलावट करना।

**Sophistry-सॅ-फ़िस्'-ट्रि'-*n.*** false reasoning. कुतर्क, मिथ्या-तर्क।

**Soporiferous-सोपॅरिफ़रस्-*adj.*** causing sleep. नींद लानेवाला, स्वापक।

**Sorcerer-सोर्सरर्-*n.*** *fem.* (-ess.) magician, wizard. जादूगर, ऐन्द्रजालिक।

**Sorcery-सोर्सरि-*n.*** magic. जादू।

**Sordid-सॉर्'-डिड्-*adj.*** base, dirty, mean. नीच, अधम, गंदा।

**Sordidness-सॉर्-डिड्'-नेस्-*n.*** meanness, filthiness. नीचता, गंदगी।

**Sore-सोर्-*adj.*** painful, irritated, morbid. पीड़ायुक्त, दुःखदायी, रुग्न; *-n.* painful spot on body. घाव, फोड़ा, व्रण; *-adv.* severely, grievously. बहुत दुःख या कष्ट से।

**Sorely-सोर्'-लि-*adv.*** severely, greatly. अत्यन्त मार्मिक रूप से, बहुत कष्ट या दुःख से।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


**Sorghum**-सॉर्गम्-*n.* fodder plant. चरी, चारे का पौधा।

**Sorites**-सॅ-राइ'-टीज़्-*n.* syllogism leading to absurdity. कुतर्क-माला।

**Sorrow**-सॉर्'-रो-*n.* grief, regret, trouble, affliction. दुःख, शोक, खेद, सन्ताप; *-v. i.* to grieve. शोक करना, दुःख करना।

**Sorrowful**-सॉर्'-रो-फुल-*adj.* full of sorrow. दुःखी, दुःखपूर्ण।

**Sorry**-सॉरि-*adj.* grieved, disappointed, mean, worthless. दुःखी, खिन्न, उदास, नीच; In a sorry plight (in miserable condition.) दयनीय या शोचनीय अवस्था में।

**Sort**-सॉर्ट्-*n.* kind, specie, manner. प्रकार, किस्म, जाति, ढंग; *-v. t. & i.* to separate into classes, to select. मेल लगाना, छाँटकर अलगाना; Out of sorts (unwell, out of order.) बिगड़ा (यंत्र आदि), अस्वस्थ, रोगी।

**Sortie**-सॉर्टि-*n.* sally of troops. सैनिक आक्रमण या धावा।

**Sot**-सॉट्-*n.* habitual drunkard. पियक्कड़।

**Souffle**-सू'-फ्ले-*n.* low sound heard within body. शरीर की भीतरी या आंतरिक ध्वनि।

**Sough**-साउ, सफ्-*n.* whistling sound made by wind. वायु की सनसनाहट;-*v. i.* to sigh as wind. सन्-सन् शब्द करना।

**Sought**-सॉट्-*v., p. t. & p. p.* of Seek.

**Soul**-सोल्-*n.* spiritual part of man, loftiness of thought, essential part, person. आत्मा, जीवन, मनुष्य।

**Sound**-साउन्ड्-*adj.* healthy, unhurt, perfect, well-founded, thorough, correct. स्वस्थ, भला-चंगा, पूर्ण, ठीक, गहरी (नींद), तर्कसंगत।

**Sound**-साउन्ड्-*v. t.* to fathom depth of water, to try to find out one's views. पानी की गहराई नापना, किसी के विचार (प्रवृत्ति आदि) का पता लगाना।

**Sound**-साउन्ड्-*n.* that which can be heard. ध्वनि, शब्द, आवाज़; *-v. t. & i.* to utter aloud, to examine by sound. शब्द या आवाज करना, (आवाज से) परीक्षा करना।

**Sounder**-साउन्ड्-अर्-*n.* young wild boar, telegraphic receiving apparatus. जंगली सूअर का बच्चा, तार का ध्वनि-ग्राही यन्त्र।

**Soundly**-साउन्डलि-*adv.* healthily, correctly. स्वस्थ रूप से, संगत तर्क से, शुद्धता से।

**Soup**-सूप्-*n.* liquid food. जूस, रसा।

**Sour**-साउर्-*adj.* of acid taste, bad-tempered. खट्टा, चिड़चिड़ा; *-v. t. & i.* to turn or make sour. खट्टा करना या होना, (दूध का) फटना।

**Source**-सोर्स्-*n.* fountainhead, origin, first cause. स्रोत, मूल, उद्गम, आदि-कारण।

**Sourish**-साउअरिश्-*adj.* somewhat sour. कुछ खट्टा।

**Souse**-साउस्-*n.* pickle prepared with salt. नमकीन अचार।

**South**-साउथ्-*n. & adj.* (of) direction opposite to north. दक्षिण दिशा, दक्षिणी; South-East. आग्नेय या दक्षिण-पूर्व दिशा; South-West. नैऋत या दक्षिण-पश्चिम दिशा या कोण।

**Southern**-सद्'-दर्न्-*adj.* belonging to south. दक्खिनी, दक्षिणी।

**Souvenir**-सूवनीर्-*n.* remembrance, keepsake. स्मृति-भेंट, स्मारिका।

**Sovereign**-सॉव्'-रेन्-*adj.* supreme, highest. परम, सर्वोच्च;-*n.* monarch or chief ruler, English gold coin worth 20*s.* राजा, २० शिलिंग का सोने का अंग्रेजी सिक्का (अप्रचलित)।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sovereignty**-सॉवरिन्टि-*n.* supreme power. सर्वोच्च या राज-सत्ता।

**Soviet**-सो-वि-ऐट्-*n.* local council of revolutionaries in Russia. रूस देश के क्रांतिकारी दल की क्षेत्रीय समिति।

**Sow**-सो-*n.* (*mas.* **Boar.**) female pig. सुअरी; -*v. t.* (*p. t.* **Sowed**, *p. p.* **Sown.**) to scatter seeds for growth, to spread. बीज बोना, फैलाना।

**Sowback**-सो-बैक्-*n.* low sandy bank. बालू का नीचा किनारा।

**Spa**-स्पा-*n.* (place of) mineral spring. खनिज जल का झरना, ऐसा स्थान।

**Space**-स्पेस्-*n.* room or place, extent, interval (in time.) स्थान, अन्तर, अवकाश, अवधि; -*v. t.* to arrange with proper distance between. अंतर या अवकाश देते हुए रखना, रेखाएँ खींचना आदि; **Pervading all space** (omnipresent.) सब दिशाओं में व्याप्त, सर्वव्यापी; **To space out** (to expand space.) (छपाई में, दो शब्दों आदि के बीच) अंतर या अवकाश बढ़ाना।

**Spacious**-स्पे-शस्-*adj.* extensive, roomy. विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा (कमरा)।

**Spaciousness**-स्पे-शस्-नेस्-*n.* ample space. लंबाई-चौड़ाई (कमरे आदि की)।

**Spade**-स्पेड्-*n.* tool for digging, shovel. फरसा, फावड़ा; -*v. t.* to dig with spade. फावड़े या फरसे से खोदना।

**Spade-work**-स्पेड्-वर्क्-*n.* hard labour. कठिन परिश्रम।

**Spadille**-स्पी-डिल्-*n.* ace of spades. हुकुम का एक्का।

**Spadix**-स्पे'-डिक्स्-*n.* (*pl.* **Spadices.**) spike of flowers. फूलों की स्थूल मंजरी।

**Spado**-स्पेडो-*n.* eunuch. हिजड़ा।

**Spake**-स्पेक्-*v., p. t.* (*archaic*) of **Speak.**

**Spalder**-स्पॉल्डर्-*n.* one who chips. टुकड़े तोड़नेवाला।

**Span**-स्पैन्-*n.* space of nine inches, reach of bridge arch, full extent. बित्ता, मेहराब की चौड़ाई, विस्तार, अवधि, (पुल का) फैलाव या पाट; -*v. t.* (*p. t.* **Spanned.**) to extend from side to side, to arch over, to measure with span. (एक सिरे से दूसरे सिरे तक) फैलना या फैलाना, मेहराब लगाना, बित्ते से नापना।

**Span**-स्पैन्-*v., p. t.* of **Spin.**

**Spangle**-स्पैङ्ग्'-गल्-*n.* small bits of shining silver, gold, etc. सलमा-सितारा; -*v. t.* to ornament with spangles. सलमा-सितारा सिलना।

**Spangly**-स्पैङ्ग्'-लि-*adj.* adorned with spangles. सलमा-सितारों से सजा हुआ।

**Spaniard**-स्पैन्'-यार्ड्-*n.* native of Spain. स्पेन का निवासी।

**Spaniel**-स्पैन्'-यल्-*n.* kind of dog. एक प्रकार का कुत्ता।

**Spanish**-स्पैन्-इश्-*adj.* relating to Spain. स्पेनी, स्पेन देश-सम्बन्धी; -*n.* language of Spain. स्पेन देश की भाषा।

**Spank**-स्पैङ्क्-*v. t.* to slap. थप्पड़ मारना; -*n.* slap. थप्पड़।

**Spanking**-स्पैङ्क्'-इङ्ग्-*adj.* notable, excellent. उत्कृष्ट, उम्दा।

**Spanless**-स्पैन्-लेस्-*adj.* that can not be measured. जो माप न जा सके, विस्तृत।

**Spanner**-स्पैन्'-नर्-*n.* one who spans, instrument for turning nuts or screws. नापनेवाला व्यक्ति या उपकरण, पेंचकश।

**Spar**-स्पार्-*n.* kind of mineral, pole, beam, mast, boxing match. एक धातु, बल्ला, धरन, मस्तूल, मुक्केबाजी का दंगल; -*v. i.* (*p. t.* **Sparred.**) to box, to quarrel. मुक्केबाजी का दंगल लड़ना, झगड़ना।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sparable**-स्पैर्-अ-ब्ल-*n.* headless nail used in soles and heels of shoes. जूते के तल्ले में जड़ने की बेटोप कील।

**Spare**-स्पेअर्-*v. t. & i.* to do without, to be frugal, to abstain from hurting or killing, to save. छोड़ या जाने देना, बचाना, अल्प व्यय करना, रक्षा करना; - *adj.* scanty, frugal, thin, additional. अल्पव्ययी, थोड़ा, स्वल्प, पतला, अतिरिक्त, फालतू।

**Sparing**-स्पेअर्'-इङ्ग् - *adj.* thrifty, scanty. मितव्ययी, किफायती, अल्प।

**Spark**-स्पार्क्-*n.* fiery particle, small bright object, gay fellow. चिनगारी, चमक, चमकीली वस्तु, छैला।

**Sparking**-स्पार्क्'-इङ्ग्-*adj.* generating sparks. चिनगारी छोड़नेवाला।

**Sparkle**-स्पार्क्-ल्-*v. i.* to throw forth sparks, to glitter. चिनगारी छोड़ना, चमकना; -*n.* glitter, spark. चिनगारी, चमक।

**Sparkling**-स्पार्क्-लिङ्ग्-*adj. & n.* glittering. चमकदार, चमक।

**Sparring**-स्पारिङ्ग्-*n.* boxing. मुक्केबाजी।

**Sparrow**-स्पैर्-रो-*n.* small bird. चटक, गौरैया पक्षी।

**Sparse**-स्पार्स्-*adj.* thinly scattered, scanty. विरल, स्वल्प।

**Spartan**-स्पार्टन्-*adj. & n.* pertaining to or (one) living in Sparta, brave and hardy. स्पार्टा नगर-सम्बन्धी, साहसी और परिश्रमी, स्पार्टन।

**Spasm**-स्पैज़्म्-*n.* muscular contraction. मांस-पेशी की ऐंठन या संकुचन (रोग), मिरगी का दौरा।

**Spasmodic**,(-al)-स्पैज़्-मॅडिक्,(-अल्)-*adjs.* convulsive, relating to spasm. मांस-पेशियों की ऐंठन सम्बन्धी।

**Spat**-स्पैट्-*v., p. t. & p. p.* of Spit.

**Spatchcock** - स्पैच्-काक्-*v. t.* to insert words in telegram hastily. तार की खबर में शीघ्रता से शब्द भरना।

**Spate**-स्पेट्-*n.* flood in stream. नदी की बाढ़।

**Spatial**-स्पेशल्-*adj.* pertaining to space. स्थान या अवकाश-सम्बन्धी, अवकाशिक।

**Spatter**-स्पैट् - टर्-*v. t.* to sprinkle. छिड़कना;-*n.* splash. छिड़काव, छींटा।

**Spatula**,(-le)-स्पॉट्-नु-ला,(-यूल्)-*ns.* instrument for spreading pigment, &c. रंग पोतने की कूंची, प्रलेपनी।

**Spavin**-स्पैव्-इन्-*n.* disease of joints in horses. (घोड़ों का) वात या संधि-रोग।

**Spawn**-स्पॉन्-*n.* eggs of fish or frogs. मेंढक या मछली का अण्डा;-*v. i.* to deposit eggs. (मछली का) अण्डा देना।

**Spawner**-स्पॉनर्-*n.* female fish or frog. मादा मछली या मेंढक।

**Speak**-स्पीक्-*v. t. & i.* (*p. t.* Spoke, Spake, *p. p.* Spoken.) to utter words, to talk, to make speech, to express. कहना, भाषण देना, बोलना, व्यक्त करना या खोलकर कहना; Speaking-trumpet (megaphone.) भोंपा; Speaking-tube (pipe for speaking through.) बोलने की नली; To speak fair (to speak fair language.) शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; To speak for (to speak for another.) किसी के लिये या मारफत बोलना; To speak ill of (to abuse.) निन्दा करना; To speak one's mind (to express one's thought freely.) अपना विचार खुलकर प्रकट करना; To speak out (to speak one's opinion etc., freely.) अपना विचार आदि खुलकर प्रकट करना; To speak up (to speak loudly or freely.) चिल्लाकर या खुलकर


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोलना।

**Speaker**-स्पीक'-अर्-*n.* one who makes discourse, president of legislative assembly. व्याख्यान देनेवाला, विधान-सभा का अध्यक्ष।

**Spear**-स्पियर्-*n.* lethal weapon. बल्लम, बरछा।

**Special**-स्पेशल-*adj.* particular, especial. विशिष्ट, विशेष।

**Specialist**-स्पेशलि - स्ट्-*n.* one who devotes himself to special branch of knowledge. ज्ञान आदि के किसी विशिष्ट शाखा में प्रवीण, विशेषज्ञ।

**Speciality**-स्पेशै' - लिटि - *n.* particular quality. विशिष्टता।

**Specialize**-स्पेश'-लाइज़्-*v. t. & i.* to become or make specialist, to limit, to differentiate. किसी विद्या में पारंगत बनना, विशेषज्ञ बनाना, सीमित करना, प्रभेद करना।

**Specie**-स्पी'-शी-*n.* (no *pl.*) coins. मुद्रा, सिक्का।

**Species**-स्पी-शीज़्'-*n.* (*sing. & pl.*) kind, class, sort. विशिष्ट जाति, प्रकार, वर्ग।

**Specific**-स्पे-सिफ्'-ईक-*adj. & n.* definite, precise, distinct, sure remedy. निर्दिष्ट, विशिष्ट, अमोघ या रामबाण औषध; **Specific gravity** (specific weight.) विशिष्ट भार; **Specific medicine** (medicine having distinct effect in curing particular disease.) अमोघ औषधि, रामबाण।

**Specification**-स्पेस्-ई-फ़ि-के'-शन्-*n.* act of specifying. निर्दिष्टीकरण।

**Specified**-स्पेस्'-इ - फ़ाइड-*adj.* particularly mentioned. निर्दिष्ट, उल्लिखित।

**Specify**-स्पेस्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Specified.) to mention particularly. निर्दिष्ट करना, उल्लेख करना।

**Specimen**-स्पेस्'-इ-मेन्-*n.* sample, pattern. प्रतिरूप, नमूना, बानगी।

**Speciology**-स्पीशिऑ-लॅजि-*n.* science of species. विशिष्ट जीव या जन्तु-विकास विज्ञान।

**Specious**-स्पी - शस्-*adj.* apparently right. ऊपरी तौर से सही।

**Speck, (-le)**-स्पेक्, (-क्ल)-*ns.* small spot, dot. छोटा दाग, धब्बा, चित्ती।

**Speckless**-स्पेक्'-लेस्-*adj.* spotless. बिना धब्बे का, बेदाग।

**Specks**-स्पेक्स्-*n. pl.* pair of spectacles. चश्मा।

**Spectacle**-स्पेक्-ट् - कल्-*n.* remarkable sight; (*pl.*) pair of lenses set in frame used for defective vision. कौतुक, तमाशा; (ब० व०) चश्मा।

**Spectacled**-स्पेक्-ट्-कल्ड्-*adj.* wearing spectacles. चश्मा पहिने हुए।

**Spectacular**-स्पेक्-टीक-यु-लर्-*adj.* making fine spectacle. कौतुकपूर्ण।

**Spectator**-स्पे-क्टेट् - अर्-*n.* (*fem.* Spectatress.) looker-on, beholder. दर्शक, देखनेवाला।

**Spectral**-स्पेक्'-ट्रल-*adj.* like or of ghost, of colour reflections. प्रेत-तुल्य, प्रेत-सम्बन्धी, वर्णक्रमीय।

**Spectre**-स्पेक्'-टर्-*n.* ghost. भूत, पिशाच, प्रेत।

**Spectroscope**-स्पेक्-ट्रॅ - स्कोप्-*n.* instrument for analysing rays reflected by spectrum. किरणों के विश्लेषण का यन्त्र, किरण-विश्लेषी यंत्र, वर्णक्रमदर्शी।

**Spectrum**-स्पेक्' - ट्रम्-*n.* (*pl.* Spectra.) band of colour produced by prism after image. वर्ण-क्रम, वर्ण-पट, वस्तु का वह प्रतिबिम्ब जो आँखें बन्द करने या हटा लेने पर भी आँखों में बना रहता है।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


**Specular-स्पेक्' - यु - लर्-*adj.* having qualities of mirror. दर्पण-तुल्य, चमकीला (लोहा)।

**Speculate-स्पेक्-यु - लेट्-*v. i.* to reflect, to form opinion, to buy stocks, &c., to sell when prices go high. सोचना या विचार करना, धारणा बनाना, सट्टेबाजी करना।

**Speculation-स्पेक्' - यु-लेॅ-शन्-*n.* reflection, purchasing articles to sell them when prices rise. ध्यान, चिंतन, सट्टेबाजी।

**Speculative-स्पेक्' - यु-लेट्-इव्-*adj.* contemplative, relating to speculation. विचारमग्न, ध्यानशील, सट्टेबाजी का।

**Speculator-स्पेक्'-यु-लेटर्-*n.* one who speculates. ध्यानशील व्यक्ति, सट्टेबाज।

**Speculum-स्पेक्यु - लम्-*n.* mirror of polished metal. चाँदी आदि का मुलम्मा किया हुआ दर्पण या शीशा, वीक्षण-यंत्र।

**Sped-स्पेड्-*v., p. t. & p. p.* of Speed.

**Speech-स्पीच्-*n.* faculty of speaking, language, public address. बोली, वाणी, भाषा, व्याख्यान; **Eloquence of speech** (fluent language.) भाषा-प्रवाह; **Figure of speech** (rhetorical abnormal expression.) अलंकार; **Maiden speech** (first speech of orator.) (किसी वक्ता का) पहिला भाषण; **Part of speech** (grammatical divisions of words.) पद (संज्ञा, विशेषण आदि)।

**Speechless-स्पीच्'-लेस्-*adj.* dumb. मूक, गूंगा, मौन।

**Speed-स्पीड्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Sped.**) to hasten, to give success, to further. (गाड़ी का) तेज दौड़ना या दौड़ाना, सफल करना, आगे बढ़ाना; *-n.* swiftness, rate of moving. शीघ्रता, गति, चाल।

**Speedily-स्पीड्'-इ' - लि-*adv.* in speedy manner. झट, तुरंत, तेजी से।

**Speediness-स्पीड्'-इ-नेस्-*n.* quickness. शीघ्रता, जल्दी, तेज चाल।

**Speedy-स्पीड्'-इ-*adj.* quick. द्रुत, तेज, शीघ्र।

**Spell-स्पेल्-*n.* charm, fascination, words having magical power. आकर्षण, जादू, टोना, मोहन-मंत्र; **Spell-bound** (entranced.) जादू से मोहित, मंत्रमुग्ध।

**Spell-स्पेल्-*v. t.* (*p. t.* **Spelled** *or* **Spelt.**) to write or name letters that form word, to take place of (in work.) अक्षरी बताना, पारी से काम करना; **To spell backwards** (to change meaning of.) अर्थ बदलना; **To spell out** (to make out word letter by letter.) अक्षरी या वर्ण-योजना बताना।

**Spelling-स्पेल्'-लिङ्ग्-*n.* act of naming letters of word. अक्षरी।

**Spencer-स्पेन्'-सर्-*n.* short overcoat for men or women. पुरुष या स्त्री का छोटा ऊपरी कोट्।

**Spend-स्पेन्ड-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Spent.**) to pay for purchase, to pass time, to waste. व्यय या खर्च करना, समय बिताना, बर्बाद करना।

**Spendthrift-स्पेन्ड्'-थ्रिफ्ट्-*n.* one who spends lavishly. अमितव्ययी, व्यर्थ धन उड़ानेवाला मनुष्य।

**Spent-स्पेन्ट्-*v., p. t. & p. p.* of Spend.

**Spermaceti-स्पर्'-मॉ - सें - टि - *n.* white waxy substance obtained from head of sperm whale. ह्वेल मछली के सिर में की वसा (चर्बी)।

**Spermary-स्पर्मरि-*n.* male sex organ. लिंग, लिंग-ग्रंथि।

**Spew, Spue-स्पड्-*vs. t. & i.* to vomit. वमन करना या कराना।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sphenoid**-स्फीनॉइड -*adj.* of shape of wedge. फन्नी के आकार का।

**Sphere**-स्फीअर् - *n.* globe, heavenly body, one's field of action. गोलक, आकाशीय पिंड, कार्यक्षेत्र।

**Spheric, (-al)** स्फेर्-इक्, (-अल्) - *adjs.* globe-shaped. गोलाकार, गोलीय।

**Sphericity**-स्फेर्'-इस्-ई-टि-*n.* rotundity. गोलाई।

**Spherograph**-स्फीरॅग्राफ्-*n.* relative parallel projections of earth on flat disc. पृथ्वी के अक्षांशों तथा देशांतरों का चपटी गोल वस्तु पर मानचित्र।

**Spheroid**-स्फिरॉइड्-*adj.* sphere-like वर्तुलाकार, गोलाकार, गोलाभ।

**Spherule**-स्फेर्'युल्-*n.* small sphere. छोटा गोलक या पिंड।

**Sphinx**-स्फिन्क्स्-*n.* (*pl.* Sphinxes.) fabulous monster having body of winged lion and head of woman. एक कल्पित दानव जिसका सिर स्त्री का तथा शरीर पंखदार सिंह का होता था।

**Spice**-स्पाइस् - *n.* vegetable product used for flavouring food. मसाला; -*v.t.* to season with spice. मसालेदार बनाना।

**Spick**-स्पिक्-*adj.* quite new. बिलकुल नया।

**Spicular**-स्पिक्युलर्-*adj.* sharp-pointed. नुकीला।

**Spicule**-स्पिक्'-युल्-*n.* small spike, sharp-pointed body. छोटा काँटा, कंटिका, नोकदार छड़।

**Spicy**-स्पाईसि-*adj.* fragrant, showy, flavoured with spice, pungent. सुगन्धित और मसालेदार, तीखा, देखावा।

**Spider**-स्पाई'-डर्-*n.* eight-legged insect which spins. मकड़ा।

**Spider-like**-स्पाइ'-डर्-लाईक्-*adj.* like spider. मकड़े की तरह का।

**Spidery**-स्पाई'-डर्-रि-*adj.* full of spiders. मकड़ों से पूर्ण।

**Spigot**-स्पिगॅट्-*n.* plug for inserting into hole of cask or pipe. (नली या पीपे के छेद में लगाने का) डट्टा, टोंटी।

**Spike**-स्पाइक्-*n.* piece of pointed iron, long nail. लोहे का नुकीला छड़, कील, मेख, लम्बा काँटा; -*v. t.* to fasten with spike. काँटा या छड़ ठोंकना या गाड़ना।

**Spiky**-स्पाईकि-*adj.* having sharp point. तीक्ष्ण नोकदार।

**Spile**-स्पाईल्-*v. t.* to pierce hole in barrel. पीपे में छेद करना।

**Spill**-स्पिल्-*v. t.* (*p. t.* Spilled *or* Spilt.) to let fall, to shed. (पानी, दूध आदि) गिर(ा)ना, बहाना; -*n.* fall, spilling. बहाव, गिराव; **To spill blood** (to cause bloodshed.) रक्तपात करना।

**Spin**-स्पिन्-*v. t. & i.* (*p. t.* Span, *p. p.* Spun.) to twist (cotton, wool, etc.) into threads, to whirl round. सूत कातना, (पहिए की तरह) घूमना या घुमाना; -*n.* twirl, revolving motion. ऐंठन, चक्कर, घुमाव या घूर्णन।

**Spinach**-स्पिन्'-इच्-*n.* garden vegetable. सोवा या पालक (साग)।

**Spinal**-स्पाईनल्-*adj.* relating to backbone. रीढ़ या मेरुदंड का या संबंधी; मेरुदंडीय; **Spinal column** (backbone.) (पीठ की) रीढ़, मेरुदण्ड; **Spinal cord.** रीढ़ की मुख्य नाड़ी, सुषुम्ना।

**Spindle**-स्पिन्' - इल्-*n.* axis, pin of spinning wheel. धुरा, टेकुआ।

**Spine**-स्पाईन्-*n.* backbone, thorny projection. पीठ की रीढ़, काँटेदार उभार।

**Spinner**-स्पिन्'-नर्-*n.* one who spins. जुलाहा, सूत कातनेवाला।

**Spinster**-स्पिन्'-स्टर् - *n.* unmarried


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



woman. अविवाहिता स्त्री, कुमारी लड़की।

**Spiny**-स्पाईनि-*adj.* having spine. रीढ़दार, काँटेदार।

**Spiral**-स्पाईरल-*adj.* of corkscrew form, coiled. वलयाकार, घुमौवा, सर्पिल; -*n.* spiral wave. चक्कर या वलय।

**Spire**-स्पायर्-*n.* steeple. मीनार, शिखर।

**Spirit**-स्पिर्' - इट्-*n.* soul, apparition, enthusiasm, mental nature, courage, energy, liveliness, mood or humour, essential purpose or meaning; (*pl.*) acloholic liquor. प्राण, आत्मा, प्रेत, उत्साह, भावना, वीरता, साहस, प्रसन्नता, मुद्रा या मिजाज, उद्देश्य, आशय; (व० व०) मदिरा; -*v. t.* to enliven, to excite. प्रसन्न करना, उत्तेजित करना; **Departed spirit** (spirit of dead.) मृतात्मा; **Gentle spirit** (gentility.) स्वभाव की सुजनता; **In good spirits** (in happy mood.) प्रसन्न मुद्रा में; **In high spirits** (with enthusiasm.) उत्साह सहित; **Spirit-level** (instrument for determining exact horizontal level.) समतल नापने का यन्त्र, पारा-यंत्र; **The spirit of the age** (mental or moral tendency of times:) किसी युग की मानसिक या नैतिक भावना।

**Spirited**-स्पिर्'-इट्'-एड्-*adj.* lively, bold, full of spirit. साहसी, तेजस्वी, उत्साहपूर्ण।

**Spiritless**-स्पिर् - इट्-लेस्-*adj.* without spirit. तेजहीन, निरुत्साह।

**Spiritual**-स्पि' - रिचुअल् - *adj.* of spirit or soul, not material. आत्मिक, आध्यात्मिक।

**Spiritualism**-स्पि'-रिचुअल्-इज़्म्-*n.* belief that departed spirits communicate with men, to believe that spirit is only reality. प्रेतवाद, अध्यात्मवाद।

**Spiritualist**-स्पि' - रिचुअल्-इस्ट्-*n.* adherent of spiritualism. प्रेतवादी, अध्यात्मवादी।

**Spirituality**-स्पि'-रिचुअलिटि-*n.* spiritual quality. आध्यात्मिकता।

**Spirituous**-स्पि'-रिचु-अस्-*adj.* alcoholic. सुरा-सारयुक्त।

**Spirivalve**-स्पिरि - व्हॉल्व्-*adj.* of spiral shape. वलयाकार, घुमौवा।

**Spirt, Spurt**-स्पर्ट्-*vs. t. & i.* to gush out in stream, to cause to flow or jet out. (नली में से) तेज धार में बहना या बहाना।

**Spit**-स्पिट्'-*n.* broach, headland, spade-depth, saliva. सीकचा, समुद्रतटीय टीला, फरसा भर गहराई, लार या थूक; -*v. t.* (*p. t.* **Spitted.**) to pierce with spit; -*v.i.* (*p. t.* **Spat.**) to expectorate, to rain little, to make noise as if spitting. सीकचा भोंकना, थूकना, फुही पड़ना, खखारना।

**Spite**-स्पाइट्-*n.* malice, ill-will, grudge. द्रोह, ईर्ष्या, विरोध; -*v. t.* to thwart, to vex. अड़ंगा डालना, अप्रसन्न करना।

**Spiteful**-स्पाइट्'-फुल् - *adj.* malicious. द्रोही, डाह करनेवाला।

**Spitfire**-स्पिट्' - फायर्-*n.* hot-tempered person. क्रोधी मनुष्य।

**Spittle**-स्पिट्'-इल्-*n.* saliva. थूक।

**Spitoon**-स्पिट्' - टून्-*n.* vessel into which one spits. पीकदान, उगालदान।

**Splash**-स्प्लॉश् - *v. t.* to dash water about, to spatter. पानी या कीचड़ का छींटा फेंकना या उड़ाना; -*n.* water or mud thrown up, sound of something falling into water. छींटा, बौछार, छपाके का शब्द।

**Splasher**-स्प्लॉश्'-अर्-*n.* mud-guard over wheels. पहिये के ऊपर कीचड़ या पानी के छींटे बचाने का साधन, कीचड़-रोक।



CC-0. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


**Splatter**-स्प्लैट्-टर्-*v. t. & i.* to make splashing noise, to speak unintelligibly. छींटे फेंकना, अस्पष्ट बोलना।

**Splay**-स्प्ले-*v. t. & i.* to construct hole, etc. with one side wider than other. छिद्र बनाना; -*n.* oblique surface, etc. तिरछापन।

**Spleen**-स्प्लीन्-*n.* gland situated at left of abdomen, ill-temper, spite. प्लीहा, बरबट, द्रोह, क्रोध।

**Splendent**-स्प्लेन्'-डेन्ट्-*adj.* shining, of bright metallic lustre. (धातु-जैसा) चमकदार।

**Splendid**-स्प्लेन्'-डिड्-*adj.* glorious, brilliant, magnificent. शानदार, बहुत अच्छा या बढ़िया।

**Splendour**-स्प्लेन्'-डर्-*n.* grandeur, pomp. शोभा, शान, वैभव।

**Splenic**-स्प्लेन्-निक्-*adj.* belonging to spleen. तिल्ली या प्लीहा संबंधी।

**Splice**-स्प्लाइस्-*v. t.* to join together ends of rope by interweaving strand. रस्सों के सिरों को जोड़ना; -*n.* joining of ropes. जोड़।

**Splint**-स्प्लिन्ट्-*n.* strip of wood, &c., for supporting or holding broken bone. कमठी (जो टूटी हड्डी बैठाने के लिये उसके ऊपर बाँधी जाती है।)

**Splinter**-स्प्लिन्'-टर्-*n.* thin piece of wood split off. चैली, फट्टा; -*v. t.* to split into thin pieces. फट्टा या चैली चीरना।

**Split**-स्प्लिट्-*v. t. & i.* (*p. t.* Split.) to cleave, to divide into parties, to be broken to pieces. फटना, चीरना, टुकड़े-टुकड़े होना, धज्जियाँ उड़ना या उड़ाना, फूट पैदा होना या करना; -*n.* rent, etc. फटन, फूट, भंग, विच्छेद।

**Streamlet**-स्ट्रीम्'-लेट् - *n.* small stream. छोटी नदी या जल-धारा।

**Streamy**-स्ट्रीमि - *adj.* abounding in stream (s). धारायुक्त, सोतों से परिपूर्ण।

**Street**-स्ट्रीट-*n.* road lined with houses. नगर का मार्ग या सड़क; Man in the street ( ordinary man. ) सामान्य या साधारण मनुष्य; On the streets (living by prostitution.) वेश्यावृत्ति।

**Strength**-स्ट्रेन्थ्-*n.* being strong, power, force, vigour, intensity, number of soldiers on muster roll. शक्ति, बल, पुष्टता, पौरुष, दृढ़ता, मजबूती, सैनिक शक्ति; On the strength of (encouraged by, relying on.) प्रोत्साहन से, सहारे पर; Strength of mind (intellectual strength.) बुद्धि-बल।

**Strengthen**-स्ट्रेन्'-थन्-*v. t. & i.* to make or become strong, to encourage. पुष्ट या बलवान् करना या होना, दृढ़ता, मजबूती आदि देना।

**Strenuous**-स्ट्रेन्'-यु-अस्-*adj.* energetic, earnest, zealous. उत्साही, उद्योगी।

**Strenuously**-स्ट्रेन्' - यु - अस्' - लि-*adv.* earnestly. उद्योग या उत्साहपूर्वक।

**Stress**-स्ट्रेज्-*n.* pressure, strain, force, effort, emphasis. दबाव, बल, शक्ति, प्रयत्न, (उच्चारण में शब्द पर दिया जानेवाला) जोर;-*v. t.* to pronounce with stress. शब्द पर जोर देकर उच्चारण करना।

**Stretch**-स्ट्रेच्-*v. t.* to lengthen, to extend, to tighten. फैलाना, बढ़ाना, खींचना, तानना;-*n.* extent, expanse. विस्तार, फैलाव, तनाव; To stretch one on the ground (to knock down man to ground.) मारकर भूमि पर गिरा देना; To stretch out (to extend.) फैलाना; To stretch the truth (to exaggerate.) अतिरंजित करना।

**Stretcher**-स्ट्रेच्'-अर्-*n.* appliance for



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

carrying sick and disabled persons. रोगी का खटोला डोला।

**Strew**-स्ट्रू-*v. t.* (*p. t.* **Strewed**, *p. p.* **Strewn.**) to scatter. छितराना, बिखेरना।

**Stricken**-स्ट्रिक्'-न्-*v.*, *p. p.* of **Strike.**

**Strict**-स्ट्रिक्ट्-*adj.* accurate, severe, rigid. कड़ा या कठोर, अनुशासनप्रिय, दृढ़।

**Strictly**-स्ट्रिक्ट्-लि'-*adv.* in strict manner. सख्ती, कड़ाई या अनुशासन के साथ।

**Stricture**-स्ट्रिक्चर्-*n.* censure, critical remark, contraction. निन्दा, कटु आलोचना, सिकोड़।

**Stride**-स्ट्राइड्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Strode**, *p. p.* **Stridden.**) to walk with long steps. लम्बे डगों से चलना;-*n.* long step. लम्बा डग।

**Strident**-स्ट्राइड्' - ऍन्ट् - *adj.* harsh in sound. कर्कश (शब्द)।

**Strife**-स्ट्राइफ्-*n.* struggle, quarrel. कलह, झगड़ा।

**Strike**-स्ट्राइक्-*v. t.* (*p. t.* **Struck**, *p. p.* **Stricken.**) to hit (upon), to knock, to impress, to occur to mind, to penetrate, (of clock) to sound hour, to settle bargain, (of fighting forces, etc.) to take down tent or lower flag, (of workmen) to refuse to work until their demands are settled. मारना, पीटना, टकराना, ध्यान में आना, घुसाना या भोंकना, (घड़ी का) घंटा (समय आदि) बजना या बजाना, प्रभावित करना, सौदा तय करना, खेमा उठाना, झंडा गिराना, हड़ताल करना; -*n.* cessation of work by workmen. हड़ताल; **Struck with wonder** (greatly astonished.) चकित; **To strike accounts** (to settle accounts.) हिसाब करना; **To strike at the root of** (to destroy completely.) समूल नष्ट करना; **To strike back** (to return blow.) बदले में प्रहार करना; **To strike fear in the mind** (to create fear in mind.) भय उत्पन्न करना; **To strike one's flag** (to surrender.) युद्ध भूमि में पराजित सेना का अपना ध्वज झुकाना, आत्म-समर्पण करना; **To strike up acquaintance** (to start acquaintance readily.) शीघ्र परिचय करना; **To strike while the iron is hot** (to work when there is good opportunity.) सुअवसर पर उद्योग करना।

**Striking**-स्ट्राइक्'-इङ्ग्-*adj.* impressive. प्रभावशाली, आकर्षक।

**String**-स्ट्रिङ्ग्-*n.* fine cord or rope or wire used for tying objects, etc. डोरी, रस्सी, तांत, तार; - *v. t.* to furnish with strings. तार में गूथना या पिरोना, तांत लगाना; **String of pearls.** मोतियों की लड़; **To harp on the same string** (to dwell on single subject.) एक ही राग अलापना; **To have two strings to one's bow** (to have two expedients.) दो सहारे या अवलंब पर रहना; **To pull the strings** (to be chief actuator.) संचालन आदि का प्रधान उत्प्रेरक होना; **To touch the strings** (to begin harping.) सारङ्गी या वीणा बजाना।

**Stringency**-स्ट्रिन्' - जें - न्सि-*n.* severe pressure. कड़ा दबाव, तंगिश।

**Stringent**-स्ट्रिन्' - जेंन् - ट्-*adj.* severe, rigorous. कठोर या कड़ा।

**Strip**-स्ट्रिप्-*v. t.* (*p. t.* **Stripped.**) to deprive of covering, to peel off. नंगा करना, छिलका उतारना, छीलना; -*n.* long narrow piece. धज्जी, पट्टी; **To strip a cow** (to press out all milk from cow.) गाय का सब दूध दुह लेना; **To**



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**strip off** (to take off clothes.) कपड़े उतारना।

**Stripe-स्ट्राइप्-***n.* strip, long narrow coloured band, mark made by lash. पट्टी, धारी, लकीर, कोड़े की साट;-*v. t. & i.* to mark with stripes. धारी या पट्टी डालना, साट पड़ना।

**Stripling-स्ट्रिप्'-लिङ्ग्-***n.* youth. युवा पुरुष।

**Strive-स्ट्राइव्-***v. i.*.( *p. t.* **Strove**, *p. p.* **Striven.**) to try hard, to struggle, to contend. प्रयत्न या उद्यम करना, संघर्ष करना।

**Strode-स्ट्रोड्-***v., p. t.* of **Stride.**

**Stroke-स्ट्रोक्-***n.* blow, knock, sudden attack of disease, line or dash. आघात, धक्का, चोट, (रोग का) एकाएक आक्रमण, तिरछा निशान; **On the stroke** (at right time.) ठीक समय पर; **Stroke of business** (profitable transaction.) लाभ का सौदा।

**Stroke-स्ट्रोक्-***v. t.* to caress by gently passing hand over. सुहराना, हाथ फेरना; -*n.* act of stroking. सुहराना; **To stroke one down** (to pacify.) (क्रोध) शांत या ठंडा करना; **To stroke one's hair the wrong way** (to anger or irritate or disturb.) उत्तेजित, कुप्रेरित या क्रुद्ध करना।

**Stroll-स्ट्रोल्-***v. i.* to walk leisurely, to ramble. विचरना, इधर-उधर टहलना; -*n.* rambling walk. परिभ्रजन, पैदल सैर।

**Strong-स्ट्रॉङ्ग्-***adj.* powerful, forcible, effective, vigorous, violent, firm, earnest, well-fortified. पुष्ट या ठोस, बलवान्, मजबूत, प्रबल, तीव्र, पराक्रमी, शक्तिशाली, दृढ़, सुरक्षित; **Of strong mind** (capable of sound reasoning.) तीक्ष्ण मनोबल या बुद्धिवाला; **Of strong smell** (garbage or carrion smelling.) दुर्गंध या कड़ी गंध का; **Strongmarket** (rising prices.) तेजी का बाजार; **Strong support** (support with full powers.) सुदृढ़ सहायता; **Strong verb** (verbs forming inflexions by change of vowel within stem.) वह क्रिया जिसका भूतकाल रूप उसके भीतरी स्वर के बदलने से बनता है।

**Stronghold-स्ट्रॉङ्ग्-होल्ड् -** *n.* fortress. किला, दुर्ग।

**Strongly -स्ट्रॉङ्ग्' - लि -** *adv.* forcibly, firmly. कठोरता से, दृढ़ता से।

**Strop-स्ट्रॉप् -** *n.* strip of leather for sharpening razors. चमोटा;-*v.t.* to sharpen on strop. चमोटे पर रगड़कर तेज करना।

**Strove-स्ट्रोव्-***v., p. t.* **Strive.**

**Struck-स्ट्रक्-***v., p. t.* of **Strike.**

**Structural-स्ट्रक्चरल्-***adj.* pertaining to structure. गृह-निर्माण या रचना सम्बन्धी।

**Structure-स्ट्रक्चर् -** *n.* building, construction, form, make. घर या मकान, रचना, बनावट, आकार।

**Struggle-स्ट्रग्'-गल्-***v. t. & i.* to strive, to contend, to writhe. प्रयत्न या उद्योग करना, संघर्ष करना, छटपटाना;-*n.* striving, writhing. संघर्ष, उद्योग, हाथा-पाई।

**Strum-स्ट्रम्-***v. t.* ( *p. t.* **Strummed.**) to twang strings of musical instrument. (बीन, सितार इत्यादि के तारों को) झनकारना।

**Strumpet-स्ट्रम्प्'-एट्-***n.* prostitute. वेश्या, रंडी।

**Strung-स्ट्रङ्ग्-***v., p. t. & p. p.* of **String.**

**Strut-स्ट्रट्-***n.* proud or pompous gait. अकड़ की चाल;-*v. i.* to walk with affected gait. अकड़कर चलना।

**Struthious-स्ट्रू'-थि-अस्-***adj.* pertaining to or like ostrich. शुतुरमुर्ग संबंधी या उसकी तरह का।

**Strychnine, Strychnia-स्ट्रिक्'-निन्,-निआ -***n.* poisonous alkaloid obtained from



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by eGangotri Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

certain plants. कुशा का सख्त बिचला डंठल।

**Stub-स्टब्**-*n.* stump of tree, tooth, &c. (पेड़, दाँत आदि का) ठूँठ।

**Stubborn-स्ट-बर्न्**-*adj.* obstinate, refractory. हठी, अड़ियल।

**Stubby-स्टबि**-*adj.* stubbed. ठूँठदार।

**Stub-nail-स्टब्-नेल्**-*n.* short thick nail. छोटी और मोटी कांटी।

**Stucco-स्टकॅ**-*n.* fine plaster or cement. महीन पलस्तर या सिल्मिट।

**Stuck-स्टक्**-*v.*, *p. t.* of Stick.

**Stud-स्टड्**-*n.* large-headed nail, knob or shirt-button. चौड़े माथे का कांटा, (आस्तीन या बाहु का) दोहरा बटन;-*v.t.* to set with studs. काँटे, कील आदि जड़ना, बल लगाना; **Collar-stud** (collar button.) कालर में लगाने का बटन; **Studded with stars** (ornamented with stars.) तारे जड़े हुए; **Stud-farm** (place where horses are bred.) घोड़े पालने का स्थान, घोड़साल, अश्वशाला।

**Studded-स्टड्'-डेड्**-*adj.* thickly set. घना जड़ा हुआ, जटित।

**Student-स्ट्यू'-डेन्ट**-*n.* one who studies. अध्ययन करनेवाला, विद्यार्थी; **Studentship** (-शिप्)-*n.* student life. विद्यार्थी-जीवन, छात्रावस्था।

**Studied-स्टड्'-इड्**-*adj.* well read or considered. पठित, अधीत, संकल्पित, सोचा-विचारा हुआ।

**Studio-स्ट्यु-डि - ओ** - *n.* (*pl.* Studios) working room, etc., of artist, photographer or film actor. चित्र-शाला, चल-चित्र निर्माण-केन्द्र या अभिनयशाला।

**Studious-स्ट्यू-डि-अस्**-*adj.* painstaking, devoted to study. परिश्रमी, विद्याभ्यासी।

**Study-स्टडि**-*n.* (*pl.* Studies) reverie, careful reading, branch of learning, treatise, close attention, place where one reads and writes. सोच-विचार, अध्ययन, विद्या या ज्ञान की शाखा, मौलिक ग्रंथ, निबंध या लेख, ध्यान, पढ़ने-लिखने का कमरा; -*v. t. & i.* (*p. t.* Studied) to contemplate, to take pains for acquiring knowledge. विचारना, परिश्रमपूर्वक अध्ययन करना; **In brown study** (intent on thoughts.) विचारों में लीन; **To make a study of** (to make thorough investigation.) भली भाँति जाँचपड़ताल करना; **To study for the bar** (to study law.) विधि (कानून) पढ़ना; **To study out** (to succeed in finding out.) अन्वेषण या अनुसंधान में सफल होना; **To study up** (to prepare for examination.) परीक्षा के लिए तैयारी करना।

**Stuff-स्टफ्**-*n.* material of which thing is made, worthless matter, nonsense. सामग्री, पदार्थ, तुच्छ या निकम्मा पदार्थ, वृथा बकवाद;-*v. t.* to pack up, to stop up. ठूस कर भरना, बन्द करना।

**Stuffy-स्टफि** - *adj.* packed up, difficult to breathe. ठूस कर भरा हुआ, हवाबंद (कमरा), श्वास बद्ध।

**Stultification-स्टल्'-टि-फि-के'-शन्**-*n.* act of reducing to absurdity. निरर्थकता।

**Stultify-स्टल्-टि-फाइ**-*v. t.* to reduce to absurdity. विफल करना, हँसकर उड़ाना।

**Stum-स्टम्** - *n.* unfermented juice of grapes. अंगूर का ताजा रस; -*v. t.* (*p. t.* Stummed) to prevent wine from fermentation. अंगूर के रस को सड़ने से रोकना।

**Stumble-स्टम्-बल्**-*v. i. & t.* to strike foot against something and almost fall in walking, to err, to come by chance upon. ठोकर लगना, गिर पड़ना, भूल करना, एकाएक मिलना; **Stumbling - block**



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(obstacle) अवरोध, बाधा।

**Stumer-स्टयू'-मर्-***n.* counterfeit coin or cheque. जाली या नकली सिक्का या चेक।

**Stump-स्टम्** - *n.* part remaining after a tree is cut or broken off, one of three sticks of wicket, pencil of rolled paper. पेड़ का ठूँठ, क्रिकेट के खेल की खूँटी, लपेटे कागज की बत्ती;-*v. i.* to walk heavily. डगमगाते या धीरे धीरे चलना; On the stump (engaged in political lectures.) राजनीतिक व्याख्यानों में तत्पर।

**Stun-स्टन्-***v. t.* (*p. t.* Stunned) to make senseless with blow, to deafen, to bewilder. (प्रहार द्वारा) मूर्च्छित करना, बहिरा बनाना, घबड़ा देना।

**Stung-स्टङ्ग्-***v., p.t. & p. p.* of Sting.

**Stunk-स्टङ्क्-***v., p.t.* of Stink.

**Stunning-स्टन्'** - निङ्ग् - *adj.* making stunned, astonishing. घबड़ा देनेवाला, आश्चर्यमय।

**Stunt-स्टन्ट्-***v. t.* to check growth of, to dwarf. (शरीर की) बाढ़ रोकना, बौना या नाटा करना।

**Stunted-स्टन्ट्'-एँड्** - *adj.* dwarfish. बौना, ठिंगना।

**Stupe-स्टयूप्-***n.* fomentation with flannel, etc., steeped in hot water. गरम पानी में फलालैन आदि भिगोकर सेंकने की क्रिया।

**Stupefaction-स्टयू'-पि** - फ्रीक्' - शन् - *n.* stupidity, insensibility. मूर्खता, जड़ता, मूर्च्छा।

**Stupefy-स्टयू'-पि-फाइ-***v. t.* (*p. t.* Stupefied) to make or become insensible or stupid. मूर्च्छित करना, जड़ या मूर्ख बनाना।

**Stupendous-स्टयू'-पेन्-डस्-***adj.* wonderful, extraordinary, very huge. विलक्षण, अपूर्व, अति विशाल।

**Stupid-स्टू** - पिड् - *adj.* dull, foolish, unintelligent, senseless. मंति-मन्द, मूर्ख, निर्बुद्धि, निरर्थक।

**Stupidity-स्टुपिडिटि-***n.* foolishness, etc. मूर्खता, अज्ञानता, जड़ता।

**Stupor-स्टयू'-पर्-***n.* insensibility. मूर्च्छा, जड़ता।

**Sturdily-स्ट-र्डिलि-***adj.* in sturdy manner. दृढ़ता या मजबूती से।

**Sturdiness-स्टर्डि-नेस्-***n.* state of being sturdy. पुष्टता, मजबूती, दृढ़ता।

**Sturdy-स्ट** - र्डि - *adj.* strong, robust, hardy. पुष्ट, दृढ़, हट्टा-कट्टा।

**Stutter-स्टट्'-टर्-***v. i.* to falter or stammer in speaking. हकलाना;-*n.* faltering in speech. हकलाहट।

**Sty-स्टाइ-***n.* (*pl.* Sties) enclosure for keeping swine, filthy place. सुअरबाड़ा, गन्दा स्थान, उच्छिष्ट राशि।

**Sty, Stye-स्टाइ, स्टाई-***ns.* small tumour on eyelid. (आँख की) बिलनी।

**Stygian-स्टिजिअन्-***adj.* infernal, gloomy. नरक-सम्बन्धी, नारकीय, अन्धकारमय।

**Style-स्टाइल्-***n.* pointed writing implement, fashion, manner of expression (writing, doing, etc.), method of reckoning calender, title. नुकीली लेखनी, रीति, ढंग, शैली, काल-गणना की पद्धति, नाम, उपाधि, पदवी;-*v. t.* (*p. t.* Styled) to name, to entitle. नाम, पदवी आदि देना।

**Stylet-स्टाइलेट्-***n.* fine pointed instrument. नुकीला उपकरण।

**Stylish-स्टाइल्'** - इश् - *adj.* fashionable. बना-ठना, शौकीन, प्रसाधनप्रिय।

**Stylist-स्टाइल्'-इस्ट्-***n.* one who aims at writing or speaking in good literary style. शैलीकार, पोशाक का शौकीन।

**Stylograph-स्टाइलें-ग्राफ्-***n.* pointed pen with ink-reservoirs. रोशनाई भरकर लिखने


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की नुकीली कलम।

**Styptic-स्टिप्'-टिक्-***adj.* & *n.* that which checks bleeding, astringent. रुधिर-स्राव को बन्द करनेवाली (दवा)।

**Styrax-स्टाइ'-रॉक्स्-***n.* gum yielding tree. एक प्रकार का बबूल का वृक्ष।

**Suable-सू-ऍ-बल्-***adj.* that can be sued. नालिश करने योग्य।

**Suave-स्वेव्-***adj.* soothing, polite. शान्तिकर, नम्र, विनीत।

**Sub-सब्-***pref.* in sense of "under, subordinate." "उप, अधीन, सहायक" अर्थ का उपसर्ग।

**Subaltern-सब्'-ऑल्-टर्न्-***n.* military officer below captain. कप्तान के अधीन सैनिक अधिकारी;-*adj.* subordinate. अधीनस्थ।

**Subaqueous-सब्-श्रीक्विअस्-***adj.* lying or living under water. जल के नीचे रहनेवाला या मिलनेवाला, तलगर्भीय।

**Subaudition-सब्'-ऑ-डि-शन्-***n.* understanding what is not expressed in words. लिखित अर्थ, अनुमिति आदि।

**Sub-committee-सब्-कमिटि-***n.* under-committee. उपसमिति।

**Subdivide-सब्'-डि-व्राइड्'-***v. t.* to divide parts again. उपविभाग करना।

**Subdivision-सब्'-डि-व्रिज़न्-***n.* administrative county, etc. उपविभाग, उप-विभाजन।

**Subduable-सब्'-ड्यू'-ऍ-बल्-***adj.* fit or able to be subdued. दबाने या अधीन करने योग्य।

**Subdue-सब्-ड्यू'-***v. t.* to conquer, to overcome, to make captive, to soften. जीतना, दबाना, वश में करना, अधीन करना, मृदु करना।

**Subdued-सब्-ड्यू'-ड्-***adj.* overpowered. अधीन या वश में किया हुआ, दबी (आवाज)।

**Sub-editor-सब - ऍडिटर्-***n.* assistant editor. उप-सम्पादक।

**Subject-सब्'-जेक्ट्-***adj.* under another's authority, liable. आश्रित, अधीन, विवश; -*n.* one owing obedience to king, theme, topic, occasion. प्रजा, प्रकरण, विषय;-*v. t.* to subdue, to bring under, to expose. वश में या अधीन या उन्मुक्त करना; **Subject in hand** (topic under consideration.) प्रस्तुत विषय; **Subject to** (conditional upon.) अनुबंध या शर्त युक्त।

**Subjection-सब्-जेक्'-शन्-***n.* control. अधीनता, वश।

**Subjective-सब्-जेक्'-टिव्-***adj.* belonging to consciousness, of individual point of view. आत्मा या चेतना सम्बन्धी, वैयक्तिक, आत्मनिष्ठ।

**Subjectivism-सब्-जेक्'ट्-इव्-इज़्म्-***n.* theory that knowledge is purely subjective. यह सिद्धान्त कि ज्ञान केवल चेतना-मूलक है, अध्यात्म, भावात्मक ज्ञान।

**Subjoin-सब्-जॉ-इ-न्'-***v. t.* to add at end. अन्त में लिखना या जोड़ना।

**Sub-judice-सब्' - जु - डिस्-***adj.* under judicial consideration. विचाराधीन, निर्णयाधीन।

**Subjugate-सब्-ज्यु-गेट्'-***v. t.* to bring under control. वशीभूत या अधीन करना।

**Subjugation-सब्'-ज्यु-गे-शन्-***n.* act of subduing. अधीनता, वश।

**Subjunctive-सब्'-जङ्क्-टिव्-***adj.* conditional. शर्तसूचक।

**Sublease-सब्-लीस्'-***v. t.* to sublet. दर-पट्टे पर देना।

**Sublet-सब्'-लेट्'-***v. t.* to underlet to another person. दर-पट्टे या गौण किराये पर देना।

**Sublimate-सब्-लि-मेट्'-***v. t.* to exalt, to refine, to purify. उन्नत करना, शोधना,



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्मल करना।

**Sublime**-सब्-लाइम्'-*adj.* exalted, noble, grand, majestic. अत्युत्कृष्ट, उन्नत, परम, महान्; -*n.* majestic style. उत्कृष्ट शैली।

**Sublimity**-सब् - लिमिटि - *n.* sublime quality. उत्कृष्टता, परम वैभव।

**Submarine**-सब्- मॉ - रीन्' - *adj.* & *n.* warship etc. sailing, acting or growing under sea, water or bed. अधःसमुद्री, अधस्तलीय, पनडुब्बी।

**Submerge**-सब् - मर्ज्' -*v. t.* & *i.* to cover with or plunge under water. जलमग्न होना या करना।

**Submergence**-सब्' - मर्ज्' - ऍन्स, **Submersion**-सब्-मर्श्न्-*ns.* act of submerging. जलमग्नता, जलप्लावन।

**Submerse**-सब्-मर्स्'-*v. t.* & *i.* same as Submerge.

**Submission**-सब्-मि-शन्-*n.* obedience to authority, humility. आज्ञापालन, विनीत भावना या व्यवहार।

**Submissive**-सब्-मिस्'-सिव्-*adj.* meek, obedient. विनीत, आज्ञाकारी।

**Submit**-सब्-मिट्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Submitted.) to yield, to surrender, to present for consideration. (अधिकार, प्रभुत्व आदि) मानना, अधीन होना, वश में होना या जाना, विचारार्थ निवेदन करना।

**Subordinate**-सब्-आर्' - डिन् - ऍट्-*adj.* inferior in rank or importance. अधीन या आश्रित, अप्रधान या गौण; -*n.* person working under another. अधीनस्थ कर्मचारी;-*v. t.* (-नेट्') to place in lower rank. अधीनस्थ या गौण होना या बनाना।

**Subordination**-सब् - ऑर्'- डिन्-ए-शन्-*n.* inferiority in rank. अधीनता, मातहती।

**Suborn**-सब्-ऑर्न्'-*v. t.* to cause to give false evidence, to procure secretly. झूठी गवाही दिलाना, गुप्त रूप से प्राप्त करना।

**Subovate**-सब्'-ओ वेट्-*adj.* nearly in form of egg. प्रायः अण्डे के आकार का (फल, अश्म-खनिज आदि)।

**Subpoena**-सब्-पी'-ना, (सपीना) -*n.* writ commanding presence of person in court as witness. (न्यायालय में साक्षी देने के लिये) आज्ञापत्र, सम्मन।

**Subrogation**-सब्-रे-गे'-शन्-*n.* (in law) substitution of one person for another. उपस्थापन।

**Subscribe**-सब्-स्क्राइब्'-*v. t.* & *i.* to sign below, to assent, to contribute to fund. नीचे हस्ताक्षर करना, स्वीकार करना, चंदा देना।

**Subscriber**-सब्-स्क्राइब्'-अर्-*n.* one who subscribes. अंशदाता, चंदा देनेवाला।

**Subscript**-सब् - स्क्रिप्ट्-*n.* something written below. नीचे लिखा विशेष अंश या टिप्पणी (पत्रों आदि में)।

**Subscription**-सब्-स्क्रिप्' - शन्-*n.* signature, sum contributed. हस्ताक्षर, अंशदान, चंदा।

**Subsequent**-सब्-सि-क्वेन्ट्-*adj.* following or coming after. परवर्ती।

**Subsequently**-सब्- सि - क्वेन्ट् - लि-*adv.* later on. तदनन्तर, बाद में।

**Subserve**-सब्'-सर्व्-*v. t.* to be of use to, to serve in subordinate way. उपयोगी या सहायक होना।

**Subservience**-सब्-सर्-व्रि-ऍन्स -*n.* anything that promotes some end. अनुसेवा, उपयोगिता।

**Subservient**-सब् - सर्' - व्रि - ऍन्ट्-*adj.* serving as means. उपयोगी, अनुसेवी।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Subside**-सब्-साइड्'-*v. i.* to sink down, to become quiet. डूबना, शान्त होना।

**Subsidiary**-सब्-सिड्'-इ-अरि-*adj.* helping, subordinate. सहायक, अप्रधान या गौण।

**Subsidy**-सब्'-सि-डि-*n.* pecuniary help in aid of private enterprise, etc. आर्थिक सहायता, अनुदान।

**Subsist**-सब्-सिस्ट्'-*v. i.* to maintain life, to exist. प्राणधारण करना, जीना।

**Subsistence**-सब्'-सिस्ट्'-ऍन्स-*n.* means of support, livelihood. जीविका, वृत्ति, रोजी।

**Subsoil**-सब्'-सॉइल्-*n.* soil which lies just beneath surface soil. अधस्तल।

**Sub-solar**-सब्-सोलर्-*adj.* under sun's surface. सूर्य के अधोभाग का, अध-सौर।

**Substance**-सब्'-स्टन्स-*n.* essential part or meaning, matter of which thing is made, property, gist. सार, तत्त्व, द्रव्य, पदार्थ, धन, सारांश; **Man of substance** (rich man.) धनी मनुष्य; **Sum and substance** (gist.) निष्कर्ष, सारांश।

**Substantial**-सब्' - स्टॅन्श-ल-*adj.* real, material, solid, considerable, well-to-do. वास्तविक, अधिक, ठोस, धनी।

**Substantially**-सब्-स्टॅन्'-शलि-*adj.* in substantial manner. वास्तविक या ठोस रूप में।

**Substantiate**-सब्-स्टॅन्'-शि-ऍट्-*v. t.* to prove true. सत्य प्रमाणित करना, पुष्टिकरण।

**Substantiation**-सब्-स्टॅन्'-शि-ऍ-शन्-*n.* establishing the truth. प्रमाणीकरण, प्रमाणन, (प्रस्ताव आदि का) पुष्टिकरण।

**Substantive**-सब्'-स्टॅन्'-टिव्-*adj.* real, solid, considerable. वास्तविक, ठोस, पर्याप्त; -*n.* noun. विशेष्य, संज्ञा।

**Substantively**-सब्' - स्टॅन्'-टिव्' - लि-*adv.* in or with substantive manner. ठोस या पर्याप्त रूप में।

**Substitute**-सब्-स्टि-ट्यूट्-*v. t.* to put in place of another. उपस्थापन या स्थानापन्न करना; -*n.* person or thing in place of another. स्थानापन्न (अधिकारी)।

**Substitution**-सब्-स्टि-ट्यू-शन्-*n.* act of substituting. स्थानापन्नता, स्थानापत्ति, प्रतिस्थापन।

**Substratum**-सब्-स्ट्रे'-टम्-*n.* (*pl.* Substrata.) underlying basis, subsoil. आधार, अधःस्तर।

**Substruction**-सब्-स्ट्रक्शन्' - *n.* underbuilding. नीचे का तहखाना।

**Subsultory**-सब्-सल्टरि-*adj.* moving by jerks. हचक कर चलनेवाला।

**Subsultus**-सब् - सल्टस् - *n.* convulsive motion. हचक, झटका।

**Subsume**-सब् - स्यूम्' - *v. t.* to include under rule. किसी नियम के अन्तर्गत करना।

**Subtend**-सब्'-टेंन्ड्-*v. t.* to be opposite to. (कोण आदि का) सामने होना या बनना।

**Subter**-सब्'-टर्-*pref.* in sense of "under". "नीचे या अधः" के अर्थ का उपसर्ग।

**Subterfuge**-सब्'-टर्-फ्यूज्-*n.* underhand trick. छल, धोखा, चाल।

**Subterranean**-सब् - टर् - रे'-नि-अन्-*adj.* underground. भूतल का, भूतलीय।

**Subtle**-सब्'-टल् - *adj.* cunning, fine, delicate. चतुर, सूक्ष्म, बारीक, गूढ़।

**Subtlety**-सब्-टल्'-टि- *n.* fineness, cunningness. गूढ़ता, सूक्ष्मता, चतुरता।

**Subtract**-सब्-ट्रैक्ट्'-*v. t.* to take away or deduct smaller number from greater one. घटाना।

**Subtraction**-सब्-ट्रैक्-शन्-*n.* deduction.



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाकी, घटाव।

**Suburb-सब्'-अर्ब्-***n.* outskirts of city. नगर का बाहरी भाग, उपनगर।

**Suburban-सब्'-अर्बन्** - *adj.* pertaining to suburb. नगर के बाहरी भाग का, उपनगरीय।

**Subvene-** सब् - वीन् - *v. i.* to succour effectively. सहायता करना।

**Subvention-सब्-वेन्'-शन्** - *n.* pecuniary grant from government. राज्य-प्रदत्त आर्थिक सहायता।

**Subversion-सब्-वर्'-शन्-***n.* destruction, ruin. नाश, बरबादी।

**Subversive-सब्-वर्'-सिव्** - *adj.* having power to overthrow. नाश करनेवाला, विध्वंसक।

**Subvert-सब्-वर्ट्'** - *v. t.* to upset, to overthrow, to destroy. उलटना, विध्वंस या नाश करना।

**Succade** - सकेड् - fruit preserved in syrup. मुरब्बा।

**Succeed-सक्-सीड्-***v. t. & i.* to follow after, to be in place of, to prosper, to accomplish one's purpose. (क्रम के विचार से) बाद में आना या होना, स्थान ग्रहण करना, उत्तराधिकारी बनना, सफल या कामयाब होना।

**Success-सक्-सेस्** - *n.* achievement. सफलता।

**Successful-सक्-सेस्'-फुल** - *adj.* having success. सफल, कृतार्थ।

**Succession-सक्-सेश'** - शन्-*n.* series of things following one another, right of inheriting, lineage. क्रम, सिलसिला, उत्तराधिकार, वंशक्रम; **In succession** (in unbroken series.) यथाक्रम, क्रम से; **Law of succession** (law relating to succession.) उत्तराधिकार का कानून।

**Successive-सक्-सेस्'-इव्** - *adj.* consecutive. क्रमागत, क्रमिक।

**Successor-सक्-सेसर्-***n.* one who succeeds. उत्तराधिकारी।

**Succinct-सक्-सिङ्क्ट्'-***adj.* brief, concise. संक्षिप्त, संक्षेप में वर्णित।

**Succour-सक्-कर्-***v. t.* to aid in distress. आपत्ति में सहायता देना;-*n.* help given in need. सहानुभूतिक सहायता।

**Succourless-सक्-कर्-लेस्-***adj.* without help. निःसहाय, बेसहारा।

**Succulence-सक्'-क्यु-लेन्स्-***n.* juiciness. रसीलापन, सरसता।

**Succulent-सक्'-क्यु-लेन्ट्-***adj.* juicy. रसदार, सरस।

**Succumb-सक्-कम्'-***v. i.* to yield, to give way, to die. वशीभूत होना, अधीनता मानना, मरना।

**Such-सच्-***adj.* of same kind. इसी प्रकार का, ऐसा, वैसा; **Such and such** (someone.) अमुक, इस नाम का कोई।

**Suck-सक्-***v. t.* to draw liquid into mouth, to absorb. चूसना, सोखना, (बच्चे का) स्तनपान करना;-*n.* sucking. स्तनपान; **A child that sucks the breast** (sucking baby.) स्तनपान करनेवाला बच्चा; **To suck out** (to empty by sucking.) चूसकर खाली करना; **To suck up** (to absorb.) सोखना।

**Suckle-सक्'-ल्-***v. t.* to (give) suck (to). स्तन या दूध पीना या पिलाना।

**Suction-सक्-शन्-***n.* act of sucking. शोषण, चूसन, चुसाव, स्तनपान; **Suction pump** (ordinary pump for forcing water up.) पानी खींचने का पम्प, चूषण पम्प या उद्वंच।

**Sudatory-सू'-डेटरि** - *adj.* stimulating perspiration. पसीना लानेवाला, प्रस्वेदक।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sudden**-सड्-न्-*adj.* happening, unexpectedly, abrupt. आकस्मिक, यकायक या अकस्मात् होनेवाला।

**Suddenly**-सड्'-न्-लि-*adv.* abruptly. यकायक, अकस्मात्।

**Suds**-सड्स-*n. pl.* water and froth of soap. साबुन का झाग मिला हुआ जल।

**Sue**-सू-*v. t. & i.* to plead, to prosecute, to woo. अभियोग चलाना, विनय करना, (प्रेमिका से) प्रणय करना।

**Suet**-सू-ऍट्-*n.* hard fat of animal. पशु की ठोस चर्बी।

**Suety**-सूऍटि-*adj.* consisting of suet. पशु की ठोस चर्बी से युक्त, निर्मित आदि।

**Suffer**-सफ्-फ़र्-*v. t. & i.* to allow or permit, to undergo, to endure (pain, etc.) आज्ञा देना, अनुमोदन करना, सहना, पीड़ित होना, दुःख भोगना।

**Sufferance**-सफ्'-फ़र्-अन्स-*n.* endurance, forbearance. सहन, अनुमोदन, स्वीकृति।

**Sufferer**-सफ़्'-फ़र्-अर्-*n.* one who suffers. कष्ट सहनेवाला या उठानेवाला।

**Suffering**-सफ्-फ़र्-इङ्ग्-*n. & adj.* (under) distress. क्लेश, दुःख, कष्ट, पीड़ित।

**Suffice**-सफ्-फ़ाइस-*v. t. & i.* to be enough, to satisfy needs of. पर्याप्त होना, मतलब या खर्च भर होना।

**Sufficiency**-सफ्-फ़िश्'-ऍन्सि-*n.* adequateness. पर्याप्ति।

**Sufficient**-सफ्-फ़िश्'-ऍन्ट्-*adj.* enough, adequate. पर्याप्त, काफी।

**Suffix**-सफ्-फ़िक्स-*n.* letter or syllable appended to word. प्रत्यय;-*v. t.* to append suffix. प्रत्यय जोड़ना।

**Suffocate**-सफ़ॅ-केट्-*v. t.* to choke by stopping respiration, to stifle. गला घोंटना, दम घुटना।

**Suffocation**-सफ़ॅ-केशन्-*n.* act of suffocating. श्वासावरोध।

**Suffragan**-स'-फ़्-रॅगन्-*n.* assistant of archbishop. प्रधान पादरी का सहायक।

**Suffrage**-सफ्-फ़्रेज्-*n.* right to vote, support. मताधिकार, स्वीकृति या अनुमोदन।

**Suffragist**-सफ्'-फ़्रे-जिस्ट्-*n.* one who supports voting by women. स्त्री-मताधिकार का समर्थक।

**Suffuse**-सफ़्-फ़्यूज़्'-*v. t.* to overspread, to fill. छा जाना, व्याप्त होना।

**Suffused**-सफ़्-फ़्यूज़्'-इ-*adj.* overspread. फैला या छाया हुआ (आलोक, कांति आदि)।

**Sugar**-शुगर्-*n.* sweet substance prepared from various plants especially sugarcane. शक्कर, चीनी;-*v. t.* to sweeten with sugar. मीठा करना, चीनी मिलाना; **Sugar-candy** (crystallized sugar.) मिसरी, कन्द; **Sugar-cane** (plant from which sugar is made.) ऊख, गन्ना।

**Sugary**-शुगरि-*adj.* sweetened with sugar. शक्कर मिलाया हुआ।

**Suggest**-सज्-जेस्ट्-*v. t.* to hint, to propose. संकेत करना, प्रस्ताव करना, (विचार आदि) ध्यान में आना।

**Suggestion**-सजेशन्-*n.* act of suggesting, proposal. प्रस्ताव, (भाव, विचार आदि का) संकेत या आभास।

**Suggestive**-सज्-जेस्ट्-इव्-*adj.* full of suggestion. सूचक, आभास या संकेत देनेवाला।

**Suicidal**-सूइ-साइ-ड्ल्-*adj.* committing suicide, pertaining to suicide. आत्मघातक, आत्महत्या-सम्बन्धी।

**Suicide**-सूइ-साइड्-*n.* self-murder. आत्महत्या; **To commit suicide** (to kill oneself.) आत्महत्या करना।

**Suit**-सूट्-*n.* petition, wooing, action at law, set of dress such as coat, pants, etc. प्रार्थना या विनती, (प्रेमी द्वारा)



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवाह के लिए प्रस्ताव, अभियोग या मुकदमा, पोशाक (अंग्रेजी);-*v. t. & i.* to fit, to satisfy. योग्य (उपयुक्त, ठीक या अनुकूल) होना या करना, जँचना।

**Suitability**-सूट्-बिलिटि-*n.* suitableness. योग्यता, उपयुक्तता, अनुकूलता।

**Suitable**-सूट्-बल्-*adj.* fit, proper. योग्य, उचित, उपयुक्त, अनुकूल।

**Suitably**-सूट्-ब्लि-*adv.* in suitable manner. यथायोग्य, उचित रूप से।

**Suite**-स्वीट्-*n.* retinue. नौकर-चाकर।

**Suitor**-सूटर्-*n.* wooer, lover. प्रणयार्थी, प्रेमी।

**Sulcate**-सल्केट्-*adj.* furrowed, grooved. पनारीदार, कूँड़दार।

**Sulkily**-सल्-किलि-*adv.* in sullen manner. उदासीनता या खिन्नता से।

**Sulky**-स - लकि - *adj.* sullen, morose. उद्विग्न, उदास, खिन्न।

**Sullen**-सलन्-*adj.* gloomy, morose, ill-humoured. उदास, खिन्न।

**Sullenness**-सलन् - नेस्-*n.* moroseness. खिन्नता, उदासी।

**Sully**-सलि-*r. t. & i.* (*p. t.* Sullied.) to stain, to soil or be soiled. कलंकित करना, लांछन लगाना।

**Sulphur**-सल्' - फ़र्-*n.* yellow mineral substance. गन्धक।

**Sulphuric**-सल्-फ्यू-रिक्-*adj.* obtained from sulphur. गन्धकी, गन्धक का।

**Sulphurous**-स-ल्फ्युर्-स्-*adj.* having properties of sulphur. गंधकी।

**Sultan**-सल्'-टन्, (सुलतान)-*n.* (*fem.* Sultana.) title of king of Turkey, Emperor. तुर्की के राजा की उपाधि, सुलतान।

**Sultriness**-सल्'-ट्रि-नेस्-*n.* state of being sultry. (मौसम की) गरमी, ऊमस।

**Sultry**-स-ल्ट्रि-*adj.* hot and oppressive. गरम तथा कष्टकर (मौसम)।

**Sum**-सम्-*n.* total, arithmetical problem, addition, amount of money, summary. योगफल, जोड़, गणित-प्रश्न या सवाल, (जोड़) का प्रश्न, सारांश, राशि;-*v. t.* to total. जोड़ना; **Sum total** (total amount.) पूरा या कुल जोड़।

**Summarily**-स - मरिलि - *adv.* briefly, hastily. संक्षिप्त रूप से, संक्षेपतः, शीघ्रता से।

**Summarize**-स-म-राइज़्-*v. t.* to set forth chief points of matter. संक्षेप करना।

**Summary**-स-मरि-*n.* short or concise statement. सारांश;-*adj.* concise, brief. संक्षिप्त।

**Summer**-सम्' - मर् - *n.* hot season of year. ग्रीष्म ऋतु; **Summer - house** (house for summer residence.) गर्मी में रहने का बँगला, ग्रीष्मावास; **Summer tree** (vertical beam which supports roof.) बँडेर।

**Summit**-सम्-मिट्-*n.* highest point or degree. शिखर, चोटी।

**Summon**-सम-न्'-*v. t.* to command to come, to call, to rouse up. (न्यायालय आदि का) उपस्थित होने का आदेश देना, बुलाना, जागृत करना।

**Summons**-समन्स्-*n.* authoritative call to appear in the court. आह्वान, तलबनामा;-*v. t.* to serve with a summon. सम्मन देना या जारी करना।

**Sump**-सम्प्-*n.* cesspool. परनाली, चहबच्चा।

**Sumpter**-सम्प्-टर् - *n.* pack-horse. लद्दू घोड़ा।

**Sumptuary**-सम्प्-च्यु-अरि-*adj.* regulating expenses. व्यय-नियंत्रण संबंधी।

**Sumptuous**-सम्प्-च्यु-अस्-*adj.* splendid, costly. शानदार, बहुमूल्य।

**Sumptuously**-सम्प्'-च्यु-अस्-लि - *adv.* in costly manner. खर्चीले ठाट-बाट से।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sun-सन्-*n.*** centre of planetary system, sunshine. सूर्य, धूप;-*v. t. & i.* (*p. t.* Sunned.) to expose to sun, to bask. धूप दिखाना, धूप सेवन करना; **Sun-bath** (exposure of body to sun's rays.) धूप खाना, आतप-स्नान; **Sun-blind** (window-shade.) (घाम रोकनेवाला) खिड़की का पर्दा; **Sun-dial** (instrument to show time of day by shadow of sun.) धूपघड़ी; **Sun-flower** (helianthus.) सूरजमुखी फूल; **Sunless** (-लेस्)-*adj.* (shady.) छायादार; **Sun-like**(like sun.) सूर्य की तरह का; **Sun-proof**(impervious to sun's rays.) सूर्य की किरणों द्वारा अभेद्य; **Sunshade** (parasol.) छोटा छाता; **Sunstroke** (illness caused by heat wave in summer.) लू लगना; **The sun is set.** (Time of prosperity is over.) ऐश्वर्य के दिनों का अन्त हो गया; **To rise with the sun** (to be out of bed at sunrise.) सूर्योदय के समय उठना; **To see the sun** (to be alive.) जीवित रहना; **To take the sun** (to expose body to sun's rays.) घाम लेना; **Under the sun** (in world.) संसार में।

**Sunday-सन्'-डे-*n.*** first day of week. रविवार, अतवार।

**Sunder-सन्'-डर्-*v. t. & i.*** to separate or be separated. अलग करना या होना।

**Sundry-सन्ड्रि-*adj.*** several. विविध, फुटकर।

**Sundries-सन्-ड्रिज़्-*n. pl.*** miscellaneous items. फुटकर पदार्थ।

**Sung-सङ्ग्-*v., p. p.*** of Sing.

**Sunk-सङ्क्-*v., p. p.*** of Sink.

**Sunken-सङ्क्'-न्-*adj.*** (*p. p.* of Sink.) lying at bottom of river, sea, etc. डूबा हुआ।

**Sunny-सनि** - *adj.* bright, warmed by sun, cheerful. सूर्यालोकित, धूप से गरम या सुखा, प्रसन्न।

**Sup-सप्-*n.*** sip. चूंट;-*v. t. & i.* to sip, to take evening meal. चुस्की लेना, थोड़ा-थोड़ा करके पीना, रात का भोजन करना।

**Super-सू-पर्-*pref.*** in sense of "above, beyond, more than". "ऊपर, आगे, अतिरिक्त, बढ़कर" के अर्थ का उपसर्ग।

**Superable-सूपर्-ए-बल्-*adj.*** that may be overcome or conquered. जीतने योग्य, विजेय या अतिक्रम्य (कठिनाई आदि)।

**Superabundant-सु-पर्-अ-बन्'-डन्ट्-*adj.*** exceedingly abundant. अत्यधिक।

**Superannuate-सु - पर्-ऑन्-न्यु-एँट्-*v. t.*** to pension off, to cause to retire from work. पेंसन देना, (वार्धक्य आदि के कारण) काम से निवृत्त करना।

**Superannuation-सु-पर् - ऑन्-न्यु-एँ'-शन्-*n.*** pension. अधिवर्षता-निवृत्ति या पेन्सन।

**Superb-सु-पर्ब्-*adj.*** splendid, grand. वैभवपूर्ण, शानदार।

**Supercargo-सुपर् - कार्गो -*n.*** merchant-ship officer in charge of cargo. (व्यापारिक जहाज में) जहाजी माल का अधीक्षक।

**Supercilious-सु'-पर् - सिल्' - इ-अस्-*adj.*** haughty, irritable, arrogant. घमंडी, चिड़चिड़ा, उद्धत।

**Superciliousness-सु'-पर्-सिल्- इ-अस्-नेस्-*n.*** arrogance, haughtiness. उद्धतता, घमंड, अभिमान।

**Supereminent-सु'-पर् - एँम्- इन्-एँन्ट्-*adj.*** eminent or excellent to surpassing degree. अति उत्तम, उत्कृष्ट।

**Supererogate-सु'-पर्-एर्'-रॅ'-गेट्-*v. t.*** to perform more than required. कर्त्तव्य, नियम आदि का आवश्यकता से अधिक पालन करना।

**Superficial-सु'-पर्-फ़िशल्-*adj.*** pertain-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


ing to surface, not profound. बाह्य, बाहरी, छिछला (ज्ञान, जाँच आदि)।

**Superficiality**-सु'-पर्-फ़ि-सलिटि-*n.* superficialness. बाह्यता, अल्पज्ञता।

**Superficies**-सु' - पर् - फ़िश् - ईज़्-*n.* external surface. बाहरी तल।

**Superfine**-सु'-पर्-फ़ाइन् - *adj* extremely fine. अति उत्तम, बहुत बारीक या महीन (वस्त्र)।

**Superfluity**-सु'-पर्- फ़्लू'-इ-इ-*n.* something in excess. फालतू अंश, आवश्यकता से अधिक मात्रा।

**Superfluous**-सु'-पर्-फ़्लू'-अस्-*adj.* more than necessary, unnecessary, useless. आवश्यकता से अधिक, अपेक्षाधिक, अनावश्यक, व्यर्थ, फालतू।

**Superheat**-सु'-पर्-हीट्-*v. t.* to heat to very high temperature. बहुत गरम करना।

**Superhuman**-सु'-पर् - ह्यू'-मन्-*adj.* beyond human power. मनुष्य की शक्ति से परे, अलौकिक, दैवी।

**Superintend**-सु'-पर् - इन्- टेंन्ह्'-*v. t.* to control, to have charge of. देखभाल या प्रबंध करना, अधीक्षण करना।

**Superintendence,(-y)**-सु' -पर्-इन्-टेंन्ह्'-एन्स्, (-सि)-*ns.* management. प्रबन्ध, अधीक्षण।

**Superintendent**-सु'-पर्-इन् - टेंन्ह्'-ऐन्ट्-*n.* overseer, one who superintends work. अध्यक्ष, अधीक्षक।

**Superior**-सुपीरिअर्-*adj.* higher in place, rank or dignity, surpassing others. वरिष्ठ, उत्कृष्ट।

**Superiority**-सु - पीरिअरिटि-*n.* pre-eminence. वरिष्ठता, प्रधानता।

**Superlative**-सु-पर्ले टिव्-*adj.* supreme, denoting highest degree. सर्वोत्तम, उत्कृष्ट।

**Superlativeness**-सुपर्ले टिव्-नेस्-*n.* state of being superlative. अत्युत्तमता, उत्कृष्टता।

**Supermundane**-सु-पर् - मन् - डेन् - *adj.* above world. अलौकिक।

**Supernatural**-सु-पर् - नैच्-रल्-*adj.* not subject to natural laws, miraculous. प्रकृति से परे, अलौकिक, अद्भुत।

**Supernaturalism**-सु'-पर्-नैचु-रल्-इज़्म्-*n.* belief in divine revelation. दैवी शक्ति में विश्वास, दैववाद।

**Supernumerary**-सु'-पर्-न्यू- मर्-अरि-*adj.* exceeding usual numbers. औसत से अधिक संख्या का, अधिसंख्यक।

**Supernutrition**-सु' - पर् - न्यु'-ट्रिशन्-*n.* excessive nutrition. आवश्यकता से अधिक पोषण, अधिपोषण।

**Super-reward**-सु'-पर्-रे' - वार्ड्'-*v. t.* to reward to excess. अत्यधिक पारितोषिक देना।

**Super-royal**-सु'-पर्-रॉय्- अल्-*adj.* denoting size of paper measuring 27½ × 20½ inches. २७॥ इञ्च लम्बा और २०॥ इञ्च चौड़ा नापवाला (कागज)।

**Superscribe**-सु'-पर्-स्क्राइब्'-*v. t.* to write on top or outside of. ऊपर या बाहर लिखना।

**Supersede**-सु'-पर्-सीड्-*v. t.* to come in place of, to displace. (किसी का) स्थान या पद ग्रहण करना, (पद आदि से) अलग करना, विस्थित करना, अधिक्रमण करना।

**Supersensitive**-सु' - पर् - सेंन् - सि - टिव्-*adj.* exceedingly sensitive. बहुत नाजुक-मिजाज या मर्मग्राही।

**Superstition**-सु-पर् - स्टिशन् - *n.* unreasonable belief in supernatural ways, religion, etc. अन्धविश्वास, वहम।

**Superstitious**-सु'-पर्-स्टिश्-अस्-*adj.* addicted to superstition. अन्धविश्वासी, वहमी।


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Panini Kanya Maha Vidyalaya Siddhanta Kaumudi Collection.

**Supertax**-सुप्-पर्-टैक्स्-*n.* income-tax on large income. अत्यधिक आय पर लगनेवाला अतिरिक्त कर, अधिकर।

**Supervene**-सु'-पर्-व्रीन्-*v. i.* to happen unexpectedly. अकस्मात् घटित होना।

**Supervise**-सु-पर्-व्राइज़्'-*v. t.* to inspect, to control and manage. निरीक्षण या प्रबन्ध करना, परिवीक्षण करना।

**Supervision**-सु'-पर्-व्रिज़न्-*n.* act of supervising. प्रबन्ध, परिवीक्षण, निरीक्षण।

**Supervisor**-सु'-पर्-व्राइज़र्-*n.* inspector. निरीक्षक, पर्यवेक्षक, परिवीक्षक।

**Supplant**-सप्-प्लान्ट्'-*v. t.* to displace, to occupy place of. हटाना, (किसी का) स्थान या पद ग्रहण करना।

**Supple**-सप्'-पल्-*adj.* easily bent, yielding. लचीला, नमनशील।

**Supplement**-सप्लि-मेंन्ट्-*n.* addition to improve and complete. परिपूरक, पूरक, परिशिष्ट;-*v. t.* to add to. परिपूरण करना।

**Supplementary**-सप्लि - मेंन्ट्' - अरि-*adj.* added as or pertaining to supplement. परिपूरक, पूरक, परिशिष्ट।

**Suppliance**-सप्लायन्स्-*n.* supplication. विनीत निवेदन।

**Supplicate**-सप्'-प्लि-केट्'-*v. t.* to entreat. विनयपूर्वक प्रार्थना करना।

**Supplication**-सप्'-प्लि-के' - शन्-*n.* entreaty. विनीत प्रार्थना, अनुनय।

**Supply**-सप्-प्लाइ-*v. t.* (*p. t.* Supplied.) to provide, to fill deficiency. पूर्ति या संभरण करना, कमी पूरा करना; -*n.* act of supplying necessary stores, etc. आवश्यक सामग्रियों का संभरण या पूर्ति।

**Support**-सप्-पोर्ट्-*v. t.* to uphold, to help, to maintain, to speak on behalf of, to endure. सँभालना, सहायता देना, पालन या निर्वाह करना, समर्थन करना, अनुमोदन, टेक, आश्रय, अवलंबन, सहारा, निर्वाह; To support a motion (to uphold resolution.) प्रस्ताव का अनुमोदन या समर्थन करना; To support oneself (to maintain one's life.) निर्वाह करना, जीविका चलाना।

**Supporter**-सप्-पोर्ट्'-अर्-*n.* he, who or that which supports. संपालक, समर्थक, सहायक, संभालनेवाला, निर्वाह करनेवाला, अवलंब देनेवाला।

**Supposable**-सप्-पोज़्' - ऍ-ब्ल्-*adj.* that may be supposed. अनुमान या कल्पना करने योग्य।

**Suppose**-सप्-पोज़्'-*v. t. & i.* to imagine, to assume, to presume. मान लेना; (उप) कल्पना करना।

**Supposition**-सप्-पोज़्'-ज़्यू' - अन्-*n.* imagining, conjecture. अनुमान, (उप)-कल्पना।

**Suppository**-सपो'-ज़िटॅरि-*n.* cone of medical tool with pipe introduced into rectum for procuring evacuation. वस्ति या वर्ति, औषधि की वत्ती जो पाखाना होने के लिये गुदा में चढ़ाई जाती है।

**Suppress**-सप्'-प्रेस्-*v. t.* to quell, to check, to conceal, to withhold. शमन करना, रोकना, छिपाना, दमन करना।

**Suppression**-सप्-प्रेश्-अन्-*n.* act of suppressing. दमन, शमन, छिपाव, गोपन।

**Suppurate**-सप्यूरेट्-*v. i.* to form pus. (घाव का) पकना, पीव पड़ना।

**Supra**-सू-प्रा-*pref.* in sense of "above", beyond". "अधि, ऊपरी या परे" के अर्थ का उपसर्ग।

**Supremacy**-सु-प्रेम्'-सी - सि-*n.* highest authority. परम सत्ता या उत्कर्ष।

**Supreme**-सु-प्रीम्-*adj.* highest in autho-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Surrity, absolute.** परम, सर्वोच्च; **Supreme Being (God.)** परमेश्वर।

**Sur-सर्-*pref.*** in sense of 'over'. 'अधि', 'अधिक' के अर्थ का उपसर्ग।

**Sural-सू'-रल्-*adj.*** pertaining to calf of leg. पैर की नली का।

**Surbate-सर्बेट्-*v. t.*** to fatigue by walking. (चलते-चलाते) थक(ा)ना।

**Surcharge-सर्-चार्ज'-*n.*** excessive load or burden, overcharge. परिमाण से अधिक बोझ, अधिभार, अधिकर; -***v.t.*** to subject to surcharge. अधिभार, अधिकर आदि लगाना।

**Surcingle-सर्'-सिङ्ग्-गल्-*n.*** band or girdle over saddle to fasten it. काठी बाँधने की पट्टी।

**Surcoat-सर्'-कोट्-*n.*** coat worn over armour. कवच के ऊपर पहिनने का चोगा या कोट।

**Surd-सर्ड्-*n. & adj.*** irrational quantity, uttered with breath. गणित में करणी, केवल श्वास से उच्चारण किया हुआ, श्वासोच्चारित वर्ण।

**Sure-शुअर्-*adj.*** certain, secure, safe. निश्चित, अवश्य; **To be sure (surely.)** अवश्य, निस्सन्देह; **To make sure (to make certain.)** निश्चय या निश्चित करना।

**Surely-शुअर्-लि-*adv.*** certainly. अवश्य, निस्सन्देह।

**Surf-सर्फ़्-*n.*** wave beating against rocks. तटवर्ती-चट्टानों से टकरानेवाली लहर, तरंग।

**Surface-सर्-फ़ेस्-*n.*** outside part or appearance. सतह, ऊपरी तल।

**Surface-gauge-सर्-फ़ेस्-गेज्-*n.*** implement to ascertain planeness of planks, etc. पटरे इत्यादि का चौरस या समतल पृष्ठ जाँचने का यन्त्र।

**Surfeit-सर्'-फ़ट्-*n.*** excessive eating and drinking. अतिभोजन, अतिपान; -***v. t.*** to take too much of anything, to overfeed. अतिभोजन करना।

**Surge-सर्ज्-*n.*** great wave. बड़ी लहर, महोर्मि; -***v. i.*** to swell, to heave. लहर उठना, (समुद्र आदि का) उमड़ना।

**Surgeon-सर्जन्-*n.*** one who heals by surgical operations. शल्य-चिकित्सक; **Surgeon-dentist** (dental surgeon.) दाँतों का शल्य-चिकित्सक।

**Surgery-सर्जरि-*n.*** science and art of surgeon. शल्य-विद्या या चिकित्सा।

**Surgical-सर्'-जि-कल्-*adj.*** pertaining to surgery. शल्य-चिकित्सा सम्बन्धी।

**Suricate-स्यू'-रि-केट्-*n.*** kind of polecat. एक प्रकार का नेवला।

**Surliness-सर्-लि'-नेस्-*n.*** quality of being surly. अशिष्टता, रूक्षता।

**Surly-सर्-लि'-*adj.*** gloomy, morose, rough. खिन्न, कर्कश, रूक्ष, अशिष्ट।

**Surmise-सर्'-मीइज़्-*n.*** guess. अंदाजा, अटकल; -***v. t.*** (-माइज़्') to infer doubtfully. अंदाजा या अटकल लगाना।

**Surmount-सर्-माउन्ट्'-*v. t.*** to conquer, to mount above. (कष्ट, बाधाएँ आदि) पर विजय पाना या पार करना।

**Surmountable-सर्-माउन्ट्'-ऍ-बल्-*adj.*** conquerable. जीतने या पार पाने योग्य।

**Surname-सर्-नेम्'-*n.*** one's family name. उपनाम, कुलनाम; -***v. t.*** to apply surname. कुलनाम या उपनाम रखना या होना।

**Surpass-सर्-पास्'-*v. t.*** to exceed, to go beyond others. औरों से बढ़-चढ़ कर होना, मात करना।

**Surpassable-सर्-पास्'-ऍ-बल्-*adj.*** that may be exceeded. (गुण, महानता आदि में) अतिक्रमणीय, अतिक्रम्य।

**Surplice-सर्-प्लिस्-*n.*** white overgarment worn by cleargymen. पादरियों


CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का सफेद लंबा जामा।

**Surplus-सर्-प्लस्-***n. & adj.* (quantity) which exceeds beyond what is needed. वचत, बढ़ोतरी, अतिरिक्त, अधिशेष।

**Surprise-सर्-प्राइज़्-***v. t.* to astonish, to take unawares. चकित करना, अचानक धावा करना; *-n.* something unexpected, astonishment. अचरज, आश्चर्य, अचंभा, आकस्मिकता।

**Surprising-सर्-प्राइज़्'** - इङ्ग्-*adj.* exciting wonder. आश्चर्यजनक।

**Surrender-सर्-रेंन्'-डर्-***v. t. & i.* to deliver up, to hand oneself over, to resign. आत्मसमर्पण करना, वशता स्वीकार करना,(हक, अधिकार आदि) त्यागना; *-n.*act of surrendering. आत्म-समर्पण, अधिकार-त्याग।

**Surreptitious-सर्-रेप्'-टिश्'** - अस् - *adj.* done or obtained by stealth or fraud. छल या चोरी से प्राप्त या किया हुआ।

**Surrogate-** सर् - रो - गेट् - *n.* bishop's deputy. उप-प्रधान विशप।

**Surround-सर्-राउन्ड्-***v. t.* to enclose on all sides. चारों ओर से घेरना, आवेष्टित करना।

**Surroundings-सर्-राउन्ड्'** - इङ्ग्ज़्-*n. pl.* environments. परिस्थितियाँ।

**Surtax-सर्-टैक्स्-***n.* additional tax. अतिरिक्त कर, अतिकर।

**Surveillance-सर्-वेलेन्स्-***n.* close watching. निगरानी, निरीक्षण।

**Survey-सर्-व्-***v. t.* ( *p. t.* Surveyed.) to examine, to superintend, to measure extent of lands. परीक्षण या जाँच-पड़ताल करना, अधीक्षण करना, भूमि की माप या पैमाइश करना; *-n.*examination, extensive land measurement. परीक्षण, भूमि-माप, सर्वेक्षण।

**Surveyor-सर्-व्'-अर्-***n.* one who makes survey. भूमि-परिमापक, सर्वेक्षक।

**Survival-सर्-व्राइव्'-अल्-***n.*living beyond life of another. अनि-जीवन, उत्तरजीविता।

**Survive-सर्-व्राइव्-***v. t.* to continue to live, to live beyond life of. बचा या जीवित रहना (उत्तराधिकारी के रूप में), उत्तरजीवी होना।

**Survivor-सर्-व्राइव्** - अर्-*n.* one who outlives another. अतिजीवी, उत्तरजीवी।

**Susceptibility-सस्-सेप्'-टि-विल्'-इट्-इ-***n.* capable of being influenced. प्रभावशीलता, सुग्राहिता।

**Susceptible-सस्-सेप्'-टि-यल्-***adj.* easily affected. सुग्राही, प्रभावशील।

**Suspect-सस्-पेक्ट्'-***v. t.* to believe to be guilty, to mistrust. शंका या सन्देह करना, शुबहा या अविश्वास करना।

**Suspend-सस्-पेन्ड्'-***v. t.* to hang up, to delay, to stop for sometime, to keep in undecided condition, to stop payment. झूलना, लटकाना, कुछ काल तक रोक रखना, निलंबित करना, असमंजस में रखना, मुअत्तल करना, भुगतान रोकना।

**Suspense-सस्** - पेन्स्-*n.* uncertainty, anxiety. अनिश्चय, उद्विग्नता, असमंजस।

**Suspension-सस-पेन्'** - शन्-*n.* delay, postponement. निलंबन, मुअत्तली।

**Suspension-bridge-सस** - पेन्'-शन्-ब्रिज *-n.* hanging bridge. झूला पुल।

**Suspicion-सस्-पिश्'** - अन्-*n.* mistrust, doubt of evil. शंका, संदेह।

**Suspicious-सस्-पिश्'** - अश्-*adj.* full of suspicion, शंकायुक्त, संदिग्ध।

**Sustain-सस-टेन्'-***v. t.* to support, to endure, to prove true, to keep alive, to encourage. सँभालना, टिका या कायम रहना, सिद्ध या साबित करना, जीवित रखना, उत्साह देना।

**Sustenance-सस्टिन्'-नेन्स्-***n.* support, food, सहारा, निर्वाह, आहार।

**Suzerain-सूज़रन्-***n.* overlord. राजाधि-



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राज, अधिराज।

**Suzerainty-सूज़ेरॅन्टि-*n.*** dominion of suzerain. अधिराज्य, अधिराजत्व।

**Svelte-स्वेल्ट्-*adj.*** lithesome, slender. कोमल-शरीर, सुडौल व कमनीय (रूप, गठन आदि)।

**Swab-स्वॉब्-*n.*** mop for cleaning floor or deck. झाड़ू, बुहारी।

**Swaddle-स्वॉड्-डल्-*v. t.*** to put bandage round body of infant. बच्चे के शरीर को वस्त्र से लपेटना; -*n.* swaddling clothes. शिशु के लपेटने के वस्त्र।

**Swagger-स्वैग्'-गर्-*v. i.*** to talk or walk boastfully. अकड़कर बोलना या चलना; -*n.* bragging. शेखी; -*adj.* showy. बना-ठना, टीप-टापवाला।

**Swain-स्वेन्-*n.*** countryman, lover. ग्रामीण, देहाती, प्रेमी।

**Swallow-स्वाल्'-लो-*n.*** migratory bird. अबाबील चिड़िया; -*v. t.* to consume, to engulf. निगलना, घोंट जाना; -*n.* act of swallowing. घूंट, ग्रास; **One swallow does not make summer** (Isolated example does not prove rule.) एक उदाहरण से कोई नियम सिद्ध नहीं होता।

**Swam-स्वैम्-*v., p. t.*** of Swim.

**Swamp-स्वॉम्प्-*n.*** marsh. दलदल; -*v. t.* to flood with water, to sink, to overwhelm. जलमग्न करना, डुबाना, व्याकुल करना।

**Swampy-स्वॉम्पि-*adj.*** boggy. दलदली।

**Swan-स्वॉन्-*n.*** beautiful webfooted white aquatic bird. राजहंस।

**Swap-स्वॉप्-*n.*** blow, exchange. चोट, आघात, विनिमय; -*v. t.* to exchange. अदल-बदल या विनिमय करना।

**Sward-स्वॉर्ड्-*n.*** turf, grassland. तृण-भूमि, घास का मैदान।

**Swarm-स्वॉर्म्-*n.*** large number of bees, birds, small animals, etc. मधुमक्खियों, आदि का झुण्ड या समूह; -*v. t.* to throng together, to congregate. झुंड में इकट्ठा होना, भीड़ मचाना।

**Swarthy-स्वॉर्थि-*adj.*** dark-skinned. काले बदन (रूप-रंग) का।

**Washer-स्वॉशर्-*n.*** one who blusters. डींग मारनेवाला व्यक्ति।

**Swath-स्वॉथ्-*n.*** line of cut grass or corn. कटी हुई घास या अनाज की पंक्ति।

**Swathe-स्वेद्-*v. t.*** to bandage, to wrap. पट्टी बांधना या लपेटना; -*n.* bandage wound about. लपेटा हुआ कपड़ा या पट्टी।

**Sway-स्वे-*v. t. & i.*** (*p. t. & p. p.* Swayed.) to swing, to incline, to influence, to govern. झूमना या झुमाना, प्रभाव डालना, शासन करना; -*n.* rule, swaying motion. शासन, झूम, दोलन।

**Swear-स्वेअर्-*v. t. & i.*** (*p. t.* Swore, *p. p.* Sworn.) to take oath, to affirm on solemn declaration. शपथ लेना या दिलाना, शपथपूर्वक कहना।

**Sweat-स्वेट्-*n.*** perspiration, hard labour. पसीना, कठिन परिश्रम; -*v t.* to perspire, to labour. पसीना निकलना, कठिन परिश्रम करना; **By the sweat of one's brow(b)** dint of hard labour.) कठिन परिश्रम से।

**Sweater-स्वेट्'-टर्-*n.*** that which causes sweat, knitted woollen jersey. पसीना उत्पन्न करनेवाला, स्वेदक, ऊनी बनियाइन।

**Sweep-स्वीप्-*v. t. & i.*** (*p. t. & p. p.* Swept.) to clean with broom or brush, to carry with swift circling motion, to pass swiftly. झाड़ना, झपट कर ले भागना (बाज या चील का), वेग से बहना, दौड़ना आदि; -*n.* act of sweeping, one who sweeps chimneys, range, curve. झाड़ू देने की क्रिया, धुआंकश साफ करनेवाला, क्षेत्र, मोड़, घुमाव।



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

**Sweeper-स्वीप्'-अर्-*n.* one who sweeps.** झाड़ू देनेवाला, भंगी।

**Sweepings-स्वीप्'-इङ्गज्-*n. pl.* rubbish.** कूड़ा-करकट, बटोरन।

**Sweepstake-स्वीप्' - स्टेक्-*n.* form of gambling on horse-races.** बुइदौड़ का जुआ।

**Sweet-स्वीट्-*adj.* tasting like sugar or honey, beautiful, charming, affectionate.** मधुर, मीठा, सुगंधित, सुन्दर, ललित, प्रिय; **-*n.* (*pl.*) sweetmeat, pleasures** मौज, आनंद; **According to one's sweet will (as one pleases.)** स्वेच्छानुसार; **Sweet-heart (lover.)** प्रेमी या प्रेमिका।

**Sweeten-स्वीट्'-न्-*v. t.* to make sweet.** मधुर या मीठा करना।

**Sweetmeat-स्वीट्' - मीट् - *n.* confectionary, fruit preserved in sugar.** मिठाई, मुरब्बा।

**Swell-स्वेल्-*v. t. & i.* (*p. t.* Swelled, *p. p.* Swelled *or* Swollen.)** to become larger, to increase, to expand, to be puffed up. फूलना या फुलाना, बढ़ना या बढ़ाना, हवा से भरना; **-*n.*** increase in volume, succession of waves. सूजन, उभाड़, बाढ़, लहरों का उमड़ना।

**Swellish-स्वेलिश्-*adj.*** foppish. शौकीन।

**Swelter-स्वेल्'-टर्-*v. t. & i.*** to faint with heat. गरमी या पसीने से व्याकुल होना।

**Sweltering-स्वेल्-टर्-इङ्ग्-*adj.*** hot. उमस-वाला गरम (मौसम)।

**Sweltry-स्वेल्टि-*adj.*** sultry. उमसता हुआ (वायु-मंडल)।

**Swept-स्वेप्ट्-*p. t. & p. p.* of Sweep.**

**Swerve-स्वर्व्-*v. t. & i.*** to turn aside, to deviate. (मार्ग से) हटाना या हटना।

**Swift-स्विफ्ट् - *adj.*** rapid, passing quickly. तेज, शीघ्रगामी, वेगवान्; **Swift-footed (walking fast.)** वेग से चलनेवाला; **Swift-handed (quick in doing work.)** शीघ्रता से काम करनेवाला।

**Swiftly-स्विफ्ट्'-लि-*adv.*** in swift manner. वेग से, तेज।

**Swiftness-स्विफ्ट्'-नेस्-*n.*** rapid motion. शीघ्रता, तेजी।

